जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, सोमवार 15 अप्रेल, 2024




कम ब्याज दर 9.99%* से शुरू | Hero GoodLife अतिरिक्त कैश डिस्काउंट ₹2000˜ तक | INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* | 6000^^ km OR 6 Months Service interval | टोल फ्री 1800 266 0018 | Hero FINCORP | IDFC FIRST Bank

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **As per the cumulative dispatch number till March 2023. #Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2022 - Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market (CY22). ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. *Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only. ˜On successful redemption of Hero GoodLife Sales Voucher. Offer valid for eligible Hero GoodLife Members only. For more details, please visit your nearest authorised Hero outlet. ^^Terms and Conditions apply. ˇStarting price of HF Deluxe Drum Brake Kick Start in Jaipur.

**अधिकृत डीलर:** जयपुर: सूर्या हीरो, सीकर रोड़, लेन नं. 8, वीकेआईए, 9289922901, सुप्रीम हीरो, गोविन्द मार्ग, राजापार्क, 9289922197, आकड़ हीरो, अजमेर रोड़, 9289922192, शुभम हीरो, सहकार मार्ग, 9289922207, कोटपूतली: चौधरी हीरो, 9289922797, **अधिकृत सर्विस प्वाइंट:** जयपुर: सुपर मोटर्स, 8824088678, मानसरोवर: आर.एल. मोटर्स, 9579258884, जगतपुरा: टीनिटी मोटर्स, 8003088062, झोटवाड़ा: बीपीएस मोटर्स, 9314048181, सिरसी रोड़ मीनावाला: रजत स्पीड जोन, 9261499995, बगरू: लाम्बा मोटर्स, 97728 81888, भांकरोटा: हरितवाल ऑटोमोबाइल्स, 9314013185, चाकसू: नाकोडा ऑटोमोबाइल, 9950560918, बस्सी: वरधानी ऑटोमोबाइल्स, 9414312552, दूदू: श्री गणेश ऑटोमोबाइल्स, 9352727667, शाहपुरा: सत्यम मोटर्स, 8104361919, हरमाड़ा: बी.एल. ऑटोमोबाईल्स, 9314050594, फुलेरा: अग्रवाल ऑटोमोबाइल्स, 9414818930, जमवा रामगढ़: उदय ऑटोमोबाइल्स, 9828090676, जोबनेर: केशव ऑटोमोबाईल्स, 8769505565, पावटा: पंकज मोटर्स, 96104 26700, कानोता: के.पी. ऑटोमोबाइल्स, 9414228404, मनोहरपुर: श्री कृष्णा मोटर्स, 8560000816, 9414643816.

## विचार बिन्दु

निरंतर विकास जीवन का एक नियम है। और जो भी व्यक्ति खुद को सही दिखाने के लिए अपनी रूढ़िवादिता को बरकरार रखने की कोशिश करता है वो खुद को एक गलत स्थिति में पंहुचा देता है। –महात्मा गांधी

# खान-पान की बदलती आदतें

पिछले कुछ बरसों में भारतीयों के खान–पान की रुचियों, प्राथमिकताओं और तौर–तरीकों में भारी बदलाव देखे गए हैं। एक समय था जब खान–पान के मामले में भारतीयों की रुचियां बहुत सीमित थीं, घर से बाहर खाना बुरा समझा जाता था, यात्रा वगैरह में भी लोग घर के बने खाने पर ही निर्भर रहना पसंद करते थे, सामान्य ही नहीं औत्सविक खाने में भी ज़्यादा वैविध्य देखने को नहीं मिलता था, और ज़्यादातर लोग खाने के मामले में प्रयोगशील होने की बजाय परंपरा से जुड़े रहना पसंद करते थे। शादी जैसे अवसरों पर भी न तो मिठाई में अधिक वैविध्य होता था न रोटी सब्ज़ी में। लोग सीमित में सुखी थे। लेकिन इधर यह सारा परिदृश्य बहुत तेज़ी से बदला है।

अब हमारे भोजन की रुचियां बहुत ज़्यादा बदल गई हैं और बहुत मज़े की बात यह कि वे जितनी अधिक वैश्विक हैं, उतनी ही तेज़ी से उनमें क्षेत्रीय और स्थानीय रंग भी घुलते जा रहे हैं। मतलब यह कि हम एक साथ ग्लोबल और लोकल दोनों हो रहे हैं। इसी तरह एक विरोधाभास यह है कि एक तरफ तो खाने और सेहत के पारस्परिक रिश्तों को लेकर हम बहुत ज़्यादा जागरूक होते जा रहे हैं वहीं दूसरी तरफ फास्ट फूड का चलन बहुत तेज़ी से बढ़ता जा रहा है। सेहत की फ़िक्र के बावज़ूद उसे हानि पहुंचाने वाली चीज़ों का पहले से कहीं ज़्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसा ही एक विरोधाभास यह भी है कि जहां स्वास्थ्य विषयक कारणों से शाकाहार और वीगन भोजन का चलन बढ़ा है वहीं दूसरी तरफ स्वास्थ्य विषयक कारणों से (भी) अंडों और मांसाहार का उपयोग भी पहले से ज़्यादा होने लगा है।

इन सारे बदलावों के मूल में दो–तीन बड़ी बातें हैं। एक बात तो यह कि समाज में एक वर्ग ऐसा उभरा है जो अपने खान–पान पर न केवल पहले से कहीं ज़्यादा खर्च करने में समर्थ है और ऐसा करने के लिए तत्पर है, अपनी शिक्षा–दीक्षा और तकनीक के फैलाव से उत्पन्न प्रभावों के कारण वह शेष विश्व की खान–पान विषयक गतिविधियों, रुझानों और फैशनों से भी परिचित है और उनका अनुकरण करने में खुशी का अनुभव करता है। सामान्य मध्यमवर्गीय भारतीय भी आज दुनिया भर के व्यंजनों के बारे में न केवल जानता है वह उनको चखने और अपने दैनंदिन भोजन में शामिल करने में प्रसन्नता का अनुभव करता है।

इधर भारतीयों में पति–पत्नी दोनों के काम करने की प्रवृत्ति के विस्तार और काम के घण्टों मंय बढ़ोतरी का एक परिणाम यह भी हुआ है कि घर से बाहर का खाना केवल शौक न रहकर मज़बूरी भी बन गया है। पति पत्नी दोनों अगर दफ्तर में अत्यधिक व्यस्त रहकर रात नौ–दस बजे घर लौटें तो उनके लिए घर पर खाना बनाना बहुत कठिन होता है। तब या तो वे दो मिनिट में तैयार हो जाने वाली मैगी, ब्रेड या रेडी टू ईट फूड से अपना पेट भरते हैं या फिर बाहर से खाना मंगवा कर अपनी क्षुधा शांत करते हैं। यह आकस्मिक नहीं है कि शहरों में ही नहीं छोटे कस्बों तक में स्विगी और ज़ोमैटो जैसी सेवाएं बहुत तेज़ी से लोकप्रिय होती जा रही हैं। ये केवल विलासिता न रहकर कामकाज़ी युगल के लिए जीवन रेखा बन कर उभरी हैं। इन सेवाओं का चौबीसों घण्टे उपलब्ध रहना बहुतों के लिए बहुत बड़ी नेमत है।

भारतीय खाद्य सामठाी और इससे जुड़ी अन्यान्य गतिविधियों के बाज़ार में बहुत तेज़ी से विस्तार हुआ है। बाज़ार नई–नई चीज़ों से भरा है, विज्ञापन उनके प्रयोग के लिए आकर्षित करते हैं और तकनीक के इस्तेमाल तथा पहले से कहीं अधिक होने वाली देशी–विदेशी यात्राओं की वजह से हासिल एक्सपोज़र के कारण लोग उन सबका प्रयोग करने के लिए उत्सुक हो उठे हैं। हर शहर में नए–नए रेस्तरां खुलते जा रहे हैं और वे पाक विधियों को लेकर प्रयोग करने में भी पीछे नहीं हैं। न केवल क्षेत्रीय, देशी और विदेशी पकवान अब पहले की तुलना में अधिक सहजता से सुलभ होने लगे हैं, बहुत सारे लुप्त प्रायः क्षेत्रीय व्यंजन फिर से चलन में आए हैं और उनकी स्वीकार्यता बढ़ी है। पंजाब का छोला भटूरा, राजस्थान की दाल–बाटी और दक्षिण के इडली डोसा अब आंचलिक व्यंजन न रहकर राष्ट्रीय व्यंजन बन चुके हैं। चीनी, थाई, मेक्सिकन, इटैलियन, जापानी आदि व्यंजनों को हम ऐसे अपना चुके हैं जैसे वे हमारे अपने ही हों। पाक कला में खूब सारे प्रयोग भी हो रहे हैं, भले ही उनमें से बहुत सारे प्रयोग हमें अटपटे लगें। फ्यूज़न फूड के साथ–साथ विभिन्न तकनीकों से आकर्षक बनाए पकवान अब अजूबा नहीं रह गए हैं।

> **वह पीढ़ी अब लुप्त प्रायः है जो किसी शादी में जाकर चालीस पूड़ियां और पचास गुलाब जामुन बहुत आसानी से उदरस्थ कर लेती थी। इसकी बजाय अब यह देखने को मिलता है कि लोग विवाह आदि में भी केवल सलाद खाकर या बिना चुपड़ी चपाती खाकर सुख का अनुभव करते हैं।**

यह बात बहुत रोचक लग सकती है कि भारतीय समाज में एक तरफ तो फास्ट फूड का चलन बहुत तेज़ी से बढ़ा है, और ख़ास तौर पर युवा पीढ़ी उसके मोह में बहुत गहरे डूबी है, इसी भारतीय समाज में अपनी सेहत को लेकर चिंता भी गम्भीर हुई है। सजग लोग वसा, शर्करा और नमक आदि से परहेज़ करने लगे हैं, कैलोरी की गणना करने लगे हैं, खाने में संयम बरतने लगे हैं। वह पीढ़ी अब लुप्त प्रायः है जो किसी शादी में जाकर चालीस पूड़ियां और पचास गुलाब जामुन बहुत आसानी से उदरस्थ कर लेती थी। इसकी बजाय अब यह देखने को मिलता है कि लोग विवाह आदि में भी केवल सलाद खाकर या बिना चुपड़ी चपाती खाकर सुख का अनुभव करते हैं। इधर संयुक्त राष्ट्र संघ की पहल पर मोटे अनाज़ (मिलेट्स) के उपयोग को भी खूब संबल मिला है। लोग अपनी खान–पान की आदतों में बदलाव करने को लेकर पहले जितने संकोची नहीं रह गए हैं। ऑर्गेनिक फूड का चलन भी खूब बढ़ा है। लोग इन बातों पर भी गहरा विचार करने लगे हैं कि कौन–सा तेल, कौन–सा चावल, कौन–सा आटा वगैरह खाना उनकी सेहत के लिए लाभप्रद या हानिप्रद है।

भारतीय समाज, विशेष रूप से उत्तर भारतीय समाज मुख्यतः शाकाहारी है। मांसाहार के प्रति उसमें नापसंदगी का भाव विद्यमान रहा है जो कई तरह से अभिव्यक्त भी होता रहा है। मेरा तो यह स्पष्ट मानना है कि खान–पान व्यक्तिगत रुचि का मामला है और उसमें अच्छा या बुरा, सही या ग़लत कुछ भी नहीं होता है। लेकिन इधर यह स्थिति भी बदलती जा रही है। लोग स्वास्थ्य विषयक सोच की वजह से, और इस वजह से भी कि वे स्वाद आदि की वजह से इस तरफ आकर्षित हो रहे हैं, अंडे और मांस खाने में वैसे संकोची नहीं रह गए हैं, जैसे वे पहले हुआ करते थे। इसे काफी हद तक सामाजिक स्वीकृति या कम से कम अनदेखी करने का लाभ भी मिलने लगा है। इसमें भी बहुत बड़ी भूमिका लोगों के बाहर जाने और अपनी परिधि से बाहर की दुनिया देखने की है। और बात केवल उन चीज़ों को खाने की ही नहीं है जिनको खाना निकट अतीत में बुरा माना जाता था, पेय पदार्थों के मामले में भी कमोबेश यही स्थिति है। एक समय वह भी था जब चाय तक पीना बुरा माना जाता था। पुरानी पीढ़ी के लोग तो आज भी गर्व से यह कहते हैं कि मैं तो चाय तक नहीं पीता। आज विभिन्न पेय पदार्थों (संकेत समझा जाए!) को लेकर भी एक खुलेपन का भाव नज़र आता है। परम सात्विक रुचि वाले परिवारों में भी पेय पदार्थों के उपयोग को लेकर वर्जनाएं टूटी हैं। जहां नहीं टूटी हैं वहां भी ये शिथिल तो हुई ही हैं। अब लोग इस बात की कम परवाह करते हैं कि कोई किसी पेय पदार्थ का उपयोग करताहै! जिन परिवारों में इस तरह के पदार्थों का उपयोग कल्पनातीत था, उनमें भी इन ने अपनी जगह बना ली है।

भारतीय समाज में जो सबसे बड़ा स्वागत योग्य परिवर्तन देखने में आ रहा है वह है धूम्रपान को लेकर। सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान लगभग समाप्त हो चुका है। वह समय बहुत पीछे का नहीं है जब रेलों में, बसों में, रेल्वे स्टेशनों पर, बस अड्डों पर, यहां तक कि शिक्षण संस्थाओं के आस–पास भी लोग खुले आम धूम्रपान करते थे। अब वह बीते ज़माने की बात है। अब अगर कोई धूम्रपान करता भी है तो या तो वह ख़ुद ही अलग जाकर करता है या फिर उसे निस्संकोच टोक दिया जाता है। इस बात का स्वागत किया जाना चाहिए। लेकिन इसी के साथ यह भी कि धूम्रपान भले ही विरल हो गया है, गुटखा आदि का चलन नहीं घटा है। यह भी कम दुखद नहीं है कि बड़े–बड़े सितारे भी उनका प्रचार करने में नहीं झिझकते हैं।

खान–पान की इन बदलती आदतों ने हमारी छवि को तो बेहतर बनाया ही है, इनसे देश की अर्थ व्यवस्था को भी बड़ा संबल मिला है।

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल,**
**(शिक्षाविद और साहित्यकार)**

# खजूर के बागों में "रेड प्लाम विविल" कीट फैलने से किसान चिंतित

## बागों में लगे बड़े-बड़े खजूर पेड़ों को ये कीट कुछ ही दिनों में चट कर जाते हैं

- बीकानेर से आई टीम ने खजूर के पौधों का उपचार कर राहत दी

**हनुमानगढ़,** (निसं)। बीते सालों में जिले के खजूर बागों में मीठे फल खूब लगते रहे हैं। इस बीच कुछ दिन पहले जिला मुख्यालय के नजदीक स्थित एक बाग में "रेड प्लाम विविल" कीट के फैलने से किसानों के होश उड़ गए हैं। बागे में लगे हाथी जैसे खजूर पेड़ों को उक्त कीट कुछ ही दिनों में चट कर जाते हैं।

संभावित नुकसान को देखते हुए सभी खजूर उत्पादक किसानों को विभाग की ओर से सतर्क कर दिया गया है। फिलहाल बीकानेर से आई टीम ने एक बार खजूर के पौधों का उपचार कर किसानों को राहत दी है। साथ ही हर पौधे का हर दिन निरीक्षण करके इसकी देखभाल करने की सलाह दी है। ताकि कीट का असर दोबारा नजर आने पर तत्काल उसे नियंत्रित किया जा सके।

जानकारी के अनुसार जिले में करीब आठ सौ बीघे में खजूर बाग लगे हैं। खजूर का पौधा बहुत कठोर जलवायु, कीट/ रोग रहित तथा कम गुणवत्ता की भूमि/ पानी में पनपने वाला होता है।

लेकिन खजूर में एक कीड़ा रेड प्लाम विविल तबाही मचा रहा है। जहां भी यह कीट फैलता है, वहां हाथी और चिंटी की कहानी को बयां करता है। यह कीट खजूर जैसे बड़े पेड़ को भी कुछ ही दिनों में चट कर जाता है और पेड़ धराशायी होकर गिर जाता है। इसी तरह का प्रकोप जिले में सतीपुरा के पास 49 एनजीसी में देखा गया है। इस बाग में करीब तीस प्रतिशत तक पौधों को नुकसान पहुंचने की बात अधिकारी कह रहे हैं। कृषि विभाग व उद्यान विभाग के अफसरों की माने तो उक्त कीट गुजरात व महाराष्ट्र में देखा जाता रहा है। इस बार राजस्थान के कुछ हिस्सों में इसका प्रकोप नजर आया है। लेकिन प्रारंभिक अवस्था में ही इसकी पहचान होने पर इसका नियंत्रण कर रहे हैं। ताकि खजूर बागों को अधिक नुकसान नहीं पहुंचे।



हनुमानगढ़ जिले में बागों में खजूर के पेड़।

जिले में जिस तरह से अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हो रही है, उसे देखते हुए खजूर की खेती सुरक्षित मानी जाती है। इस पर बरसात व तेज तापमान का ज्यादा असर नहीं होता है। रोग व कीड़े भी इसमें ज्यादा नहीं लगते। एक हैक्टेयर में कुल 156 पौधे लगते हैं। इसमें 148 मादा व आठ पौधे नर के लगते हैं। जिले में प्रति पौधा 80 किलो से 160 किलो तक उत्पादन हो रहा है। औसतन पचास से साठ रुपए प्रति किलो भाव रहते हैं। इस वक्त खजूर के पेड़ों पर फूल खिल गए हैं।

अगस्त तक फल तैयार होकर बाजार में आएंगे। गत बरसों में बंग्लादेश भी खजूर गया था।

दक्षिण के राज्यों में इसकी खूब मांग रहती है। कोरोना काल गुजरने के बाद अब यूरोपियन व खाड़ी देशों में खजूर की सप्लाई होने की उम्मीद है। थोक में करीब 70 रुपए प्रति किलो तक किसानों को इसके रेट मिल रहे हैं। जिले में लाल व पीले रंग के खजूर की खेती हो रही है।

बरही व खुलेजी किस्म के खजूर की खेती के लिए हनुमानगढ़ की आबोहवा को कृषि अधिकारी बेहद अनुकूल मान रहे हैं।

बीआर बाकोलिया, सहायक निदेशक, कृषि विभाग हनुमानगढ़ का कहना है कि जिले में खजूर की अच्छी खेती हो रही है। इस बार जिला मुख्यालय के नजदीक एक बाग में रेड प्लाम विविल कीट का प्रकोप देखा गया है। विभागीय टीम ने बाग का निरीक्षण करके पौधों को उपचारित कर दिया है। खजूर उत्पादक किसानों को सतर्क कर दिया गया है।

# हेला ख्याल संगीत दंगल में गायक मंडलियों ने राजनीतिक कटाक्ष किये

- विश्व प्रसिद्ध 274 वां हेला ख्याल संगीत दंगल का विधिवत समापन हुआ
- हेला ख्याल संगीत दंगल में करीब एक दर्जन गायक मंडलियों ने रचनायें पेश की
- गायक मंडलियों को प्रशस्ति पत्र देकर व साफा पहनाकर सम्मानित किया

**लालसोट,** (निसं)। उपखंड मुख्यालय स्थित जवाहरगंज सर्किल पर विश्व विख्यात हेला ख्याल संगीत दंगल में इस बार गायक मंडलियों ने देश–विदेश सहित स्थानीय स्तर पर हुई राजनीतिक उथल–पुथल सहित चल रहे चुनाव एवं सामाजिक व्यवस्थाओं में आई विकृतियों को खुद के शब्दों में पिरोकर बेहद शाही अंदाज में पेशकर वाहवाही लूटी। विश्व प्रसिद्ध 274 वां हेला ख्याल संगीत दंगल का रविवार सुबह विधिवत समापन हुआ। हेला ख्याल संगीत दंगल में करीब एक दर्जन गायक मंडलियों ने परंपरागत पौराणिक वाद्य यंत्रों के साथ अपनी गायकी के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। इस बार लोकसभा चुनाव होने के चलते गायक मंडलियों ने राजनीतिक व्यंग्य भी छोड़े एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के कथनी करने के अंतर को बताते हुए श्रोताओं के समक्ष खुद की प्रस्तुतियों को बेबाक तरीके से रखा।



लालसोट में हेला ख्याल संगीत दंगल में हजारों की तादात में जन समुदाय मौजूद रहा।

इस बार हेला ख्याल संगीत दंगल में गणेश मंडल लालसोट, देवनारायण मंडल सीतोड, शिव मंडल लालसोट लक्ष्मीनाथ मंडल लालसोट, हेला ख्याल मंडल रानीला, सैनी मंडल लालसोट, शर्मा मंडल रानीला, महाकाली मंडल लालसोट, चतुर्वेदी मंडल सायपुर, पारख मंडल लालसोट, बरनाला की गायक मंडली ने भाग लिया। वहीं गायक मंडलों ने देश में राजनीतिक, धार्मिक सहित कई बड़े घटनाक्रम व मुद्दों को लेकर पक्ष–विपक्ष पर कटाक्ष किए। वहीं हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। हेला ख्याल संगीत दंगल के समापन पर सभी गायक मंडलियों को प्रशस्ति पत्र देकर व साफा पहनाकर सम्मानित भी किया गया।

हेला ख्याल संगीत दंगल को लेकर गुरुवार को गणगौर की लालसोट में शाही सवारी निकाल गई। वहीं शुक्रवार को बूढी गणगौर की लालसोट शहर में शाही लवाजमे के साथ सवारी निकाली गई। वहीं गणगौर माता की प्रतिमा को जवाहर गंज सर्किल पर विराजमान करके उसके बाद से ही जवाहरगंज सर्किल पर विश्व प्रसिद्ध हेला ख्याल संगीत दंगल का आयोजन शुरू हो हुआ जो रविवार सुबह तक 36 घंटे तक यह हेला ख्याल संगीत दंगल जारी रहा। वहीं लालसोट में विश्व की गौरवशाली ऐतिहासिक परंपरा रही है। जिसमें हेला ख्याल संगीत दंगल को अलग पहचान मिली है। इस आयोजन में गायक मंडलीय वाद्य यंत्रों के साथ विभिन्न रचनाओं की अपनी गायकी के माध्यम से प्रस्तुतियां देती है। वहीं आसपास के जिलों से हजारों लोग इस संगीत दंगल को सुनने के लिए आते हैं। उनके लिए यहां पर टेंट, पानी सहित माकूल व्यवस्थाएं की जाती है।

विधायक रामबिलास मीणा ने कहा कि लालसोट की गौरवशाली परंपरा हेला ख्याल संगीत दंगल का आयोजन हुआ। जिसमें गायक मंडलियों ने रचनाओं की प्रस्तुतियां दीं। वहीं संगीत दंगल को सुनकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए। यह परंपरा 274 साल से लगातार चली आ रही है जो कि विश्व में ऐसी कहीं भी परंपरा नहीं है इसमें सभी समाज के लोग एक साथ बैठते हैं और इस आयोजन का आनंद लेते हैं। हेला ख्याल संगीत दंगल में पहुंचे बांदीकुई विधायक भागचंद टांकड़ा ने कहा कि मैं अब तक इस कार्यक्रम के बारे में सुना ही था कभी देखा नहीं था। आज पहली बार इस कार्यक्रम को देखने के लिए आया हूं और मैं तो यह चाहता हूं यह 274वां हेला ख्याल संगीत दंगल 2740 वर्ष से भी अधिक समय तक चलता रहे। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से ही सामाजिक समरसता बढ़ती है।

# प्रदेश में सरकारी स्कूलों में अध्यापकों करीब डेढ़ लाख पद रिक्त

- प्रधानाचार्य से लेकर तृतीय श्रेणी के शिक्षकों के पद रिक्त होने से व्यवस्थाएं चरमरा रही है
- कई उच्च माध्यमिक विद्यालयों में बिना व्याख्याता और वरिष्ठ अध्यापकों के विद्यार्थी लगातार दो सत्र से परीक्षाएं दे रहे हैं

**बीकानेर,** (निसं)। सरकारी स्कूलों की रीढ़ कहे जाने वाले अध्यापकों के प्रदेश में करीब डेढ़ लाख पद रिक्त पड़े हैं। इसके कारण बेरोजगार विद्यार्थी अपने भविष्य निर्माण को लेकर बाट जोह रहे हैं। प्रदेश के विद्यालयों में प्रधानाचार्य से लेकर तृतीय श्रेणी के शिक्षकों के पद रिक्त होने से विद्यालयों की व्यवस्थाएं चरमरा रही है। कई उच्च माध्यमिक विद्यालयों में बिना व्याख्याता और वरिष्ठ अध्यापकों के विद्यार्थी लगातार दो सत्र से परीक्षाएं दे रहे हैं।

शिक्षा विभाग के अनुसार श्रीगंगानगर–अनूपगढ़ जिले में प्रधानाचार्य, उप–प्राचार्य, व्याख्याता, वरिष्ठ अध्यापक व अध्यापक सहित अन्य पद लंबे समय से रिक्त चल रहे हैं। इसका प्रभाव शिक्षण कार्य पर पड़ रहा है। हालांकि तृतीय श्रेणी सहित कुछ शिक्षकों की चुनाव से पहले नियुक्तियां हुई थी। सरकार ने 2009–10 से आरटीई लागू करने के बाद भी इसके प्रावधान के अनुरूप रिक्त पदों को भरा नहीं जा रहा है और न ही अधिनियमों की पालना में पद सृजित किए जा रहे हैं। बेरोजगारी ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। इसी तरह सरकारी विद्यालयों में वर्ष दर वर्ष नामांकन भी बढ़ रहा है, लेकिन भर्तियां आती भी हैं, तो ऊंट के मुंह में जीरे की कहावत को चरितार्थ करती है। प्रशिक्षित बेरोजगार दर–दर की ठोकरे खा रहे हैं।

दर्शन कंबोज, शिक्षक नेता, प्राथमिक माध्यमिक शिक्षक संघ, श्रीगंगानगर ने बताया कि सभी संवर्गों में विभागीय पदोन्नति और सीधी भर्ती से रिक्त शैक्षणिक पदों को अविलम्ब भरना चाहिए। अभिभावकों और विद्यार्थियों में सरकारी विद्यालयों के प्रति जो रूझान बना है, वह दीर्घकालीन बना रह सके। पद भरे होने से नामांकन में वृद्धि होगी।

चेतन प्रकाश सैनी, उपाध्यक्ष, राज. विशेष शिक्षक संघ, श्रीगंगानगर ने बताया कि शिक्षा विभाग में समय पर पदोन्नतियां नहीं होने से विद्यालयों में विशेषकर व्याख्याता और वरिष्ठ अध्यापकों के पद रिक्त हैं। इससे न केवल शैक्षणिक कार्य बाधित हो रहे हैं। बल्कि परीक्षा परिणाम भी गुणात्मक दृष्टि से प्रभावित हो रहे हैं।

पन्नालाल कड़ेला, सीडीइओ, शिक्षा विभाग, श्रीगंगानगर का कहना है कि वर्तमान में लोकसभा का चुनाव चल रहा है और आचार संहिता लगी हुई है। इस कारण शिक्षा विभाग में रिक्त पड़े पदों पर पदोन्नतियां व विद्यालयों में खाली पदों पर नियुक्तियां नहीं की जा रही है। चुनाव के बाद ही निदेशालय स्तर पर इसको लेकर विभाग कार्रवाई करेगा।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 15 अप्रेल, 2024**

चैत्र मास, शुक्ल पक्ष, सप्तमी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2081, पुनर्वसु नक्षत्र रात्रि 3:05 तक, सुकर्मा योग रात्रि 11:08 तक, वणिज करण दिन 12:12 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 8:39 से कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–मेष, चन्द्रमा–मिथुन, मंगल–कुम्भ, बुध–मीन, गुरू–मेष, शुक्र–मीन, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग रात्रि 3:05 से सूर्योदय तक है। भद्रा दिन 11:12 से रात्रि 12:48 तक रहेगी। आज से दुर्गा पूजा आरम्भ (बंगाल में), जैन ओली आरम्भ होगी।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** अमृत सूर्योदय से 7:42 तक, शुभ 9:17 से 10:52 तक, चर 2:02 से 3:37 तक, लाभ–अमृत 3:37 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:07, सूर्यास्त 6:47

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। आर्थिक मामलों में संतुलन बन रहेगा। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी बनी रहेगी। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखें। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

**मिथुन**
व्यावसायिक आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों का विस्तार हो सकता है। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**कर्क**
व्यक्तिगत प्रयासों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। पारिवारिक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है। पारिवारिक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

**सिंह**
आर्थिक वित्तिय मामलों में संतुलन बन रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**तुला**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आज शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं।

**धनु**
परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर**
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। व्यावसायिक सफलता से मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मीन**
घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 253 प्रभात जयपुर, सोमवार 15 अप्रेल, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**IAF in the Burma Campaign**

Arjan Singh was the first to attack the Japanese, who had actually arrived on the outskirts of Imphal. He and his boys were the heroes of Imphal.

**How to Pop Your Ears on a Plane**

It's very common to get that 'ear fullness' when on planes because of the change in air pressure.

# ईरान ने इज़राइल पर 150 मिसाइल और 200 ड्रोन हमले किये

## ईरान ने हमलों के बाद दावा किया कि, यह इज़राइल के अपराधों की सजा है

- **दरअसल, पिछले दिनों सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर एक हमले में ईरानी सैन्य कमांडरों की मौत हो गई थी। इस हमले का आरोप इज़राइल पर लगा, जबकि, इज़राइल ने इसे मानने से इनकार कर दिया था। तब ईरान ने धमकी दी थी कि वह इसका बदला लेगा।**
- **अमेरिका ने दावा किया है कि, ईरान के हमलों से इज़राइल को कोई नुकसान नहीं पहुँचा है, हमने मिलकर सारे हमले विफल कर दिये।**

तेल अवीव, 14 अप्रेल। ईरान ने इज़राइल पर रविवार को ड्रोन और मिसाइलों से जोरदार हमले किये हैं। इस घटनाक्रम ने पूरी दुनिया को एक बार फिर अलर्ट मोड पर ला दिया है। ईरान ने इस हमले को "ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस" नाम दिया है। ईरान का कहना है कि, यह हमला इज़राइल के अपराधों की सजा है। दरअसल सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर एक हमले में ईरानी सैन्य कमांडरों की मौत हो गई थी।

हमले का आरोप इज़राइल पर लगा, जबकि उसने इसे मानने से इनकार कर दिया। तब ईरान ने धमकी दी थी कि, वह इसका बदला लेगा। अमेरिका भी कह चुका था कि, ईरान जल्द से जल्द हमला कर सकता है।

ईरान ने शनिवार-रविवार की आधी रात में इज़राइल पर 150 क्रूज मिसाइल और 200 ड्रोन से हमला किया। इज़राइल के पलटवार का भी ईरान को डर है, जिस कारण उसने दूसरे देशों को धमकी दी है। ईरान ने कहा है कि, अगर कोई भी देश इज़राइल को हमले के लिए अपना एयरस्पेस देता है, तो ईरान उसे भी निशाना बनाएगा। ड्रोन की स्पीड क्योंकि मिसाइलों से कम होती है, जिस कारण उन्हें इज़राइल तक पहुंचने में समय लग रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी सेना इज़राइल को निशाना बनाकर लॉन्च किए गए ईरानी ड्रोन को मार गिरा रही है। इज़राइल का आयरन ड्रोन डिफेंस सिस्टम भी एक्टिव हो गया है जो ज्यादातर हमलों को नाकाम कर रहा है।

ईरान का यह हमला अचानक से नहीं हुआ है। अमेरिका, इज़राइल ने पहले ही हमले का अनुमान लगा लिया था। अमेरिकी सेना पहले से ही अलर्ट पर थी। उसने अपने दो युद्धपोत इज़राइल की सुरक्षा में तैनात किए थे। हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने सुरक्षा अधिकारियों के साथ मीटिंग की। इसके अलावा उन्होंने नेतन्याहू से भी फोन पर बात की है। बाइडन ने इज़राइल के सुरक्षा की प्रतिबद्धता जताई। संयुक्त राष्ट्र महासचिव, यूके, जर्मनी और फ्रांस ने इस हमले की निंदा की है। मिस्त्र, सऊदी, स्पेन, पुर्तगाल ने इस हमले के बाद गहरी चिंता जताते हुए संयम बरतने को कहा है। लेबनान के हिज्बुल्लाह ने एक बयान में दावा किया कि उसके आतंकियों ने गोलान हाइट्स के कैला बैरक क्षेत्र में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग

- **रविवार सुबह 5 बजे दो अज्ञात हमलावरों ने सलमान खान के घर के बाहर तीन राउण्ड फायरिंग की।**

मुंबई, 14 अप्रेल। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग हुई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, रविवार सुबह करीब 5 बजे दो अज्ञात लोगों ने यह गोलीबारी की। पुलिस का कहना है कि, तीन राउंड की फायरिंग होने की सूचना मिली है। मालूम हो कि दबंग एक्टर का घर मुंबई के बांद्रा में स्थित है। मुंबई पुलिस का क्राइम ब्रांच मौके पर पहुंच गया है और जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि फोरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंच चुकी है और शुरुआती दौर की जांच-पड़ताल चल रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, घटना के समय सलमान खान घर के अंदर मौजूद थे। फायरिंग करने वाले दोनों बदमाश बाइक पर सवार होकर आए थे। बताया जा रहा है कि गोलियां चलाने के तुरंत बाद दोनों वहां से भाग गए। घटना के वक्त दोनों ने ही हेलमेट पहना हुआ था। इस वजह से उनकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। गोलीबारी के चलते किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'मोदीजी ने लॉटरी बेचने वालों और वैक्सीन बनाने वालों से भी चन्दा लिया'

## कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भीनमाल (जालोर) की रैली में कहा, मोदीजी मंहगाई व आम आदमी पर बात नहीं करते हैं

- **कांग्रेस महासचिव गांधी ने अपने करीब 40-50 मिनिट के भाषण में पुरा फोकस प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल की विफलताओं पर रखा। जनसभा में करीब 10 हजार लोगों की भीड़ जुटी।**
- **प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि, भ्रष्टचार के बहाने दो-दो मुख्यमंत्री जेल में है। सभी एजेन्सियों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है।**

जालोर, 14 अप्रेल (कासं)। कांग्रेस महासचिव गांधी ने रविवार को भीनमाल के शिवराज स्टेडियम में कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत के समर्थन में आयोजित जनसभा को सम्बोधित किया।

जालोर जिले के भीनमाल में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज कल बहकी-बहकी बाते कर कर रहे हैं। कभी झूठी वीरता दिखाते हैं कभी गटर से गैस बनाते हैं कभी बादल में मिसाईल छोड़ते हैं कभी हवा उड़ते हैं। उन्हें समझ में नहीं आ रहा है कि, करना क्या है। ये असल मे देश में जनता से कट चुके है। मंहगाई और आम आदमी की समस्या पर बात नहीं कर रहे हैं।

कांग्रेस महासचिव गांधी ने अपने करीब 40-50 मिनिट के भाषण में पुरा फोकस प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल की विफलताओं पर पुरा जोर दिया। जनसभा में करीब 10 हजार लोगों की भीड़ जुटी।

कांग्रेस महासचिव ने कहा कि, कांग्रेस की सरकार ने करोड़ों लोगों को गरीबी से निकाला लेकिन है। लेकिन भाजपा की सरकार ने करोड़ों लोगों को गरीबी में धकेला है। भाजपा की सरकार फिर आई तो कुछ बदलेगा नहीं ये देश किसी जी-20 से या बड़े-बड़े इवेट्स से आगे नहीं बढ़ सकता है।

प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि, भ्रष्टचार के बहाने दो-दो मुख्यमंत्री जेल में है। सभी एजेन्सियों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है।

गांधी ने कहा कि, नरेन्द्र मोदी ने 2 करोड़ युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था। जो अभी तक पूरा नहीं किया है।

गांधी ने कहा कि, पेपर लीक पूरे देश में सिलसिला बन गया है। इसको रोकने के लिए हम एक कानून लाएंगे। इसमें एक जॉब कलैण्डर होगा। परिवार की सबसे बड़ी महिला को हमारी सरकार बनने के बाद सालाना एक लाख रुपये मिलेंगे जिससें कि, आप सशक्त बने।

उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि, भाजपा ने कांग्रेस का गारंटी शब्द चुरा लिया और कांग्रेस की तर्ज पर गारंटी देने लगे। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आमजन से वादा किया था कि, कालाधन वापस लाया जाएगा, 2 करोड़ नौकरियां दी जाएंगी, 15-15 लाख रुपये टैक्सपेयर्स के खाते में आएंगे, किसानों की आमदनी दोगुनी की जाएगी, लेकिन हकीकत में इनमें से एक भी वादा मोदी जी पूरा नहीं कर पाए। उनकी सारी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# लॉरैंस विश्नोई गुट ने ली हमले की जिम्मेदारी

- **जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई ने बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के घर के बाहर हुई फायरिंग की जिम्मेदारी ली है।**

नई दिल्ली, 14 अप्रेल। जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई ने बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के घर के बाहर हुई फायरिंग की जिम्मेदारी ली है। लॉरेंस का भाई अनमोल अमेरिका में मौजूद है। उसने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सलमान के घर के बाहर हुई फायरिंग का जिम्मा लिया है। साथ ही कहा है कि सलमान हमने ये हमला तुम्हें सिर्फ ट्रेलर दिखाने के लिए किया था। ये हमारी पहली और आखिरी वॉर्निंग है।

दरअसल, सलमान खान के मुंबई स्थित घर के बाहर रविवार सुबह मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने फायरिंग की। इसके बाद पुलिस ने उनके आवास के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी है। पुलिस ने बताया कि मुंबई के बांद्रा इलाके में स्थित

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'घोषणा पत्र नहीं जुमला पत्र'

- **मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि, मोदी की गारंटी तो जुमलों की वारंटी है, क्योंकि वे पहले किए गए वादों को पूरा करने में नाकाम रहे हैं।**

नई दिल्ली, 14 अप्रेल। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को जारी भाजपा के घोषणापत्र को बयानबाजी से भरा जुमला पत्र करार दिया। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी की गारंटी तो जुमलों की वारंटी है, क्योंकि वह पहले किए गए वादों को पूरा करने में नाकाम रहे हैं। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर नौकरियां देने, किसानों की आय दोगुनी करने, मूल्य वृद्धि और मंहगाई से निपटने के वादे को पूरा नहीं करने का भी आरोप लगाया। कांग्रेस ने कहा कि वह अब 2047 के बारे में बात करके

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सालासर दर्शन कर मेरठ जा रहे परिवार की कार ट्रक से टकराई

## आग लगने से कार में सवार दो बच्चों सहित सात जने जिंदा जले

- **हादसे के बाद कार और ट्रक में आग लग गई, कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू।**
- **फतेहपुर शेखावटी में यह घटना हुई।**

फतेहपुर, 14 अप्रेल (निसं)। मेरठ निवासी परिवार सालासर बालाजी के दर्शन कर वापस कार से घर लौट रहा था, इस दौरान ओवरटेक के चक्कर में फतेहपुर में ओवरब्रिज पर कार तेज रफ्तार में पीछे से ट्रक से टकरा गई।

तेज गति और टक्कर के बाद कार में आग लग गई। ट्रक में रखे हुए धागे के बंडलों ने आग को और तेजी से भड़काया जिससे कार और ट्रक दोनों में आग लग गई। हादसे में कार सवार दो बच्चों सहित सात की जलने से मौत हो गई।

राजमार्ग पर हुए हादसे की खबर मिलते ही पुलिस और प्रशासन के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे तथा साथ ही अग्निशमन वाहन पहुंचे लेकिन कार में सवार लोगों को नहीं बचा पाए।

कोतवाल सुभाष बिजारणियां ने बताया कि,

फतेहपुर के नजदीक सालासर पुलिया पर चूरू की तरफ जा रहे ट्रक में पीछे चल रही सैंट्रो कार घुस गई। हादसे के बाद ट्रक और कार दोनों में आग लग गई। सेन्ट्रो कार में गैस किट लगा होने के कारण आग ने भयंकर रूप ले लिया जिससे कार में सवार सभी सात लोग जिंदा जल गये। वहीं ट्रक में धागे के रोल रखे हुए थे ऐसे में उनमें भी आग लग गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी मृतकों के शवों को स्थानीय उप जिला चिकित्सालय में भिजवा दिया।

पुलिस के अनुसार कार में मिले मोबाइल को चालू किया गया तो मृतकों की बेटी से बात हुई जिसके अनुसार सभी मृतक मेरठ निवासी हैं तथा सालासर बालाजी के दर्शन करके वापिस मेरठ जा रहे थे और फतेहपुर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# वन नेशन वन इलैक्शन, 70 साल के सभी बुजुर्गों के लिए आयुष्मान भारत योजना व रोजगार बढ़ाने की बात

## भाजपा ने चुनावी घोषणा पत्र को मोदी की गारंटी नाम दिया

- **चुनावी घोषणापत्र में भाजपा ने मोदी सरकार के पिछले दो टर्म की उपलब्धियों के अलावा संभावित तीसरे टर्म में अपने संकल्प को सामने रखा है।**
- **भाजपा ने घोषणा पत्र में गरीबों के लिए फ्री राशन, हर वर्ग के 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों के लिए आयुष्मान भारत योजना, महिलाओं के लिए लखपति दीदी योजना, मध्यम वर्ग के लिए फ्री बिजली, सस्ते रसोई गैस सिलेंडरों का वादा किया है।**

नई दिल्ली, 14 अप्रेल। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपनी संकल्प पत्र जारी कर दिया है। भाजपा ने चुनावी घोषणा पत्र को मोदी की गारंटी नाम दिया है। चुनावी घोषणापत्र में भाजपा ने मोदी सरकार के पिछले दो टर्म की उपलब्धियों के अलावा संभावित तीसरे टर्म में अपने संकल्प सामने रखे हैं। घोषणा पत्र में भाजपा के सबसे बड़े संकल्प वन नेशन वन इलेक्शन और यूनिफॉर्म सिविल कोड हैं।

घोषणा पत्र में इसके अलावा चार वर्गों युवा शक्ति, महिला शक्ति, किसान और गरीबों को सशक्त बनाने का वादा किया है। भाजपा ने बड़ी संख्या रोजगार बढ़ाने की भी बात की है। गरीबों के लिए फ्री राशन, हर वर्ग के 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों के लिए आयुष्मान भारत योजना, महिलाओं के लिए लखपति दीदी योजना, मध्यम वर्ग के लिए फ्री बिजली, सस्ते रसोई गैस सिलेंडरों का वादा किया है। मेनिफेस्टो में भाजपा ने कांग्रेस को भी जमकर कोसा। दावा किया कि कांग्रेस जो नहीं कर पाई, मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में उससे कहीं ज्यादा कार्य कर दिखाया।

संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती के दिन भाजपा ने अपना चुनावी घोषणापत्र जारी कर दिया है। भाजपा ने मोदी की गारंटी के साथ अपना चुनावी पिटारा खोला। अपने संकल्प पत्र में भाजपा ने वादा किया है कि आयुष्मान भारत से पांच लाख का इलाज मुफ्त मिलता रहा है। आगे भी यह योजना जारी रहेगी। इससे एक कदम आगे बढ़ते हुए 70 वर्षों से ऊपर के सभी वर्गों के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के तहत लाया जाएगा।

भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में कहा है कि सरकार ने लखपति दीदी के तहत देश की लाखों महिलाओं को सशक्त किया है। वादा किया कि आगे भी ऐसा करते रहेंगे। इसके लिए कल्याणकारी योजनाओं के साथ महिला सहायता समूहों को मदद दी जाएगी। साथ ही सर्वाइकल कैंसल, ब्रेस्ट कैंसर जैसी घातक समस्याओं पर भी ध्यान दिया जाएगा। सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के लिए शौचालय का निर्माण किया जाएगा।

अपने चुनावी घोषणापत्र में भाजपा ने कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार को भी निशाने पर लिया। भाजपा ने संकल्प पत्र में कहा कि कांग्रेस की 2004 से 2014 तक की सरकार के वक्त भारत दुनिया की 11 वीं बड़ी अर्थव्यवस्था तक ही बना रहा लेकिन, मोदी सरकार

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



# मोती डूंगरी मंदिर के पीछे बहुमंजिला इमारत बनाने का मामला हाईकोर्ट में उखड़ा!


## 40 फीट से भी कम चौड़ी सड़क पर बहुमंजिला इमारत के निर्माण की अनुमति क्यों?

-यादवेंद्र शर्मा-

**जयपुर।** मोती डूंगरी मंदिर के पीछे स्थित मोती डूंगरी एक्सटेंशन तथा तिलक नगर एक्सटेंशन पर तीन प्लॉट बी-124, बी-49 और बी-3 पर बहुमंजिला इमारतों के निर्माण का विवाद हाईकोर्ट उखड़ा है। मामले में विवाद है कि मोती डूंगरी मंदिर के सामने और ना ही मोती डूंगरी मंदिर के पीछे जुड़ी हुई सड़क, मोती डूंगरी एक्सटेंशन, दोनों ही सड़कें 60 फीट चौड़ी नहीं हैं, परंतु फिर भी ऐसा प्रतीत होता है कि प्रशासन ने बिल्डरों की मदद करते हुए उक्त सड़क पर बहुमंजिला इमारत के निर्माण की अनुमति दे दी। इस मामले में दो याचिकाकर्ता जो इस सड़क पर रहते हैं, की याचिका हाईकोर्ट की खंडपीठ के समक्ष लंबित है। हाईकोर्ट की एकलपीठ ने इस मामले में दो जून 2023 को इन तीन इमारतों के संदर्भ में वस्तुस्थिति बनाये रखने के आदेश दिये थे। फिर एकलपीठ के आदेश की अपील पर हाईकोर्ट की खंडपीठ ने 30 अक्टूबर 2023 को आदेश दिये थे कि इस मामले की पूर्ण सुनवाई के बाद ही आदेश पारित करेगी, परंतु तब तक इन तीन बहुमंजिला इमारतों का भविष्य अदालत के अंतिम आदेश पर ही निर्भर करेगा। उल्लेखनीय है कि इस मामले में याचिकाकर्ताओं ने अखबार में इश्तिहार दिये हैं कि हाईकोर्ट के अंतिम फैसले तक कोई भी व्यक्ति इमारतों में फ्लैट ना खरीदें, ताकि मामले में 'थर्ड पार्टी' अधिकार प्रभावित ना हों।

हैरानी की बात है कि इस मामले में इस सड़क पर रहने वाले दो निवासी, प्रीति असावा और अरूणा स्वामी, ने प्रशासन व निगम को शिकायत की गई कि उसके द्वारा 'बिल्डिंग बायलॉज' तथा हाईकोर्ट द्वारा दिये गये निर्णयों के खिलाफ जाते हुए जब 40 फीट से भी कम चौड़ी सड़क पर बहुमंजिला इमारत का निर्माण हो रहा है, तब भी उनकी शिकायतों को अनसुना किया गया। जब यह मामला हाईकोर्ट में पहुंचा तो याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि उसके घर के नक्शे के अनुसार उसके घर के सामने लगभग 40 फीट की सड़क है। याचिकाकर्ता ने अदालत को यह भी बताया कि गुलाब कोठारी मामले में दिये गये निर्णय हाईकोर्ट ने स्वयं कहा है कि 60 फीट से कम चौड़ी सड़क पर बहुमंजिला इमारतें नहीं बनाई जा सकती क्योंकि इससे सड़क पर पार्किंग की समस्या उत्पन्न होती है और उक्त क्षेत्र में रहने वाले निवासियों के लिये भी सड़क उपयोग में बाधा उत्पन्न होती है। गौरतलब है कि गुलाब कोठारी मामले में रिहायशी इलाकों में जहां सड़कें पतली होती हैं, वहां बहुमंजिला इमारतें बनाने की अनुमति दिये जाने के खिलाफ स्पष्ट आदेश भी हैं।

याचिकाकर्ता की ओर से उक्त सड़क की वास्तविक स्थिति अदालत के समक्ष स्पष्ट करने के लिये उक्त सड़क का एक प्राईवेट पार्टी के मार्फत पी.टी. सर्वे भी कराया जिसके अनुसार सड़क की चौड़ाई औसतन 35.123 फीट है और कई भाग में सड़क की चौड़ाई केवल 20 फीट है। जिसके बावजूद प्रशासन ने इस सड़क पर 70 से 80 फीट ऊंची इमारत के निर्माण की अनुमति दे दी। उल्लेखनीय है कि याचिकाकर्ता द्वारा इसी सड़क पर स्थित एक अन्य प्लॉट, बी-6 ए, के नक्शे को, जिसे जयपुर विकास प्राधिकरण ने मंजूरी दी है, अपनी याचिका के साथ संलग्न किया है। इस नक्शे के अनुसार भी प्लॉट के सामने के स्थित सड़क की चौड़ाई 30 फुट ही है। परंतु फिर भी राज्य सरकार और नगर निगम की ओर से बार-बार अदालत में कहा गया है कि उक्त सड़क की चौड़ाई 60 फीट से भी कम है। उक्त मामले में कई महीनों से सुनवाई नहीं हो पायी है। जिसके खिलाफ 18 मार्च 2024 को याचिकाकर्ता ने जल्द सुनवाई के लिये सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया गया था और सुप्रीम कोर्ट ने मामले में जल्द सुनवाई के आदेश भी पारित किये।



प्राईवेट पार्टी के मार्फत पी.टी. सर्वे कराया गया, जिसके अनुसार सड़क की चौड़ाई औसतन 35.123 फीट है।

- जैसा कि विदित है कि हाईकोर्ट के आदेश व कानून के अनुसार 60 फीट से कम चौड़ी सड़क पर बहुमंजिला इमारत बनाने की अनुमति नहीं दी जा सकती
- इस मामले में याचिकाकर्ता द्वारा हाईकोर्ट में याचिका लंबित है, जहां यह तथ्य भी पेश किया गया है कि पी.टी.सर्वे में सड़क की चौड़ाई 35 फुट के आसपास है फिर भी राज्य सरकार और नगर निगम द्वारा बार-बार यह अलाप गाया जा रहा है कि सड़क 60 फीट से भी अधिक चौड़ी है
- इस मामले में याचिकाकर्ताओं ने अखबार में इश्तिहार दिये हैं कि हाईकोर्ट के अंतिम फैसले तक कोई भी व्यक्ति इमारतों में फ्लैट ना खरीदें, ताकि मामले में 'थर्ड पार्टी' अधिकार प्रभावित ना हों
- सुप्रीम कोर्ट ने 18 मार्च को आदेश दिये हैं कि हाईकोर्ट इस मामले में जल्द सुनवाई करे

# फर्जी डिग्री मामले में सरकारी कर्मचारी एस.ओ.जी. की रडार पर

## इन सरकारी कर्मचारियों के विभागों को एसओजी ने नोटिस व सूचना देना शुरू कर दिया है

**जयपुर।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने फर्जी डिग्री और सर्टिफिकेट के माध्यम से सरकारी लगने वाले एक दर्जन कर्मचारियों को चिन्हित कर लिया है। इन सरकारी कर्मचारियों के विभागों को एसओजी ने नोटिस या सूचना देना शुरू कर दिया है। चिन्हित इन कर्मचारियों की कभी भी गिरफ्तारी हो सकती है। एसओजी इस मामले में प्रदेश के साथ अन्य राज्यों में सक्रिय रैकेट के सदस्यों को लेकर जानकारी जुटा रही है।

उप महानिरीक्षक (डीआईजी) परिस देशमुख ने बताया कि फर्जी डिग्री और सर्टिफिकेट के माध्यम से सरकारी नौकरी लगे कर्मचारियों को चिन्हित करने का काम किया जा रहा है। गिरोह से मिली जानकारी के आधार पर उन सरकारी कर्मचारियों के विभागों को सूचना दी जा रही है। जल्द ही इन सभी सरकारी कर्मचारियों की गिरफ्तारी की जाएगी। इसके लिए आवश्यक सभी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इस गिरोह के सदस्य कई विश्वविद्यालयों में फैले हुए है उनका भी गिरोह के सदस्यों से पूछताछ कर पता लगाया जा रहा है। फर्जी डिग्री और सर्टिफिकेट के माध्यम से सरकारी नौकरी लगने वाले लोगों की संख्या थ्री डिजिट में है। फिलहाल इनकी तस्दीक की जा रही है। इसके लिए पकड़े गए गैंग के सदस्यों से जानकारी और सबूत लिए जा रहे है। सुभाष पूनिया, परमजीत और प्रदीप के घर की तलाशी ली जा चुकी है। बाकी गैंग के सदस्यों के घर की भी जल्द तलाशी ली जाएगी। पूर्व में ली गई तलाशी में गैंग के सदस्यों के यहां से कई अहम सबूत मिले है। इनकी तस्दीक की जा रही है।

- मामले में एओजी अन्य राज्यों में गिरोह के सदस्यों को लेकर जानकारी जुटा रही है।

गौरतलब है कि शनिवार को एसओजी ने पूर्व में गिरफ्तार प्रदीप कुमार शर्मा निवासी पुगलसर बास सरदारशहर चूरु के घर पर ली। तलाशी में मिले दस्तावेजों की जांच की जा रही है। तलाशी में उसके घर पर 20 ओपीजेएस यूनिवर्सिटी की मार्कशीट, ओपीजेएस की माइग्रेशन सर्टिफिकेट 25 खाली और 32 भरे हुए, प्रोविजनल सर्टिफिकेट 66 खाली और 8 भरे, ओपीजेएस विश्वविद्यालय के चरित्र प्रमाण पत्र 40 खाली और 5 भरे हुए, तीन विश्वविद्यालयों की 7 जाली मुहर, परीक्षा उत्तर पुस्तिकाओं 44 खाली 30 भारी हुई, चार डायरी जिसमें डिग्री के संबंध में लाखों रुपए के लेन देन का हिसाब, दो लाख तीन हजार रुपए नगद, लैपटॉप जिसने अभ्यर्थियों का डेटा और हिसाब किताब अंकित है का हार्ड डिस्क मिली थी। आरोपी प्रदीप की स्वयं की एमएससी, एमबीए, पीएचडी इन कम्प्यूटर साइंस की डिग्री के अलावा संपति के दस्तावेज जब्त किए गए।

उल्लेखनीय है कि इस मामले में अब तक सुभाष पूनिया (52) निवासी बेरासर घुमाना, राजगढ़ (चूरू), उसके बेटे परमजीत हाल पीटीआई राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल बसेड़ी (धौलपुर), प्रदीप शर्मा निवासी सरदार शहर चूरू, बीकानेर सीबीईओ ऑफिस में यूडीसी मनदीप सांगवान, उच्च माध्यमिक स्कूल देशनोक (बीकानेर) में यूडीसी जगदीश और फर्जी डिग्री प्रिंट करने वाले राकेश कुमार निवासी सरदारशहर (चूरू) को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेज में हुआ भाजपा प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम

**जयपुर।** शनिवार को जयपुर के बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेज में भाजपा के प्रबुद्धजन प्रकोष्ठ द्वारा प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सड़क सुरक्षा एवं नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री जनरल वी. के. सिंह सहित प्रदेश संयोजक प्रबुद्धजन प्रकोष्ठ राजेन्द्र सिंह शेखावत, सह संयोजक मनोज शर्मा, आशुतोष पंत, पूर्व आईपीएस बी. एल सोनी, रोजगार विभाग के पूर्व निदेशक महेश शर्मा, बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. संजय बियानी, चैयरमेन डॉ. राजीव बियानी सहित गणमान्य जन मौजूद रहे।

नागरिक उड्डयन मंत्री एवं पूर्व थल सेना अध्यक्ष जनरल वीके सिंह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से देश में आर्थिक, राजनैतिक एवं सामाजिक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व से अंतराष्ट्रीय स्तर पर भारत का सम्मान एवं गौरव बढा है।

## पद्म पुरस्कार से सम्मानित कलाकारों ने दिया भाजपा को समर्थन

**जयपुर।** भाजपा मुख्यालय पर सांस्कृतिक एवं पर्यटन प्रकोष्ठ के संयोजन में आज पदम पुरस्कारों से सम्मानित कला एवं सांस्कृतिक क्षेत्र की विभिन्न हस्तियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा को समर्थन दिया, और तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाने की अपील की। इस दौरान सभी कलाकारों का भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक ओंकार सिंह लखावत, भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया ने स्वागत किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक एवं पर्यटन प्रकोष्ठ के संयोजक मनीष पारीक, सह-संयोजक डॉ. चन्द्रदीप हाडा और सह-संयोजिका शालिनी शर्मा मौजूद भी मौजूद रही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक ओंकार सिंह लखावत ने कहा कि हम सभी के लिए हर्ष एवं सौभाग्य का विषय है। हिंदुस्तान में आम चुनाव होने जा रहे हैं। इस मौके पर विभिन्न राजनैतिक दलों की राय भी सामने आ रही है। कला एवं संस्कृति के विभिन्न क्षेत्रों से आए कलाकारों ने पीएम मोदी के नेतृत्व में विश्वास जताया है। इन सभी लोगों ने अपनी कला के माध्यम से देश का सांस्कृतिक गौरव बढ़ाया है। भाजपा पार्टी सौभाग्यशाली है जो इन सभी लोगों का आशीर्वाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिल रहा है। पद्मभूषण पंडित विश्वमोहन भट्ट ने संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन हमारे लिए अभूतपूर्व दिवस है। हम किसी दलगत राजनीती के लोग नहीं हैं, ना ही हमारा राजनीती में चुनाव लड़ने का उद्देश्य है। हम सभी लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का गौरव बढ़ते देख रहे हैं, भारत का मस्तक गर्व से ऊंचा हुआ है। मोदी विकसित भारत संकल्प 2047 के विजन के साथ देश को आगे बढ़ा रहे हैं। हम लोगों की कला को सम्मान मिला है सभी ने हमें बहुत मान और सम्मान दिया है।

पदम श्री विश्व प्रसिद्ध कालबेलिया नृत्यांगना गुलाबो सपेरा ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी कलाकार भले ही अलग-अलग क्षेत्र से आते हैं, लेकिन हम सभी एक देश के नागरिक हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमें पदम श्री पुरूस्कार से नवाजा और मान सम्मान दिया इसके लिए हम उनके आभारी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का मान बढ़ा है, विदेशों में आज भारत के सांस्कृति गौरव की चर्चा होती है।

## आई.पी.एस. रूप सिंह मीणा सहित 235 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली

**जयपुर,** (का.सं.)। भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों और अंत्योदय की भावना पर विश्वास जताते हुए आज विभिन्न राजनैतिक दलों, सामाजिक संगठनों और सेवानिवृत प्रशासनिक अधिकारियों सहित कुल 235 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

इस दौरान ज्वाइनिंग कमेटी के संयोजक अरूण चतुर्वेदी, पूर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया ने पूर्व प्रत्याशी गंगापुर सिटी सी. एल सैनी, रिटायर्ड आईपीएस रूप सिंह मीणा, रिटायर्ड एयर कमाडोर अजय सिंघल, शिवराज सिंह, प्रदेशाध्यक्ष तमरावती राजपूत सभा, नरेंद्र शर्मा प्रत्याशी जयपुर शहर लोकसभा 2024 राष्ट्रीय सनातन पार्टी, सुभाष जोशी, भूपेश सिंह राजावत, सुशील जैन प्रदेश सचिव यूथ कांग्रेस, शिव सिंह पालावत, राजेंद्र शर्मा रिटायर्ड डिप्टी डायरेक्टर डीएलबी, रूपेश कांत व्यास, दीपक सिंह नरूका, रवि शर्मा, रिंकू अग्रवाल, जगदीश नारायण रेगर पूर्व प्रधान चाकसू, नवीन शर्मा और कंचन जांगिड़ को भाजपा का दुपट्टा पहनाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ज्वाइनिंग कमेटी के संयोजक अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। आज भाजपा के प्रति देश के सभी वर्गों में एक संतोष और विश्वास का भाव है।

# निलम्बन वापस लेने के बाद रेजिडेंट डॉक्टर्स की हड़ताल खत्म

## एसीएस हैल्थ शुभ्रा सिंह ने हड़ताली रेजिडेंट डॉक्टर्स से की वार्ता



राजधानी जयपुर में छह रेजिडेंट को बहाल करने की मांग को लेकर रेजिडेंट डॉक्टर्स ने रविवार को सुबह सरकार और कॉलेज प्रशासन के खिलाफ बलि का बकरा रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया।


चिकित्सा शिक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज प्रशासन एवं जयपुर एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स के प्रतिनिधियों के साथ चिकित्सा शिक्षा निदेशालय में वार्ता की।

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के एसएमएस सहित प्रदेश के सातों मेडिकल कॉलेज के रेजिडेंट डॉक्टर्स की हड़ताल निलम्बित छह रेजिडेंट को बहाल करने के आदेश जारी होने के बाद रविवार को खत्म हो गई। रात करीब दस बजे रेजिडेंट डॉक्टर्स अस्पतालों में काम पर वापस लौट आए।

कांवटिया अस्पताल परिसर में एक महिला का प्रसव होने के मामले में एसएमएस मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने तीन रेजीडेंट एवं एक सीनियर रेजीडेंट चिकित्सक को निलंबित कर दिया था। इससे पहले एसएमएस अस्पताल में मरीज को गलत ग्रुप का ब्लड चढ़ाने के मामले में भी दो रेजीडेंट को निलंबित किया था। इसके विरोध में करीब एक सप्ताह पहले रेजिडेंट डॉक्टर्स हड़ताल पर चले गए थे। रेजिडेंट चिकित्सकों के हड़ताल पर चले जाने से मरीजों को असुविधा हो रही थी।


- व्यापक जनहित एवं रेजीडेंट चिकित्सकों के भविष्य के दृष्टिगत एसीएस ने निलंबन वापसी के निर्देश दिए
- हालांकि मामले में कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।
- साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं करने की हिदायत भी दी

चिकित्सा शिक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने आमजन के हित एवं रेजिडेंट डॉक्टर्स के भविष्य को ध्यान में रखते हुए रविवार को सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज प्रशासन एवं जयपुर एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स, रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ चिकित्सा शिक्षा निदेशालय में वार्ता की। वार्ता के दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव ने जार्ड एवं अन्य चिकित्सक संघों के प्रतिनिधियों के साथ समझाइश करते हुए कहा कि हड़ताल के कारण अस्पतालों में मरीजों को तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है। चिकित्सा एक नोबल प्रोफेशन है और चिकित्सक का प्रथम दायित्व नागरिकों की जीवन रक्षा है। ऐसे में उन्हें तत्काल प्रभाव से काम पर वापस लौटना चाहिए।

सिंह ने कहा कि आमजन बड़ी उम्मीद और आशा के साथ अस्पताल आते हैं। वे चिकित्सक में ईश्वर का रूप देखते हैं। ऐसे में चिकित्सक का भी दायित्व बनता है कि वह बिना किसी लापरवाही के पूरी निष्ठा के साथ रोगी को बेहतर से बेहतर उपचार दे। विगत दिनों जिस तरह की लापरवाही सामने आई, चिकित्सा के प्रोफेशन में ऐसी लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि जीवन रक्षा को सर्वोच्च ध्येय मानते हुए भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने चिकित्सक संघों के प्रतिनिधियों द्वारा रेजिडेंट चिकित्सकों के भविष्य को ध्यान में रखने की मांग पर चिकित्सा शिक्षा विभाग एवं सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज प्रशासन को नियमानुसार कार्रवाई जारी रखते हुए रेजीडेंट डॉक्टर्स का निलंबन वापस लेने तथा कारण बताओ नोटिस जारी करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही, हड़ताल अवधि को डे ऑफ राजकीय अवकाशों में समायोजित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि रेजिडेंट चिकित्सकों के भविष्य को देखते हुए उनकी वाजिब मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव की समझाइश के बाद रेजिडेंट डॉक्टर्स ने मरीजों को हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया और हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की।

वार्ता के दौरान चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान, संयुक्त शासन सचिव चिकित्सा शिक्षा जगजीत सिंह मोगा, सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव बगरहट्टा, अतिरिक्त प्रधानाचार्य डॉ. भारती मल्होत्रा, डॉ. राकेश जैन, डॉ. बीएल कुमावत, डॉ. मोनिका जैन, जार्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमावत सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे। वहीं इससे पहले सुबह रेजिडेंट डॉक्टर्स ने सरकार और कॉलेज प्रशासन के खिलाफ बलि का बकरा रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**नाम परिवर्तन**

मैने मेरा नाम अनिल कुमार से बदलकर अनिल शर्मा रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे अनिल शर्मा के नाम से जाना जावे पता 123/299, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर जयपुर राजस्थान

विवाहोपरान्त मैंने अपना नाम Mushrrat Bano से बदलकर Musarrat Bano धर्मपत्नी वसीम खान निवासनी 6/B, घोडा निकास रोड, शिकारियों की मोरी, रामगंज, जयपुर रख लिया है भविष्य में मुझे MUSARRAT BANO के नाम से जाना पहचाना जावें।

I JC No .207959W Ex sub Gajadhar Sharma S/o Shri Shreedhar Lal Sharma R/o D-149 Jagdamba Nagar Heerapura (dhawas Road) Jaipur have changed my wife name from GEETA DEVI is wrong entered in service record as to GEETA SHARMA vide affidavit dated 8 apr 2024 before district notary Jaipur

I have changed my name from Vikas Sunar to Vikash Soni S/o Babu Lal Soni for all purposes R/o Green vista apartment Flat No.103, D-242 Devi marg Near Shahpura Hotel Banipark Jaipur

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
**व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4**

न्यायालय A.D.J. No.1 स्थान हिण्डौन सिटी राजकुमार सोनी विरूद्ध नीलम शर्मा वाद/प्रार्थना पत्र U/S 9 हिन्दू विवाह अधि. प्रार्थना-पत्र संख्या 132/2023 सन्
नाम नीलम वर्मा पुत्री स्व. रतन कुमार वर्मा पत्नि राजकुमार सोनी उर्फ सोनू सोनी निवासी सी-89 केदार नगर थाना शाहगंज आगरा (यू.पी.) उक्त आवेदक ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दि. 15.4.2024 को 10 ए.एम. पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा। यह आज ता. 12.2.2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई। **आज्ञा से**
(मुहर) **सीनियर रीडर**
**अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश सं.-1, हिण्डौन सिटी**

**प्रस्तावित भू-उपयोग परिवर्तन आम सूचना** **जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**

राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू-उपयोग परिवर्तन नियम-2010 व राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू-उपयोग परिवर्तन (संशोधन) नियम-2021 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न भूखण्ड के आवेदक द्वारा अपनी सम्पत्ति का भू-उपयोग परिवर्तन करवाये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिनका विस्तृत विवरण जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट www.jda.rajasthan.gov.in एवं जोन कार्यालय में देखा जा सकता है। इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति, संस्था आदि को कोई आपत्ति/सुझाव यदि हो तो 15 दिवस में मय दस्तावेज सम्बन्धित उपायुक्त जोन कार्यालय अथवा सचिव, जविप्रा को प्रस्तुत करें।

क्रमांक : जविप्रा/उपा./जोन-5/2024/डी-601 दिनांक : 12.04.2024

| क्र. सं. | जोन | आवेदक का नाम | भूखण्डधारी का नाम | भूखण्ड संख्या | पट्टा विलेख में वर्णित भू-उपयोग | योजना का नाम (गृ.नि.स.स./ निजी खातेदारी योजना) | भूखण्ड क्षेत्रफल | मास्टर प्लान-2025/ जोनल विकास योजना अनुसार भू-उपयोग | उपयोग जिसके लिए आवेदन किया गया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 05 | श्री गिरधारी लाल पुत्र श्री गोपाल लाल उर्फ गोपी लाल | श्री गिरधारी लाल पुत्र श्री गोपाल लाल उर्फ गोपी लाल | 196 | आवासीय | खुदाबादी सोनार को-आपरेटिव हाउसिंग सोसायटी की योजना पद्मावती कॉलोनी-II | 479.62 | मिश्रित भू-उपयोग | मिश्रित भू-उपयोग हेतु |

क्रमांक : जविप्रा/उपा./जोन-5/2024/डी-602-603 दिनांक : 12.04.2024

| क्र. सं. | जोन | आवेदक का नाम | भूखण्डधारी का नाम | भूखण्ड संख्या | पट्टा विलेख में वर्णित भू-उपयोग | योजना का नाम (गृ.नि.स.स./ निजी खातेदारी योजना) | भूखण्ड क्षेत्रफल | मास्टर प्लान-2025/ जोनल विकास योजना अनुसार भू-उपयोग | उपयोग जिसके लिए आवेदन किया गया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 05 | श्री त्रिलोक चन्द चौधरी पुत्र श्री पूरण मल चौधरी | श्री त्रिलोक चन्द चौधरी पुत्र श्री पूरण मल चौधरी | 189<br>190 | आवासीय | खुदाबादी सोनार को-आपरेटिव हाउसिंग सोसायटी की योजना पद्मावती कॉलोनी-II | 548.37<br>400.00 | मिश्रित भू-उपयोग | मिश्रित भू-उपयोग हेतु |

उपायुक्त जोन-5

# ऑटो रिक्शा ड्राइवर की हत्या करने वाले दो बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़े

## लूट की वारदातें करने के लिए बदमाशों ने सवारी बनकर किराये पर लिया था ऑटो रिक्शा

**जयपुर (कासं)।** राजधानी जयपुर में दो महीने पहले हुए ऑटो रिक्शा ड्राइवर मजीद खान के मर्डर का खुलासा हो गया है। गलता गेट थाना पुलिस ने हत्या के मामले में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। वहीं, तीसरा आरोपी बालसुधार गृह में बंद है। बदमाशों ने लूटने के लिए ऑटो रिक्शा किराए पर लिया था। लूटपाट के दौरान विरोध करने पर एक बदमाश ने ऑटो ड्राइवर का गला दबा दिया। दूसरे ने मुंह पर मुक्के मारे। इससे मौत हो गई थी।

पुलिस ने बताया कि हत्या के मामले में मोहम्मद बाबुल उर्फ खुरजा बाबुल (55) निवासी पश्चिम बंगाल हाल ईदगाह कच्ची बस्ती गलतागेट और सोनू कुरैशी उर्फ युसुफ कुरैशी (24) निवासी सैय्यद कॉलोनी गलतागेट को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मृतक का लूटा गया मोबाइल व डॉक्यूमेंट बरामद किए है। पूछताछ में सामने आया है कि नशे की लत को पूरा करने के लिए लूट की वारदात को अंजाम दिया करते है। किराए पर ऑटो रिक्शा कर ड्राइवर से सुनसान जगह पर लूटपाट करते थे। विरोध करने पर मारपीट कर भाग जाते है। पूछताछ में आरोपियों ने इसी तरह की कई वारदात करना स्वीकार किया है। तीनों बदमाशों पर 10-10 हजार के इनाम घोषित है।

पुलिस ने बताया कि धौलपुर निवासी मजीद खान (45) पुत्र रोशन खान का मर्डर हुआ था। वह खोह नागोरियान में किराए से रहकर ओला-उबर कंपनी में ऑटो रिक्शा चलाते थे। गत 5 फरवरी को शाम करीब 7:30 बजे लहूलुहान हालत में मजीद ईदगाह के पास रोड किनारे अपने ऑटो के नीचे पड़े मिले। खून से लथपथ हालत में मजीद को उसके ऑटो में लेकर राहगीर



गलता गेट थाना पुलिस ने दो माह पहले ऑटो रिक्शा ड्राइवर की हत्या करने वाले दो बदमाशों को रविवार को गिरफ्तार किया।

गलतागेट थाने पहुंचे। पुलिस ने तुरंत गंभीर हालत में मजीद को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। इलाज के दौरान मजीद की मौत हो गई।

मृतक मजीद खान से लूटे गए मोबाइल के जरिए पुलिस टीम मोहम्मद बाबुल तक पहुंची। मोहम्मद बाबुल 1994 में मालवीय नगर इलाके में डकैती डाल चुका है। इस मामले में 18 साल जयपुर सेंट्रल जेल में सजा काटकर बाहर आया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मोबाइल बरामद कर पूछताछ की। पूछताछ में सामने आया कि लूटा गया मोबाइल सोनू कुरैशी व उसके दोस्त से लिया है। जिन्होंने ईदगाह के पास किसी ऑटो रिक्शा ड्राइवर का मर्डर कर लूटा था। पुलिस ने दबिश देकर रामनिवास बाग से बदमाश सोनू कुरैशी को पकड़ लिया। हत्या में शामिल उसके दोस्त के बाल सुधार गृह में बंद होने का पता चला।

आरोपी सोनू कुरैशी ने पूछताछ में बताया कि 5 फरवरी की दोपहर उसने अपने दोस्त के साथ सिंधीकैम्प से मजीद खान का ऑटो रिक्शा किराए पर लिया था। इधर-उधर घुमाने के बाद भी रास्ते में उन्हें लूटने का मौका नहीं मिला। इसके बाद ड्राइवर मजीद खान को ईदगाह बस स्टैंड चलने को कहा। ईदगाह पहुंचने पर ऑटो रिक्शा को दो बसों के बीच आड़ में लगाने का कहा। बसों की आड़ में ऑटो रिक्शा खड़ा करते ही पीछे बैठे सोनू कुरैशी ने उसका गला दबाया। उसके साथी ने ऑटो रिक्शा ड्राइवर मजीद की

- लूटपाट के दौरान ड्राइवर ने विरोध किया तो एक बदमाश ने उसका गला दबाया और दूसरे ने मुंह पर मुक्के मारे, इससे मौत हो गई
- ईदगाह के पास रोड किनारे मृत मिला था ऑटो ड्राईवर, पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया तो मर्डर का पता चला
- इस वारदात में शामिल तीसरा आरोपी फिलहाल बालसुधार गृह में बंद है

जेब से 1200 रुपए, मोबाइल व डॉक्यूमेंट निकाल लिए। ड्राइवर मजीद के विरोध करने पर दूसरे बदमाश ने उसके मुंह पर मुक्के मारे। ऑटो में लगे मीटर के सरिए पर सिर लगने से मजीद बुरी तरह लहूलुहान हो गया था।

मजीद के मुंह और सिर पर चोट के निशान मिले थे। दोनों आंखें गहरी नीली व सूजी हुई थीं। मुंह और नाक से खून बह रहा था। सिर के पीछे चोट लगी हुई थी। कपड़े खून से सने हुए थे। जांच में सामने आया है कि मुंह-सिर पर कई बार मारा गया है। हत्या के शक पर मेडिकल बोर्ड के जरिए पोस्टमॉर्टम करवाया गया है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मजीद की मौत का कारण गला दबाने से होना सामने आया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मृतक से लूटा मोबाइल व डॉक्यूमेंट बरामद किए हैं।

# मंदिर से घर लौट रही वृद्धा के गले से सोने की चेन तोड़ भागे बदमाश

## मालवीय नगर इलाके स्थित हरी मार्ग की घटना

**जयपुर ।** मालवीय नगर इलाके में मंदिर से घर लौट रही बुजुर्ग महिला के गले पर झपट्टा मार कर बाइक सवार दो बदमाशों ने सोने की चेन तोड़ ली। इस घटनाक्रम के दौरान महिला झटका लगने से मुंह के बल सड़क पर गिरकर घायल हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पडताल में जुटी है।

पुलिस के अनुसार मालवीय नगर निवासी सरोज (68) मंदिर से घर लौट रही थी। सुबह करीब साढ़े 8 बजे सी ब्लॉक हरी मार्ग पर पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और उसके गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन तोड़ ली। झपट्टा मारने के दौरान लगे धक्के से महिला मुंह के बल सड़क पर गिर गई, इससे वह घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने महिला को संभाला और परिवार को सूचना दी। इस पर उनके बेटे ने महिला को अस्पताल पहुंचाया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित मनीष ने पुलिस को वारदात के बाद सीसीटीवी फुटेज दिया है। इसमें बाइक सवार दो बदमाश महिला के गले से चेन खींचते दिख रहे हैं। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि इन बदमाशों ने पहले कॉलोनी के दो-तीन चक्कर काटे थे। उसके बाद ये बदमाश उसके पास भी आए थे। बोले राम भरोसे का मकान कौन सा है। मैंने उन्हें मना कर दिया की मुझे जानकारी नहीं है। इसके बाद में चलने लगी। पीछे बैठे बदमाश ने एकाएक चेन खींच ली। इससे मैं नीचे गिर गई। पास ही गेट पर खड़े लोगों ने मुझे उठाया। दोनों बदमाशों ने मास्क पहना हुआ था। सीसीटीवी में बदमाश कैप पहने नजर आ रहे है। दोनों ने मास्क से चेहरा ढका हुआ है। ये लोग पूर्व में भी इस कॉलोनी में रैकी करते हुए दिखाई दिए हैं।

- धक्का लगने से वृद्धा सड़क पर मुंह के बल गिरी, गंभीर घायल
- पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरू की

इसी तरह जवाहर सर्किल थाना इलाके में बाइक सवार तीन बदमाश एक युवक के हाथ पर झपट्टा मार कर मोबाइल छीनकर ले गए। पुलिस के अनुसार प्रतापनगर निवासी शुभम गुप्ता ने मामला दर्ज करवाया कि वह किसी काम से मालवीय नगर आया था। आईसीआईसीआई बैंक के पास पीछे से बाइक सवार तीन बदमाश आए और उसके हाथ से मोबाइल छीनकर ले गए। इस अप्रत्याशित घटना में पीड़ित कुछ समझ पाता तब तक बदमाश तेज गति से बाइक चलाते हुए गलियों में ओझल हो गए।

पुलिस इस मामले में घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। तीसरी घटना में बजाज नगर थाना इलाके में शिप्रापथ निवासी विवेक कुमार ने मामला दर्ज करवाया कि वह किसी काम से मालवीय नगर आया था। जयपुर अस्पताल के पास पीछे से बाइक सवार एक बदमाश आया और उसके हाथ पर झपट्टा मार कर मोबाइल छीनकर ले गया।

## तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर।** जयसिंहपुरा, आमेर थाना और जिला स्पेशल टीम जयपुर उत्तर ने अवैध शराब माफियाओं पर संयुक्त कार्रवाई करते हुए महिला तस्कर करिश्मा, मनीषा और दाखा देवी को गिरफ्तार कर उनके पास से 31 बोतल बीयर,15 अंग्रेजी शराब के पव्वे, 92 देशी शराब के पव्वे, 20 लीटर अवैध हथकड़ देशी शराब सहित दो हजार रुपये अधिक की राशि जब्त की है।

## सार-समाचार

### रक्तदान व नि:शुल्क चिकित्सा शिविर



**जयपुर ।** अंबेडकर जयंती पर रविवार को धाकड़ समाज सेवा समिति जयपुर और गोकुल पब्लिक स्कूल, मुरलीपुरा जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में विशाल रक्तदान एवं नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर आयोजित किया गया। नगर निगम ग्रेटर के पार्षद और समिति अध्यक्ष शेर सिंह धाकड़, स्कूल प्रधानाचार्य आशा धाकड़ तथा राजस्थान उच्च न्यायलय के सेवा निवृत न्यायाधीश बनवारी लाल शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शभारंभ किया। समिति के मंत्री बच्चू सिंह धाकड़ ने बताया कि शिविर में 80 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया एवं लगभग 350 व्यक्तियों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर नि:शुल्क जांच शिविर में हृदय रोग, स्त्री रोग एवं नि:संतान रोग, दांत रोग, नेत्र रोग, नाक कान व गला रोग जैसी अनेको चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया। विद्यालय की प्राचार्य आशा धाकड़ ने बताया कि शिविर में रघुवीर सिंह मीणा सेवानिवृत्त आईएएस एवं कमिश्नर कोटा संभाग, वीरेंद्र धाकड़ थाना इंचार्ज करधनी, डॉक्टर बजरंग लाल सोनी सेवानिवृत चिकित्सा अधिकारी जनाना अस्पताल, गोवर्धन लाल देवत, सीबीईओ झोटवाड़ा जयपुर ग्रामीण, आदि अनेक गणमान्य विशिष्ट अतिथियों ने उपस्थित होकर रक्तदाताओं का मनोबल बढ़ाया और उन्हे प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### रंग उत्सव में हुई कई प्रतियोगिताएं



**जयपुर ।** सारस्वत महिला संस्थान चित्तौड़गढ़ द्वारा कान्हा रिसोर्ट में रंग उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कल्याणी दीक्षित एवं प्रियंका पालीवाल थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेवी साधना सारस्वत ने की। सारस्वत महिला संस्थान की सभी महिलाएं सज धज कर रंग उत्सव में उत्साह के साथ भाग लिया। गीत और संगीत के साथ नृत्य प्रतियोगिता एवं क्वींस ऑफ सारस्वत प्रतियोगिता ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। सभी प्रतियोगियों ने मन भावक प्रस्तुति देकर मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों का स्वागत साधना सारस्वत, अध्यक्ष सारस्वत महिला संस्थान ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कल्याणी दीक्षित एवं प्रियंका पालीवाल द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। देवांगी सारस्वत और आध्या ओझा ने गणेश वंदना की प्रस्तुति दी। नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन दो वर्गों में किया गया। पहले वर्ग 25 से 40 वर्ष की आयु की महिलाओं के लिए था, जिसमें प्रथम स्थान प्रिया शर्मा, द्वितीय स्थान अभिलाषा ओझा एवं तृतीय स्थान सोनम व्यास ने प्राप्त किया। नृत्य प्रतियोगिता आयु वर्ग 40 वर्ष से अधिक में प्रथम स्थान ज्योति ओझा, द्वितीय स्थान सुमन आचार्य एवं तृतीय स्थान रंजना शुक्ला ने प्राप्त किया। क्वींस ऑफ सारस्वत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सोनम व्यास द्वितीय स्थान सरोज ओझा एवं तृतीय स्थान विजेता व्यास ने प्राप्त किया। तान्या सारस्वत को भीलवाड़ा से आकर प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु विशेष रूप से प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। सारस्वत महिला संस्थान में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 60 महिलाएं मौजूद थी, जिसमें से 30 महिलाओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। नवरात्र के अवसर को देखते हुए प्रतियोगिताओं के साथ-साथ कन्या पूजन का कार्यक्रम भी रखा गया।

### बाबा साहब की 133वीं जयंती मनाई

**जयपुर।** राजधानी के बजाज नगर अपार्टमेंट में आधिकारी और कर्मचारियों ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133 वीं जयंती मनाई। कार्यक्रम संयोजक भरत जाटव ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नर्सेज नेता सोमसिंह, मीणा मनोज दुब्बी और डॉ. ममता मीणा कार्यक्रम की अध्यक्षता की। आयोजन समिति के दिनेश महावर ने बताया कि बजाज नगर अपार्टमेंट में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के जन्मदिन पर कैक काटकर फल वितरण किया। साथ ही 133 दीपक जलाकर धूमधाम से बाबा साहब की जयंती मनाई। इस अवसर पर सुनीता डूडी, राकेश कुमार, सुरेश चौधरी, भूपेंद्र सिंह, प्रदीप धनकड़, रामरूप, नमोनारायण, संतोष महावर दीपिका व कविता सहित कई लोग मौजूद रहे।

### धीमा जहर साबित हो रहे हैं खर्राटे

**जयपुर ।** खर्राटों से हार्ट अटैक, स्टोक, ब्लड प्रेशर, शुगर जैसी बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। राजस्थान स्टेट ईएनटी एसोसिएशन की यहां तीन दिवसीय 41वीं राज्य स्तरीय कांफ्रेंस राजएओआईकॉन-2024 में ईएनटी चिकित्सकों की चर्चा में यह बात सामने आई। इन बीमारियों की शुरुआत बदलती जीवनशैली को माना गया है। हैदराबाद की ईएनटी सर्जन डॉ. संपूर्णा घोष ने बताया कि भारत में 5 से 8 साल के बच्चों एवं पुरुषों में खर्राटे सामान्य बात होती जा रही है। कम उम्र के बच्चों में टोंसिल, एडोनायड बढ़ने से खर्राटों की समस्या पैदा होती है। जिसके चलते बच्चों में सांस लेने की समस्या होने लगती है और वे मुंह से भी सांस लेना शुरु कर देते है। इसी कारण से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास कम हो जाता है।

# मनु और अंबेडकर ने समाज की एकता का मंत्र दिया : छाबा



**जयपुर ।** भारत रत्न डॉ. भीमराव राम अंबेडकर की 133 वीं जयंती के अवसर पर अतिरिक्त महाधिवक्ता बसंत सिंह छाबा के द्वारा राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर स्थित मनु की प्रतिमा से उच्च न्यायालय सर्किल स्थित अंबेडकर की प्रतिमा तक अधिवक्ताओं के साथ पदयात्रा निकाली गई।

यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व छाबा के उच्च न्यायालय स्थित कार्यालय में बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। छाबा ने मनु की प्रतिमा के समक्ष एकत्रित हुए अधिवक्ताओं को भारत की संस्कृति में मनु और अंबेडकर के महत्व को समझाते हुए कहा कि हम सभी को राष्ट्र को मजबूत और विकसित करने की दिशा में एक साथ कदमताल कर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। मनु ने वर्णव्यवस्था के जरिए समाज में कार्य विभाजन के माध्यम से समाज के संचालन का मंत्र दिया। वही अंबेडकर ने सैकडों वर्षो की गुलामी के कारण भारतीय समाज में उत्पन्न हुई अनेक समस्याओं के समाधान का मंत्र भारतीय संविधान के माध्यम से हमारे समक्ष प्रस्तुत किया है। उच्च न्यायालय से प्रारंभ हुई यात्रा में राजस्थान उच्च न्यायालय इकाई की सांस्कृतिक सचिव मीनू वर्मा व इकाई के सदस्य मनीष शर्मा सहित अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद् के राष्ट्रय परिषद् सदस्य बृजेन्द्र सिंह नाथावत, अमित गुप्ता और अधिवक्ता परिषद् राजस्थान जयपुर प्रांत की उपाध्यक्ष मंजू दवे, प्रांत महामंत्री जितेन्द्र सिंह राठौड , परिषद् की उच्च न्यायालय इकाई के अध्यक्ष विनोद गुप्ता, महामंत्री वंदना शर्मा, मंत्री माही यादव, कार्यकारिणी सदस्य श्रुति पारीक, जिला न्यायालय इकाई के अध्यक्ष प्रशांत कुमावत व महामंत्री कृष्ण देवासी सहित अन्य धर्मजागरण के प्रांतीय पदाधिकारी दीनदयाल शर्मा, आयुष मल्ल, कुलदीप शर्मा, शशांक जैमिनी, पुष्पेन्द्र राणा, जोरावर सिंह, गंगाराम शर्मा, मनीष मिश्रा सहित अनेकों गणमान्य अधिवक्तागण उपस्थित थे।

# गजसिंहपुरा में 33 बीघा भूमि पर बसी "मधुवन कॉलोनी" का विवाद गहराया

## काश्तकार रतनलाल ने राजस्थान हाईकोर्ट में आवेदन पेश कर इस मामले की सुनवाई तय दिनांक 3 मई 2024 से पूर्व करवाने का आग्रह किया

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** पृथ्वीराज नगर क्षेत्र के गजसिंहपुरा में खसरा नंबर 96 से 105 तक की 33 बीघा भूमि पर काटी गई गौतम विहार विस्तार (मधुवन कॉलोनी) का विवाद अब गहराता जा रहा है।

इस जमीन के स्वामित्व को लेकर राजस्थान हाईकोर्ट में जयपुर विकास प्राधिकरण, तोपखाना देश गृह निर्माण सहकारी समिति और काश्तकार की ओर से पेश दावों पर 3 मई को सुनवाई होनी है। इसी बीच अब काश्तकार रतनलाल ने 13 अप्रैल को हाईकोर्ट में नया आवेदन पेश करते हुए इस मामले की सुनवाई तय तारीख से पूर्व किसी तारीख को करने की मांग रखी है।

काश्तकार रतनलाल ने अपने आवेदन में कहा है कि, उनका विरोधी पक्ष तोपखाना देश गृह निर्माण समिति

- काश्तकार रतनलाल का आरोप है कि तोपखाना समिति और पुलिस-प्रशासन उन्हें जमीन से खदेड़ने के लिए प्रताड़ित कर रहे हैं।
- तोपखाना देश गृह निर्माण समिति के अध्यक्ष दीपक शर्मा का कहना है कि राजस्थान हाईकोर्ट के आदेश पर उन्होंने मधुवन कॉलोनी में डिमार्केशन किया था, जिसे रतनलाल, छगनलाल, शैतान, राजकुमार, कालू, भरत, रामसिंह, नन्दा व अन्य 8-10 लोगों ने उखाड़ दिया। इस पर मानसरोवर थाने में 23 जनवरी 2024 को एफ.आई.आर. दर्ज करायी थी।

और उससे संबंधित लोग, जो अपने आप को आवंटी भी बता रहे हैं, ऊंचे रसूखात वाले लोग हैं। काश्तकार परिवार को बार-बार परेशान कर इस जमीन का कब्जा छोड़ने के लिए बाधित कर रहे हैं। समिति ने पुलिस-प्रशासन की मदद से काश्तकारों के खिलाफ एक एफ.आई.आर भी दर्ज करायी है, इसकी आड़ में पुलिस भी उन्हें प्रताड़ित कर रही है। पुलिस की मौजूदगी में समिति के लोगों ने उन्हें धमकाया और उसकी जमीन पर खड़े वाहन को भी फूंक दिया था।

वहीं दूसरी ओर तोपखाना देश गृह निर्माण सहकारी समिति के अध्यक्ष दीपक शर्मा का कहना है कि राजस्थान हाईकोर्ट द्वारा पिटिशन 14321/2023 पर 5 अक्टूबर 2023 को पारित आदेश की पालना में उन्होंने गौतम विहार विस्तार (मधुवन कॉलोनी) में डिमार्केशन शुरू कराया था। गत 20 व 21 जनवरी 2024 को समिति ने मौके पर डिमार्केशन करवाकर विडियोग्राफी भी करायी थी, लेकिन डिमार्केशन की पट्टियों के कातलों को रतनलाल, छगनलाल, शैतान, राजकुमार, कालू, भरत, रामसिंह, नन्दा व अन्य 8-10 लोगों ने उखाड़ दिया। यहां तक कि डिमार्केशन के सीमा चिन्हों को भी नष्ट कर दिया। इस संबंध में 23 जनवरी को दीपक शर्मा ने तमाम लोगों के खिलाफ मानसरोवर थाने में नामजद एफ.आई.आर भी दर्ज करायी थी। अब डिमार्केशन का मामला राजस्थान हाईकोर्ट की डबल बैंच में लंबित है।

# राज्यपाल से 'घूमो जयपुर' अभियान के सदस्य मिले

**जयपुर, (का.सं.)।** बाबा साहेब आंबेडकर जयंती पर राज्यपाल कलराज मिश्र से रविवार को राजभवन में 'घूमो जयपुर' अभियान के सदस्यों ने मेयर डा. सौम्या गुर्जर के साथ मुलाकात की। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती की स्मृति में अभियान से जुड़े सदस्यों ने इससे पहले राजभवन स्थित संविधान उद्यान का भ्रमण किया। उन्होंने राज्यपाल मिश्र की पहल पर बनाए गए संविधान उद्यान और संविधान संस्कृति से संबंधित वृतचित्र भी देखा। राज्यपाल ने इस दौरान कहा कि संविधान निर्माता डा. आंबेडकर ने जो संविधान हमें सौंपा वह अधिकारों के साथ कर्तव्य पालन के संतुलन की सीख देता है। उन्होंने संविधान से जुड़ी संस्कृति की चर्चा करते हुए बाबा साहेब आंबेडकर द्वारा संविधान निर्माण के साथ कमजोर और पिछड़े वर्ग के कल्याण के लिए किए कार्यों का स्मरण करते हुए उनसे प्रेरणा लेने का आव्हान किया।



# रोहित गोदारा गैंग के दो बदमाश सीकर में दबोचे

## पुलिस मुख्यालय की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने कार्रवाई को अंजाम दिया

**जयपुर।** पुलिस मुख्यलय की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने रोहित गौदारा गैंग के दो सक्रिय बदमाश सुरेन्द्र सिंह व राजेश जोया उर्फ जोया सरकार को सीकर से पकड़ने में सफलता हासिल की है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि डीआईजी योगेश यादव के सुपरविजन में व एडिशनल एसपी विद्याप्रकाश के नेतृत्व में टीम के सदस्य कांस्टेबल सन्नी कुमार को सूचना मिली कि रोहित गोदारा गैग के लिए काम करने वाले व उस गैग के गुर्गो को शरण देने वाले सुरेन्द्र व राजेश जोया उर्फ जोया सरकार कुछ दिनों पहले महिपाल पचार निवासी पचारो की ढाणी, सीकर निवासी है। जिनसे लेनदेन का विवाद था जिसके लिए उसे गैगस्टर रोहित गोदारा द्वारा धमकी देकर मामले को बैठकर निपटाने को कहा गया।

जिस पर सुरेन्द्र व राजेश जोया ने परिवादी घर बुलाकर कमरे में बंद कर दिया और उससे मारपीट की। रोहित गोदारा की धमकी के कारण



आरोपी सुरेन्द्र सिंह व राजेश जोया

परिवादी पुलिस में मुकदमा दर्ज कराने को लेकर असमंजस में था। ये दोनो अपराधी गैंगस्टर रोहित गोदारा के लिए सीकर और शेखावाटी क्षेत्र के अच्छे पैसे वाले लोगों के मोबाईल नम्बर व उनके मूवमेंट की जानकरी देते है।

कुछ दिन पूर्व रोहित गोदारा गैंग का अपराधी राहुल रिणाउ जो दो हत्याकाण्ड में न्यायिक हिरासत से पेरोल पर फरार चल रहा है, उसकी बहिन की शादी में सुरेन्द्र थालोट, राजेश जोया उर्फ जोया सरकार ने साथी बदमाशो को यह संदेश भेजा कि राहुल रिणाउ की बहिन की शादी में सभी को आना है। साथ ही अधिक से अधिक राशि कन्यादान स्वरूप देनी हैं। जो ऐसा नहीं करेगा वह हमारा दुश्मन होगा एवं उसे इसका दुष्परिणाम भुगतना पडेगा। इस धमकी के उपरात शेखावटी के बहुत सारे बदमाश शादी में आये और कन्यादान किया। सुरेन्द्र सिंह एवं राजेश कुमार जोया भी 4 मार्च को राहुल रिणाउ की बहिन की शादी में शामिल थे। जिस पर पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को डिटेन कर पुलिस थाना सदर सीकर को सुपुर्द कर दिया।

- गैंग के सदस्य राहुल रिणाउ की बहिन की शादी में आए दोनों बदमाशों को पुलिस ने डिटेन किया
- सुरेन्द्र थालोट और राजेश जोया उर्फ जोया सरकार ने साथी बदमाशों को संदेश भेजा कि शादी में सभी को आना है। साथ ही अधिक से अधिक राशि कन्यादान स्वरूप देनी हैं। जो ऐसा नहीं करेगा वह हमारा दुश्मन होगा।

इस पूरी कार्रवाई में एडिशनल एसपी विद्याप्रकाश का कुशल नेतृत्व रहा। वहीं हैड कांस्टेबल सोहन सिंह और कांस्टेबल सन्नी कुमार की विशेष भूमिका रही।

इनके सभी अन्य सहयोगियों को भी एजीटीएफ द्वारा चिन्हित किया गया है। उनकी धर पकड़ के लिए कई स्थानों पर दबिश दी जा रही है। सुरेन्द्र थालोट, राजेश जोया उर्फ जोया सरकार से सख्ती से पूछताछ की जा रही है जिसमें और भी कई बडे खुलासे होने की संभावना है।

## भगवान श्रीराम की शोभायात्रा 17 को

**जयपुर ।** श्रीराम नवमी पर 17 अप्रेल को मर्यादा-पुरूषोत्तम भगवान श्रीरामचन्द्र की शोभायात्रा निकाली जाएगी। रविवार को श्री राम कृष्ण जयंती महोत्सव समिति के पदाधिकारियों ने चौड़ा रास्ता स्थित समिति के कार्यालय में शुक्र संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज गोविंद देव जी मंदिर के प्रबंधक मानस गोस्वामी काले हनुमान मंदिर के योगेश कुमार शर्मा, समिति के महामंत्री प्रवीण बड़े भैया, धर्म प्रचारक विजय शंकर पांडेय सहित अन्य ने पोस्टर का विमोचन किया।

सूरजपोल अनाज मण्डी से शाम 4 बजे प्रारम्भ होने वाली शोभायात्रा की आरती खोजीजीद्वाराचार्य रामरिछपाल दास महाराज (त्रिवेणी धाम) करेंगे। शोभायात्रा में 35 झांकी, राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, सीता की स्वरूप झांकी, हाथी, ऊंट, घोड़े का लवाजमा रहेगा। शोभायात्रा सूरजपोल अनाज मण्डी से प्रारम्भ होकर चांदपोल स्थित मंदिर श्री रामचन्द्रजी पर देर रात्रि पहुंचेगी।



## World Art Day

Expressing emotions through colours and shapes, *art* captures the essence of life, sparking emotions and fostering connection without words. Art has the power to not only bring beauty and light into a world, that can often be dark, but it also can make a difference by giving a voice to political movements and social change. *World Art Day* is here to show appreciation for and celebrate those who have made 'art contributions' to the world, as well as the 'everyday artist' that can be alive in all humans!



#AIR-TRAVEL

# How to Pop Your Ears on a Plane

It's very common to get that 'ear fullness' when on planes because of the change in air pressure.





The aircraft has hit cruising altitude, there's no turbulence, and you're settled comfortably in your seat, eager to give the in-flight entertainment your full attention. There's just one problem. *You're unable to clear your ears*.

Sometimes known as 'airplane ear,' this condition occurs when there is an imbalance in air pressure between that of the airplane cabin and the pressure in your middle ear, causing the uncomfortable sensation of your ears, feeling full or plugged. When the pressures on the inside and outside of the eardrum aren't the same, the eardrum acts like a suction cup causing the dreaded sensation of ear fullness and discomfort that makes you want to pop the ears.

The good news? Clearing your ears can be quick and painless, and we've got several expert-recommended tips and tricks to safely put discomfort at bay. For some travellers, such as babies and young children, and anyone with sinus problems, a little extra vigilance and measures may be required.

Here, we offer a guide with everything that you need to know about one of the most common annoyances of air travel, including why your ears pop in the first place, and how to clear them safely.

### Yawn or talk to activate the Eustachian tube

Anything that involves opening or closing your mouth is an easy way to ease mild discomfort. Even a fake yawn, where you simply mimic the wide stretching of the mouth, can do the trick. That's because these actions are tied to that all-important *Eustachian tube*. There are muscles around the Eustachian tube that change when you open your mouth. So, they pull on the tube and they open it up when your mouth is open versus when your jaw is closed, those muscles are contracted, so, the tube is smaller.

### Chew gum, swallow liquid, or have some candy

Pop a *piece of gum* before take-off and landing. But not just any kind. Gum, in general, is a good idea, but mint gum causes extra saliva and extra swallowing, which can be better for the ears for plane flights. You can also multitask on hydration and keeping your ears clear by sipping water or another liquid during take-off and landing. Sucking on candy helps, too.

### Try the Toynbee manoeuvre

This *ear-popping technique*, which is also popular among scuba divers, is simple but effective. Pinch your nose shut while simultaneously swallowing. It might feel a little odd. So, do it as gently as possible.

### Try to stay awake during take-off and landing

Are you one of those passengers already snoring before take-off or still snoozing when the wheels hit the tarmac (or both)? You may be more susceptible to *airplane ear*. That's because when you're asleep, you won't be yawning, swallowing, chewing, or doing any of the other tricks that will help your ears pop naturally. As a result, you may wake up with the Eustachian tube already 'locked and closed.' But you can avoid this discomfort by staying awake during take-off and landing, and making sure that your ears have popped before you allow yourself to snooze.

THE TOYNBEE MANEUVER





# IAF in the Burma Campaign



As IAF pilots proved themselves in battle, several of its Squadrons were equipped with the latest Spitfire and Hurricane fighters. Some Squadrons like no. 8 Squadron had one flight of Indian pilots, with another flight manned by pilots from Britain and other Commonwealth countries like Australia, New Zealand and Canada. Amongst the various missions, that were flown, were daring counter-air missions against Japanese airfields in Burma by innovatively strapping on 500 and 250 lb bombs on the most unlikely of aircraft, the slow-moving Lysander, interdiction missions against Japanese logistic lines by the faster Hurricanes and Spitfires, visual reconnaissance missions, and close-air-support missions by Hurricanes and Vultee Vengeance fighter-bombers against advancing Japanese columns.



Indian Air Force Pilots after a mission in Burma during WW II.



Japanese advancing.

■ AVM (Dr.) Arjun Subramaniam, AVSM (Retd)

The Indian Air Force truly came of age during the *Burma Campaign*. It was involved right through the campaign, from the gloomy days of early 1942, to the time when Assam was being threatened in 1943 by the Japanese advance across the Chindwin River. The stirring exploits of the IAF in the defence of Kohima and Imphal have gone down in 'aviation history' as amongst the most effective *counter-attacking aerial campaigns,* that contributed to the stirring campaign of Slim's XIV Army, that turned 'defeat into victory' for the Allies in 1944.

After almost six years in the NWFP, No. 1 Squadron, IAF, re-equipped with the slow-moving Lysander aircraft and modified to carry 500 lbs bombs, moved to the Burma theatre in February, 1942 with 12 aircraft to counter the rapidly advancing Japanese, carrying out daring missions under their young Squadron Commander 'Jumbo' Majumdar. Operating from a forward airfield called Toungoo, it was at the time, the only IAF Squadron in the area. A daredevil aviator with stirring leadership qualities, Jumbo led a series of successful offensive strikes against numerous Japanese airfields, with and without any fighter escorts against the vastly superior Japanese Zero fighters. However, as the Allies wilted against the Japanese onslaught, Jumbo's Squadron first moved to North Burma (Lashio) to carry out aerial reconnaissance of the critical logistics link between Burma and China in support of Chiang Kai Shek's *Chinese 5th Army*, before finally withdrawing back to India in mid-1942 and converting onto Hurricane fighter bombers. For his exploits in Burma, 'Jumbo' was the first Indian pilot to be awarded the *Distinguished Flying Cross* in WW II for his leadership and daring individual prowess.

From 1942 to 1945, nine Squadrons of the Indian Air Force (1, 2, 3, 4, 6, 7, 8, 9 and 10 Squadrons), flying a variety of aircraft including Lysanders, Vultee Vengeance Dive Bombers, Hurricanes and Spitfires, flew over 16,000 sorties and 24,000 hours in support of various battles of the *Burma Campaign*.

As IAF pilots proved themselves in battle, several of its Squadrons were equipped with the latest Spitfire and Hurricane fighters. Some Squadrons like no. 8 Squadron had one flight of Indian pilots, with another flight manned by pilots from Britain and other Commonwealth countries like Australia, New Zealand and Canada. Amongst the various missions, that were flown, were daring counter-air missions against Japanese airfields in Burma by innovatively strapping on 500 and 250 lb bombs on the most unlikely of aircraft, the slow-moving Lysander, interdiction missions against Japanese logistic lines by the faster Hurricanes and Spitfires, visual reconnaissance missions, and close-air-support missions by Hurricanes and Vultee Vengeance fighter-bombers against advancing Japanese columns.



## #BAPTISM BY FIRE





In, what is arguably one of the best narratives of the *IAF's exploits in the Burma Campaign*, Air Chief Marshal Lal, in his book, '*My years with the IAF*' is very generous in his praise for his contemporaries. He wrote about Arjan Singh, who preceded him as Chief of the Air Staff and later became the *first Marshal of the IAF*, "The first person to actually see the Japanese in the Northern part of Imphal was Sqn Ldr Arjan Singh. He had been out on a sortie, attacking the Japanese elsewhere and he was coming back to base, when he saw on a hilltop, overlooking his airfield, a number of men in a strange uniform. So, he went close to have a look and he recognised them as *Japanese troops*. They were on the top to have a look. He immediately called out his entire Squadron on his own initiative. He was the first to attack the Japanese, who had actually arrived on the outskirts of Imphal. He and his boys were the heroes of Imphal."

Lal himself, though, was no bystander in Burma, flying the Vultee Vengeance dive-bomber, with 7 Squadron for a year before going on to command it in 1944 and converting it onto the Hurricane in early 1945, the aircraft being specially modified for the fighter-bomber and reconnaissance roles. His Squadron stayed in Burma till victory was achieved with the fall of Rangoon in May 1945. Both Arjan Singh and Lal were awarded DFCs for their inspiring leadership of their respective Squadrons.

> Defeat into Victory' fondly recalls the performance of No. 6 Squadron led by Mehar Singh. The Squadron, flying Hurricanes in the reconnaissance and interdiction roles, were employed in the Arakan region as the 'Eyes of the 14th Army.' Viscount Slim writes, "I was impressed by the conduct of a Reconnaissance Squadron of the Indian Air Force (it was none other than No. 6 Squadron)."

Another IAF Squadron that operated in the shadow of no. 1 Squadron during the Burma Campaign, but performed equally brilliantly was No. 6 Squadron, led by the indomitable Squadron Leader Mehar Singh. Equipped with Hurricane fighters and comprising a bunch of free-spirited pilots and an elephant as its mascot for much of its time in Burma, the Squadron carried out reconnaissance, staffing and bombing missions on the Arakan front. Moving from Trichinopoly in Tamil Nadu, where he raised the Squadron to Cox's *Bazaar* on the East Bengal coast on 1st November 1943, Mehar Singh and his boys flew over 1500 hours till the end of the war, supporting the 5th and 7th Indian divisions in their offensive and defensive operations. Mehar Singh was the only Indian pilot to be awarded *Distinguished Service Order* (DSO) during WW II for his leadership of 6 Squadron in the Burma Campaign.

Viscount William Slim of Burma, in his inspirational memoirs of the Burma campaign, '*Defeat into Victory*' fondly recalls the performance of No. 6 Squadron led by Mehar Singh. The Squadron, flying Hurricanes in the reconnaissance and interdiction roles, were employed in the Arakan region as the 'Eyes of the 14th Army.' Viscount Slim writes, "I was impressed by the conduct of a Reconnaissance Squadron of the Indian Air Force (it was none other than No. 6 Squadron, commanded by Squadron leader Mehar Singh). Flying in pairs, the Indian pilots in outmoded Hurricanes went out, time and again, in the face of overwhelming fighter superiority."

An interesting fact about air operations in the Indian Theatre during WW II, that has not found much mention in the existing historical discourse, is the concept of Maritime Air Operations, which the RAF executed from the Arakan Sea, off the coast of Burma to the Car Nicobar Islands, right in the middle of the Andaman Sea. Mainly comprising reconnaissance missions by Catalina flying boats and Liberator bomber aircraft, these operations in early 43' were necessitated by the aggressive interest, shown by the Japanese, which resulted in their subsequent capture of the Andaman and Nicobar Islands.

While, the main contribution of the IAF in WW II was in the Burma Campaign, the exploits of a few Indian pilots and navigators, who flew with the RAF in Europe and Africa, cannot be forgotten. 24 young Indian pilots went to England in 1940 to fly with the RAF, and most of them would take part in air operations after the Battle of Britain in Fighter, Bomber and Coastal Command. Though, there were very few Indian pilots in the RAF and USAF Transport Squadrons, who operated from airfields in Eastern India, in support of the Burma and China operations, the impact of these operations had a significant influence on future IAF commanders like Arjan Singh, P.C. Lal and Mehar Singh, who were operating in that theatre. Many illustrious fighter pilots like Mehar Singh and K.L. Bhatia would go on to spearhead the IAF's transport fleet in the years after independence.

An analysis of the air-land battle fought in the *Burma campaign, s*pearheaded in no small measure by the Indian Air Force, cannot but be compared with the exploits of Air Marshal Tedder's Royal Desert Air Force and its contribution to the victory of Montgomery's Eighth Army over Rommel's Afrika Corps. Both air campaigns were 'in the nick of time' campaigns that blunted the enemy's advantage by exploiting the critical characteristics of air power like reach, surprise, offensive action and psychological shock. Both campaigns exploited the entire range of what was called *tactical air operations*, driving home the importance of reconnaissance, deep interdiction and close-air-support in influencing the course of the land battle. While Tedder's air-land battle campaign of World War II would be used as a 'standard template' for the development of Western air-land doctrines in the years ahead, the IAF's air-land battle campaign in the *jungles of Burma* and their experiences of mountain and valley warfare in NWFP were never built on as doctrinal development and have remained as historical narratives.

Apart from expanding in 13 years from a force of four aircraft to 160 aircraft and experiencing vital battle experience in joint operations, the development of airfields, infrastructure, maintenance philosophy, communications and air defence systems in the north-eastern parts of India, to support Allied operations, gave Indian officers the much-needed exposure to build a modern air force.

rajeshsharma1049@gmail.com



#J'ADORE

# Latest Haircut Trends For Men

Whether you prefer a short classic vibe or want to push the boundaries with curly hairstyles, this year's trends have something for every style-savvy man.

In the world of *men's hairstyles*, 2024 is ushering in a plethora of trends that redefine the classic notion of short haircuts for men. From timeless favourites to the contemporary allure of short hairstyles for men, the spectrum is wide and exciting. This year, men's haircuts are all about versatility, offering options for every taste and lifestyle.

*Short fade haircut* for men continues to dominate the scene, seamlessly merging traditional styles with a contemporary twist.

Whether you prefer a short classic vibe or want to push the boundaries with curly hairstyles, this year's trends have something for every *style-savvy man*. Keep up with the times and rock a haircut style that not only reflects your personality but also puts you at the forefront of *contemporary men's fashion*.

### Slicked Back Cut



A *Slicked Back Haircut* is a hairstyle with fade on the sides and back and let the hair on top remain as it is. Slick it back using hair wax or pomade for men. This short hair styles for men is one of the most polished and sophisticated hairstyles in the world of men grooming and styling. But we want to debunk the myth that Slicked Back Haircut is only suitable for certain face shapes. If you want to try, you can customize it as per your look and preference and give it a try!

### Crew Cut



A *Crew Cut* is among the best short hairstyle for men, with respect to low-maintenance and hassle free haircuts. It's the same as a *Buzz cut*, but with slightly longer hair on top. The length of the hair can vary but generally, it is quite shorter or faded. The name 'crew cut' is presumed to have originated from the hairstyles worn by members of rowing crews, back in the centuries ago, who needed a low-maintenance for men's short haircut styles.

### Taper Fade Cut



One of the coolest and trending hairstyles is *Taper Fade*. It's a combination of two hairstyles, a Taper and Fade and suits best for men short hairstyle. Generally, this short hairstyles for men features short hair on top and a 'Taper' that transforms into a 'Fade' at the bottom. From a casual day out to a formal event, the taper fade haircut effortlessly complements any occasion, making it a go-to choice for men, who appreciate both fashion and functionality.

### Buzz Cut




A *Buzz Cut* can be defined as the short hairstyle for men in which the hair is cut close to the head. Buzz Cut is known for its simplicity and low maintenance. It's perfect for men who prefer neat and tidy hairstyles, without the hassle of long hairstyles. The length and style of a Buzz Cut can be customized as per personal preference.

### Quiff Cut



A *Quiff Haircut* is a classic and timeless men's haircut, which has long hair on the top, creating a voluminous look, especially in the front, and trimmed hair at back and sides. It's a popular choice to be one of the stylish and fashionable options for men in the world of grooming.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# अनियंत्रित होकर निजी बस पलटी, 18 यात्री घायल

## हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार, परिचालक के हाथ-पैर में चोटें आई



हादसे की सूचना पर कलेक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव, एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला, पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीर सिंह, कोतवाली थानाधिकारी देवीलाल मीणा अस्पताल पहुंचे और जानकारी ली।

**बांसवाड़ा,** (निसं)। रविवार सुबह बस पलटने से 18 यात्री घायल हो गये, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिये सज्जनगढ़ सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से गंभीर घायलों को जिला मुख्यालय रेफर किया गया। हादसे की सूचना मिलने पर जिला कलेक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव, जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला, पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीर सिंह राठौड़, कोतवाली थानाधिकारी देवीलाल मीणा चिकित्सालय पहुंचे और घायलों से जानकारी लेते हुए चिकित्सकों से घायलों के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

सल्लोपाट थाना पुलिस ने बताया कि झेर गांव के पास रविवार सुबह निजी ट्रेवल कंपनी की बस पलट गई। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। वहीं परिचालक हाथ-पैर में चोटें आयी। बस में सवार व्यक्ति ने बताया कि तेज गति के कारण हादसा हुआ। नेशनल हाइवे-56 पर सज्जनगढ़ कस्बे से लगभग एक किमी. आगे मोड़ पर चालक ने तेज गति से मोड़ पार किया लेकिन उसके बाद बस उसके नियंत्रण में नहीं रही और एक साईड से दो टायर ऊंचे हो गये और उसके बाद बस दो बार पलटी खा गई। राहगीरों ने पुलिस को हादसे की सूचना दी जिसके बाद पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से सज्जनगढ़ सीएचसी पहुंचाया।

- **गुजरात के सूरत से रात को 9.45 मिनट पर बांसवाड़ा के लिये निकली थी बस**

सड़क हादसे में धनपुरा निवासी हड़िया, दानपुर निवासी मनीष, कल्पेश, मनीषा, वसु, दलेश, चौड़ातलाई निवासी फूलजी, बोकड़ा खेड़ा नयागांव निवासी शंकर, इतु, कन्हैयालाल, आर्यन, मनोहर, मुकेश, नर्मदा, शिवपुरा निवासी दीपक, इटली, सज्जनगढ़ निवासी प्रवीण व टीना शामिल है। बताया जाता है कि गुजरात के सूरत से रात को 9.45 मिनट पर बस बांसवाड़ा के लिये निकली थी। बांसवाड़ा सीमा में प्रवेश के कुछ देर बाद यह हादसा हुआ। हादसे के दौरान कई यात्री नींद में थे जिससे उन्हें संभलने का मौका तक नहीं मिला।

# ट्रक और क्रूजर जीप की भिड़ंत में एक की मौत, 14 जने घायल

## पीछे से दूसरे वाहनों में आ रहे परिजनों ने घायलों को जीप से बाहर निकाला

**बांसवाड़ा,** (निसं)। जिले के स्टेट हाईवे-10 पालोदा-आनंदपुरी पर रविवार को नांदरी गांव के पास मिनी ट्रक और क्रूजर जीप की भिड़ंत में जीप में सवार 14 लोग घायल हो गये। उपचार के दौरान एक घायल महिला ने दम तोड़ दिया।

पुलिस ने बताया कि हादसे में घायल महिला डूंगरपुर जिले के वरसिंगपुर की रहने वाली पायल पत्नी धर्मेन्द्र दर्जी की उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं अन्य घायलों को सागवाड़ा नगर के निजी चिकित्सालय ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रुप से घायलों को अहमदाबाद रेफर कर दिया गया। घटना के दौरान तेज आवाज सुनकर आस-पास के घरों के लोग और राहगीर मौके पर पहुंचे वहीं अन्य वाहनों में आ रहे परिजनों ने घायलों को जीप से बाहर निकाला। बताया जाता है कि जीप में सवार दर्जी परिवार डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा पुनर्वास कॉलोनी का रहने वाला था जो

- **दर्जी परिवार के लोग सागवाड़ा से आनंदपुरी में गोद भराई के कार्यक्रम में जा रहे थे**

सागवाड़ा से आनंदपुरी में गोद भराई के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। नांदरी गांव में आनंदपुरी की तरफ से आ रहे मिनी ट्रक ने जीप को जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे जीप दो बार पलटी खा गई। वहीं मिनी ट्रक का अगला भाग क्षतिग्रस्त हो गया और वह भी 50 फीट आगे जाकर रुक गया। बताया जाता है कि जीप के पीछे घायलों के अन्य परिजन भी निजी वाहनों से आ रहे थे, जिन्होंने घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से घायलों को चिकित्सालय पहुंचाया। बाद में पुलिस ने दोनों वाहनों को क्रेन की मदद से सड़क से हटाया।

# चटाईयों की आड़ में अफीम बेच रहा आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी से 12.50 लाख रूपये की 2.430 किलोग्राम अफीम बरामद



पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ सहित आरोपी को गिरफ्तार किया।

**ब्यावर,** (निसं)। आगामी लोकसभा आम चुनाव के मद्देनज़र जिला पुलिस अधीक्षक तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार, वृत्ताधिकारी राजेश कसाना के नेतृत्व में थानाधिकारी जवाजा थानाधिकारी हरिराम जाजुंदा उप निरीक्षक ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए एक आरोपी गांव रगसपुरिया निवासी मदन लाल पुत्र अमर सिंह बंजारा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे के करीब 12.50 लाख रूपये कीमत की 2 किलो 430 ग्राम अफीम बरामद की।

जानकारी के अनुसार 13 अप्रेल शाम थानाधिकारी जवाजा थानाधिकारी हरिराम जाजुदा को मुखबिर से जानकारी मिली कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर भीम से जवाजा की तरफ आ रहा है, जिसकी मोटरसाइकिल पर चटाईयां बंधी हुई है। इस पर थानाधिकारी मय टीम तुरंत थाने से रवाना होकर जवाजा पुलिया पहुंचे व नाकाबंदी शुरू की। इसी दौरान मुखबिर के बताये हुलिये का एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दिया, जिसकी मोटरसाइकिल की सीट पर प्लास्टिक की चटाईयां बंधी हुई दिखाई दी। पुलिस टीम ने तुरंत उक्त मोटरसाइकिल सवार को रूकवाया व नाम पूछा तो मोटरसाइकिल सवार घबराने लगा। पुलिस टीम का शक और बढ़ गया और मोटरसाइकिल की सीट पर रस्सी से बंधी प्लास्टिक की चटाईयों को खोलकर चैक किया। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल के पेट्रोल टंकी के नीचे बने एयर फिल्टर बाक्स के अंदर दो पैकेट दिखाई दिये। जिनको चैक किया तो दोनों पैकेटों में अफीम मिली। मादक पदार्थ अफीम रखने व परिवहन करने के सबंध में मोटरसाइकिल सवार के पास कोई लाईसेन्स व परमिट नहीं मिलने पर अफीम को जब्त किया जाकर आरोपी को गिरफतार किया। अफीम का कुल बजन 2 किलो 430 ग्राम हुआ। आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया व पूछताछ की जा रही है। बरामद अफीम व परिवहन में प्रयुक्त जब्तशुदा मोटरसाइकिल की अनुमानित कीमत 13 लाख रूपये है। हरिराम जाजुंदा, उ.नि., थानाधिकारी पुलिस थाना जवाजा की पुलिस टीम में विशेष योगदान, हनुमान सहाय कानि ,अनिल कुमार कानि, प्रहलाद कानि,विजय कुमार, रामनाथ कानि. आदि थे।

# आदर्श शिक्षक लाल सिंह राठौड़ के निधन पर शोक की लहर



लाल सिंह राठौड़।

**बाड़मेर,** (निसं.)। बाड़मेर के निकटवर्ती शिवकर गांव के निवासी और समाजसेवी आदर्श शिक्षक सौ वर्षीय लाल सिंह राठौड़ के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर फ़ैल गई। बाड़मेर जिला मुख्यालय पर मूक बधिर स्कूल, जिला युवक कल्याण, मरुधर लोक कला केंद्र, नेहरू युवा केंद्र में शोकसभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राठौड़ ने वर्ष 1981 में नेहरू युवा केंद्र के तत्कालीन युवा समन्वयक पद्मश्री मगराज जैन से मिलकर शिवकर गांव में युवा मंडल की स्थापना की थी।

गांव के युवा मंडल की सामुदायिक सेवा के कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया। राठौड़ ने सामाजिक विषमता और बुराइयों दूर करने, कमजोर वर्ग के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अमूल्य योगदान दिया और बड़ी संख्या में युवाओं को सेवा कार्य से जोड़ा। श्रद्धांजलि सभा में डॉ. मुकेश पचोरी प्राचार्य राजकीय बालिका महाविद्यालय, डॉ. लता कछावा, घेवर चंद प्रजापति, जिला युवक कल्याण समिति के सचिव नरेंद्र तनसुखानी, हनुमान चौधरी, अनिता सोनी, सोनाराम पाला, मूलसिंह रानीगाव, मांगीलाल, अनिल शर्मा आदि ने विचार व्यक्त करते हुए राठौड़ के कार्यों को सराहा। नेहरू युवा केंद्र संगठन नई दिल्ली के निदेशक डॉ. भुवनेश जैन ने अपने संदेश में राठौड़ के निधन पर शोक व्यक्त किया और उन्हें युवाओं का प्रेरणा स्त्रोत बताया।

# डम्पर की चपेट से महिला की मौत

**मसूदा,** (निसं)। खरवा चौराहे पर डंपर की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। डम्पर चालक डम्पर छोड़ मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना के बाद ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और रास्ता जाम कर विरोध जताया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाइश की। महिला अपने गांव से पति के साथ इलाज के लिए खरवा आई थी और हादसा हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जसवंतपुरा नाड़ी खरवा निवासी रज्जाक अपनी पत्नी शाबा (30) के साथ मोटरसाइकिल पर इलाज के लिए सुबह खरवा आए। अस्पताल में इलाज कराकर वापस लौट रहे थे तो खरवा चौराहे पर डम्पर ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पति को भी मामूली चोटें आई। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। हादसे को लेकर ग्रामीणों ने जाम लगा दिया। बाद में पुलिस उप अधीक्षक राजेश कसाना सहित पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाइश कर जाम खुलवाया। करीब एक घंटे जाम लगा रहा। इससे वाहन चालकों को भी परेशानी हुई।


# चूरू संसदीय सीट प्रदेश की हॉट सीट बनी

**चूरू,** (कासं)। चूरू संसदीय सीट पर मतदान का समय अब थोड़ा ही रहा है लेकिन फिर भी जनता में चुनाव को लेकर कोई विशेष उत्साहर नहीं देखा जा रहा है। जहां एक ओर कांग्रेस के उम्मीदवार पूर्व भाजपा के सांसद रहे राहुल कस्वां हैं, वहीं भाजपा की ओर से पैराओलंपिक विजेता देवेन्द्र झाझड़िया है।

जहां कस्वां का परिवर सदियों से राजनीति करता आया है। वहीं झाझडिया का परिवार किसान हैं। पिछले दस वर्षों से चूरू संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे सांसद कस्वा का कार्यकाल काफी हद तक सफलता पूर्ण रहा है परंतु इस बार उन्हें उम्मीदवार न बनाने के पीछे तारानगर का विधानसभा चुनाव मुख्य कारण माना जा रहा है। जैसाकि विदित है कि भाजपा के नेता राजेन्द्र राठोड की हार का ठीकरा कस्वां परिवार पर खुले रूप से राठौड़ के समर्थकों ने लगाया था। जिस कारण कस्वां को भाजपा छोड़ कांग्रेस का दामन थामना पड़ा। जनता को संबोधित करते हुए कस्वां कह चुके हैं कि जिले की जिम्मेदारी एक ही व्यक्ति को देने से मनमाने ढंग से टिकट वितरण किए जाने से भाजपा कहीं भी विधानसभा चुनावों में विजय प्राप्त नहीं कर सकी। अब लोकसभा चुनाव में सांसद कस्वां व राठौड़ की साख दाव पर लगी हैं। जहां दूसरी ओर चर्चा है कि राठौड़ के तारानगर में जाट समुदाय के वोट न मिलने के कारण हार हुई थी अब चर्चा हैं कि चुनाव के बाद प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के चलते राठौड़ ने जाट समुदाय के लगे कर्मचारियों के भारी तबादले करवा देने की आम चर्चा बनी हुई है। जिससे जाट समुदाय में विरोध बढ़ने की चर्चा सामने आ रही है।

भाजपा का जिला संगठन भी राठौड़ के द्वारा ही मनोनीत करवाये हुए है। जिनका समाज के कही भी विशेष प्रभाव नहीं दिख रहा है। पुराने जनसंघ के कार्यकर्ताओं की अनदेखी लंबे समय से चली आने के कारण जनसंघी पूर्व में ही भाजपा से किनारा कर चुके है। वहीं अब खुले मंचों पर राठौड़ व कस्वां एक दूसरे के सामने आ चुके है। यहां तक कह चुके हैं कि पूर्व उप मुख्यमंत्री रहे हरिशंकर भाभडा को हराने में उनके काकोसा राठौड़ का हाथ रहा है।

# अज्ञात वाहन ने महिला सहित तीन को कुचला, मौत



हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। भीलवाड़ा जिले के आसींद थाने के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 158 डी पर सड़क दुर्घटना में तीन जनों की मौके पर ही मौत हो गई।

आसींद पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि नेशनल हाईवे 158 डी पर रविवार दोपहर भट्टे पर कार्य करने वाले मजदूरों को अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया जिससे एक महिला सहित दो जनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने जानकारी देते हुये बताया कि पालड़ी पंचायत के नारिया नाडा चौराहे के पास तीनों मजदूर जिसमें शिव शंकर (18) पिता कल्लू रेहदास निवासी चित्रकूट उत्तरप्रदेश, संतोष (33) पति कलु रेहदास निवासी चित्रकूट उत्तरप्रदेश, प्रभु (33) पिता सुखवा रेहदास निवासी चित्रकूट उत्तरप्रदेश की मौत हो गई।

तीनों ही ईंट भट्ठे से पैदल ही किराने की दुकान पर सामान लेने जा रहे थे कि भीलवाड़ा की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन तीनों को कुचलते हुए मौके से फरार हो गया। वहीं आसपास राहगीरों ने आसींद पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शव को आसींद मोर्चरी में रखवाया। बताया कि तीनों मजदूर चित्रकूट उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। रिपोर्ट के आधार पर ही जांच करवाई की जाएगी।

# शराब की 26 पेटियां जब्त, तीन जने गिरफ्तार

## एक आरोपी फरार, पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी



पुलिस ने अवैध रूप से शराब रखने के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**पुष्कर,** (निसं)। पुलिस ने बीती रात को पुष्कर के समीप ग्राम कड़ेल के पेट्रोल पंप के पास बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के खिलाफ अवैध अंग्रेजी शराब की 26 शराब की पैटियों के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर दो चौपहिया वाहन भी जब्त किये।

रविवार को पुष्कर थाना प्रभारी और प्रशिक्षु आईपीएस गोपीनाथ शरण कांबले ने बताया कि शनिवार रात्रि को मुखबिर की सूचना पर पुष्कर के समीप ग्राम कड़ेल के पेट्रोल पंप के पास में अवैध रूप से शराब परिवहन की सूचना मिली थी। जिस पर पुष्कर पुलिस कार्रवाई करते हुए नाकाबंदी कर कड़ेल पेट्रोल पंप के पास पिकअप और वैन वाहन की तलाशी के दौरान 26 अवैध शराब की पेटियां मिली। इस दौरान तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। वहीं एक आरोपी भागने में कामयाब हुआ। पुष्कर पुलिस भगोड़े आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

# चार साल से फरार इनामी अपराधी गिरफ्तार

**मालपुरा,** (निसं)। मालपुरा थाने में दर्ज पॉक्सो एक्ट के मामले में बीते चार साल से फरार चल रहे दस हजार के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना पुलिस को सफलता मिली।

थानाधिकारी चेनाराम बेडा ने बताया कि जिला पुलिस अधिक्षक के निर्देशानुसार एएसपी रामकुमार कस्वा, डीएसपी महेन्द्र कुमार मीणा के निकट सुपरविजन मे थानाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम मे शामिल कांस्टेबल देवीशंकर गुर्जर कपिल कुमार व राजेन्द्र ने मालपुरा थाने में 26 दिसम्बर 2020 को दर्ज पॉक्सो एक्ट के मामले मे बीते चार साल से फरार चल रहे दस हजार रूपये का जिला स्तर पर ईनामी अपराधी मो.सोयब पुत्र अय्युब अली को गिरफ्तार किया गया।

ईनामी आरोपी की गिरफ्तारी मे कांस्टेबल देवीशंकर गुर्जर की विशेष भूमिका रही। जिससे पुलिस को यह बडी सफलता मिली। वहीं 9 अप्रेल को डिग्गी में कुरथल रोड पर व्यापारी शंकरलाल साहु पर लाठी डंडो से हमला व मारपीट कर मौके से फरार हो गये थे। तीन आरोपी मुकेश चौधरी निवासी सुरजपुरा, सांवरा जाट निवासी रेहलाना, राजराम उर्फ राकेश जाट निवसी सेलसागर को गिरफ्तार कर वारदात में उपयोग में ली गई बोलेरो को जब्त करने की डिग्गी थाना पुलिस ने कार्यवाही की।

# सड़क हादसे में तीन जने घायल, दो गंभीर घायल जयपुर रैफर

## पिकअप का टायर बदलते समय बाइक सवार ने मारी टक्कर




घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार किया।

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। अजितगढ़-श्रीमाधोपुर राजमार्ग पर मूंडरू बस स्टैंड के आगे रविवार को एक सड़क हादसे में तीन जने गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिनमें दो गंभीर घायलों को चिकित्सकों ने जयपुर रैफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार पिकअप में सवार नरबदकाबास चतरपुरा नारायणपुर कोटपूतली निवासी आधा दर्जन से अधिक लोग जो परिवार संघ मिलकर खाटूश्यामजी दर्शन कर वापस

- **पिकअप व बाइक सवार खाटूश्यामजी से वापस अपने गांव लौट रहे थे**

अपने गांव लौट रहे थे। अचानक रास्ते में मूंडरु के पास पट्टियां वाला स्टेंड के पास पिकअप गाड़ी का टायर पंचर होने पर 35 वर्षीय हरीश पुत्र राधेश्याम तथा 50 वर्षीय हरिराम पुत्र बुद्धराज दोनों मिलकर टायर को पलटी कर रहे थे। टायर पलटते समय गाड़ी का जैक उतारने के दौरान पीछे से आ रही बाइक अनियंत्रित होकर अंदर आकर घुस गई जिसमें दोनों हरीश तथा हरिराम गंभीर रूप से जख्मी हो गए। वहीं बाइक सवार बुलंदशहर निवासी प्रशांत सिंह पुत्र जयप्रकाश सिंह भी खाटूश्यामजी के दर्शन कर वापस अपने पीछे बैठे मामा के लड़के के साथ वापस गांव लौट रहा था तभी हादसें में वो भी जख्मी हो गया। हादसे में घायलों को पिकअप में ही डालकर अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने 108 से पिकअप सवार गंभीर जख्मी हरीश तथा हरिराम को जयपुर रैफर कर दिया। वहीं बाईक सवार को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। हादसे की सूचना पाकर मौके पर पुलिस भी पहुंची। थानाधिकारी जयसिंह बसेरा ने बताया कि हादसे के बाद मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया और घायलों की कुशलक्षेम पूछकर वाहनों को थाने पर लाकर खडा किया। फिलहाल दोनों पक्षों की ओर से कोई रिपोर्ट नहीं दी गई है। पुलिस बाइक सवार तथा पिकअप सवार अन्य लोगों से पूछताछ कर रही है।

# सीएम भजनलाल शर्मा ने रामस्वरूप कोली के समर्थन में सभा की

## 'पांच साल के कार्यकाल में ईआरसीपी का काम पूरा होकर लाभ मिलेगा'

**भरतपुर, (निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एक दिवसीय डीग के दौरे पर रहे। सीकरी में सभा करने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पूंछरी का लौठा पहुंचे और श्रीनाथजी के दर्शन किए। इसके बाद कुम्हेर में आयोजित विजय शंखनाद रैली को संबोधित किया। मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्रीनाथजी के दर्शन किए
- ढाई सौ करोड़ की लागत से पूछरी क्षेत्र का विकास होगा : सीएम



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विजय शंखनांद सभा को सम्बोधित किया।

ने कहा कि मात्र 50 दिन में एक ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया है जो ना पहले कोई मुख्यमंत्री कर पाए, मैं समझता हूं आने वाले समय में ना कोई कर सकेगा। इन्हीं 5 साल के कार्यकाल में ईआरसीपी का काम पूरा होकर किसान भाइयों को लाभ मिलने लगेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ढाई सौ करोड़ की लागत से पूछरी क्षेत्र का विकास होगा। डीग कुम्हेर विधायक डॉक्टर शैलेष सिंह के नेतृत्व में नगर पालिका के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल सहित कई पार्षदों ने भाजपा ज्वाइन की। डीग कुम्हेर विधायक डॉक्टर शैलेश सिंह ने कहा कि रंजीता कोली पूर्व में तीन लाख वोटों से जीती थी इस बार रामस्वरूप कोली को पांच लाख वोटों से जीताकर भेजेंगे। वहीं भाजपा सांसद प्रत्याशी रामस्वरूप कोली ने झोली फैलाकर वोट मांगे तो जनता ने हाथ खड़े कर जीतने का वादा किया। इस मौके पर मंत्री जवाहर सिंह, सांसद रंजीता कोली, विधायक बहादुर सिंह कोली, विधायक नोक्षम चौधरी, भाजपा के जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज, शिवानी दायमा, दौलत सिंह, एडवोकेट अनिल गुप्ता ने सभा को संबोधित किया। इस मौके पर डीग जिले के 6 मंडल अध्यक्षों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को राधा रानी का तस्वीर भेंट की। कार्यक्रम का संचालन मनोज पिंकी प्रधान ने किया।

# बाबा साहेब ने संविधान रचा, लेकिन कांग्रेस ने आपातकाल लगा कलंकीत किया : दिया कुमारी

## उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने जालोर व बागरा में भाजपा प्रत्याशी लुम्बाराम चौधरी के समर्थन में सभायें की

**जालोर, (कासं)।** प्रदेश की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने रविवार को जालोर व बागरा पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी लुम्बाराम चौधरी के समर्थन में सभाओं को सम्बोधित किया। जानकारी के अनुसार डिप्टी सीएम दीया कुमारी रविवार को दोपहर करीब 11 बजे जालोर स्थित नून हवाई पट्टी पहुंची, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने दिया कुमारी का स्वागत किया। तत्पश्चात बागरा स्थित सांवलिया सभा भवन में आयोजित आमजन सभा को संबोधित किया। वहीं दोपहर जालोर स्थित एक निजी होटल में आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन में क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकजनों से संवाद कर भाजपा को विजय बनाने की अपील की।



बागरा में भाजपा लोकसभा प्रत्याशी लुम्बाराम के समर्थन में डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने सभा की।

उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने संबोधन में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को स्मरण कर बताया कि बाबा साहेब ने देश के संविधान को रचा, लेकिन कांग्रेस ने 1975 में आपालकाल लगाकर कंलकीत करने का काम किया। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री की शपथ लेने वाले हैं और इस बार राजस्थान में डबल इंजन की सरकार विकास की नई रफ्तार पकड़ेगी। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने बताया कि राजस्थान के तीन बार मुख्यमंत्री रहे अशोक गहलोत अपने पुत्र वैभव गहलोत के लिए वोट मांग रहे हैं, लेकिन जनता पिछले कार्यकाल में कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए कार्यों का हिसाब मांग रही हैं।

रानीवाडा पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल ने बाताया कि आज युवा, माताएं एवं बुजुर्ग केन्द्र सरकार के कार्यो से प्रभावित हैं, देश में मोदी के कार्यकाल को लेकर ऊर्जा हैं, पुरा देश एक बार फिर मोदी सरकार के नारे से गुंज रहा है। वहीं जालोर के एक निजी होटल में प्रबुद्धजनों को सम्बोधित करते हुए डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने कहा कि इस बार जालोर में एक तरफ कांग्रेस के प्रत्याशी है, जो पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे के रूप में पहचान रखते है, वे कभी कार्यकर्ता व जनता के बीच नहीं आये और दूसरी तरफ भाजपा प्रत्याशी लुम्बाराम है, जो हमेशा जनता के बीच रहते हैं। सभा के बाद दिया कुमारी सड़क मार्ग से जालोर के भीमराव अम्बेडकर सभा स्थल पहुंची। जहां बाबा साहेब की प्रतिमा को माला पहनाई। इस दौरान अम्बेडकर सेवा समिति के द्वारा दिया कुमारी का स्वागत किया गया। साथ ही दिया कुमारी ने भैरूनाथ अखाड़े में पहुंचकर नाथजी का आशीर्वाद लिया। इस दौरान आहोर विधायक छगनसिंह, जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव, ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष ओबाराम, लोकसभा संयोजक नारायण, भाजपा संगठन प्रभारी महेन्द्र सहित अन्य मौजूद थे।

# राजाराम मील ने झुंझुनूं में भी भाजपा को समर्थन दिया

**झुंझुनूं, (निसं)।** जालौर और नागौर के बाद अब जाट महासभा के अध्यक्ष राजाराम मील ने झुंझुनूं में भी भाजपा को समर्थन दिया है। झुंझुनूं बीजेपी प्रत्याशी शुभकरण चौधरी को समर्थन देने आए मील ने कहा कि झुंझुनूं के विकास के लिए फिलहाल पानी की महत्ती आवश्यकता है। उन्हें विश्वास है कि शुभकरण चौधरी यदि सांसद चुनकर जाएंगे तो प्रदेश और केंद्र सरकार से तालमेल बैठाकर सदियों पुरानी पानी की मांग को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी बृजेंद्र ओला मौजूदा में विधायक है। राज्य में भाजपा की सरकार है और केंद्र में भाजपा सरकार बनने जा रही है। ऐसे में ओला वो प्रभावी भूमिका अदा नहीं कर सकते यमुना का पानी लाने के लिए, जो प्रभावी भूमिका शुभकरण चौधरी अदा कर सकते हैं। इसलिए, उन्होंने शुभकरण चौधरी का समर्थन करने का फैसला लिया है।

उन्होंने इस मौके पर पत्रकारों से पूछे गए सवाल पर जवाब देते हुए कहा कि इससे भद्दी बात कोई और नहीं हो सकती, जो व्यक्ति उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पर टिप्पणी करें। उन्होंने कहा कि हनुमान बेनीवाल नागौर में अपनी हार से बौखला गया है। इसलिए अनाप शनाप बके जा रहा है। जबकि जगदीप धनखड़, ज्ञानप्रकाश पिलानियां, डॉ. हरिसिंह आदि ने उनके साथ मिलकर समाज को आरक्षण दिलाने का काम किया। इसके बाद जब एक बार आरक्षण पर आफत आई। हाईकोर्ट में 8-8 केस हो गए थे। उस वक्त 10 दिनों तक जगदीप धनखड़ ने सारे केस छोड़कर समाज के आरक्षण के लिए चीफ जस्टिस के सामने बहस की और आरक्षण पर आंच नहीं आने दी। आज जगदीप धनखड़ 40 सालों से समाज के लिए काम कर रहे हैं। वकालत के जरिए उन्होंने समाज के लिए काम किया। राज्यपाल बने, अब उप राष्ट्रपति है और आगे राष्ट्रपति भी बन सकते हैं। ऐसे व्यक्ति पर कोई घटिया और बेशर्म आदमी ही टिप्पणी कर सकता है। राजाराम मील ने कहा कि भाजपा के समर्थन में इसलिए भी आए हैं कि झुंझुनूं को पानी की दरकार है।

# व्यापारी को धमकी देकर पांच करोड़ की फिरौती मांगी

**बीकानेर, (निसं)।** जिले के श्रीडूंगरगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र में एक व्यापारी से पांच करोड़ रुपये की फिरौती की मांग की गई है। फिरौती की रकम नहीं देने पर व्यापारी व उसके पूरे परिवार को जान से मार देने की धमकी मिली है। पीड़ित व्यापारी जुगल तावणियां है, जो कि श्रीडूंगरगढ़ के मोमासर का रहने वाला है।

- परिवार को जान से मार देने की दी धमकी, मामला दर्ज कराया

इसने पुलिस को रिपोर्ट दी है कि गैंगेस्टर रोहित गोदारा के नाम से पिछले दो सालों से उसके पीछे पड़ा है। आरोप है कि आरोपी पांच करोड़ रुपये की फिरौती मांग रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक चार अप्रैल की दोपहर को गैंगेस्टर का उसके मोबाइल पर कॉल कर उसको डराया व धमकाया। कहा कि पांच करोड़ रुपये दो, नहीं तो तेरी, तेरे भाई व बेटे की हत्या कर देंगे। पांच अप्रैल की दोपहर तथा शाम को दो बार वॉइस मैसेज कर फिरौती मांगी तथा पूरे परिवार को जान से मार देने की धमकी मिली। रिपोर्ट में उसने गैंगेस्टर रोहित गोदारा तथा उसके गुर्गो से जान का खतरा बना होने का कहकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# भाजपा का संकल्प पत्र देश के हर वर्ग का हितैषी व सबकी उम्मीदें पूरा करेगा : डॉ. पूनियां

**हिसार/जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा प्रदेश लोकसभा प्रभारी डॉ. सतीश पूनियां ने लोकसभा चुनाव को भाजपा की ओर से जारी संकल्प पत्र को देश के हर वर्ग का हितैषी व जनता की उम्मीद बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने संकल्प पत्र में केवल वही बातें कही हैं, जो पूरी की जा सके। डॉ. सतीश पूनियां पार्टी जिला कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में लोकसभा चुनावों का बिगुल बजा हुआ है, पहले व दूसरे चरण का प्रचार अभियान जोरों पर है। दो चरणों की तैयारियां व पार्टी को मिल रहे जन समर्थन को देखते हुए


भाजपा हरियाणा प्रदेश लोकसभा प्रभारी सतीश पूनियां ने प्रेसवार्ता की।

- 'हरियाणा में सभी 10 सीटें और देश में 400 पार का संकल्प भी पूर्ण होगा'

हम निश्चित रूप से कह सकते हैं कि लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 पार का आंकड़ा आसानी से पार कर लेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपना संकल्प पत्र जारी कर दिया है, संकल्प पत्र जारी करने से पूर्व जनता से सुझाव भी मांगे गए और जनता से मिले सुझावों के अनुरूप ही पार्टी ने अपना संकल्प पत्र तैयार करके जारी किया है।

उन्होंने कहा कि पहले दो बार सरकारों का नेतृत्व करके प्रधानमंत्री मोदी ने देश के हर क्षेत्र में कायाकल्प करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और अब तीसरी बार सरकार बनने के बाद देश में जो परिवर्तन होंगे, उसे दुनिया देखेगी। मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षो के संकल्प भी धरातल पर लागू हो चुके हैं।

डॉ. सतीश पूनिया ने कहा कि वर्ष 2014 में विशुद्ध राजनीतिक क्रांति हुई और एनडीए ने पूर्ण बहुमत से केन्द्र में सरकार बनाई। अगले पांच साल बाद जनता ने भाजपा को और बड़ा जनादेश दिया, जिसके चलते भाजपा अपने दम पर सरकार बनाने में सफल रही है और तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 400 पार का नारा दिया है, जो अवश्य पूरा होगा। उन्होंने कहा कि 10 साल के शासनकाल में केन्द्र सरकार ने जो विकास कार्य करवाये हैं, उससे देश के सभी वर्गों की उन्नित के साथ वैचारिक व बुनियादी मुददों का समाधान हुआ है। इसी तरह राम मंदिर निर्माण व धारा 370 खत्म करने वाले ऐसे ऐतिहासिक निर्णय भी मोदी शासन में हुए। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के हरियाणा प्रभारी होने के नाते वह प्रदेशभर के विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों के दौरे पर हैं। हिसार में आज बैठक हुई है। इससे पहले अन्य लोकसभा क्षेत्रों की बैठकें की गई है। हर जगह से बहुत अच्छा रिस्पांस है, जिसके चलते हम कह सकते हैं कि प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा जीत दर्ज करेगी। पत्रकार वार्ता में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, लोकसभा उम्मीदवार रणजीत सिंह, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, हिसार जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़, जींद जिला अध्यक्ष राजू मोर, हिसार लोकसभा प्रभारी अमरपाल राणा, सह प्रभारी रवि सैनी, जिला महामंत्री अशोक सैनी व आशीष, जिला उपाध्यक्ष धर्मवीर, लोकसभा मीडिया प्रभारी राजेंद्र सपरा व सुरेश गोयल, सोशल मीडिया प्रमुख अमर पातड़ सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 80 लाख का मादक पदार्थ व हथियार बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**बाड़मेर, (निसं)।** लोकसभा चुनाव के मध्येनजर बाड़मेर पुलिस ने डीएसटी की सूचना पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सरहद लूणवा चारणान में रहवासी मकान पर दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ, पिस्टल, मैगजीन और कारतूस बरामद किये हैं। इस मामले में पुलिस ने 5 हजार के इनामी आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मादक पदार्थों के विरुद्ध यह अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मादक पदार्थ व हथियार की खरीद फरोख्त की जांच में जुट गई है।

पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बाड़मेर जसाराम बोस, सुखाराम विश्नोई, वृताधिकारी वृत गुड़ामालानी के सुपरविजन मे डीएसटी टीम प्रभारी अमीन खां व थानाधिकारी पुलिस थाना गुड़ामालानी मुक्ता पारीक मय पुलिस टीम द्वारा डीएसटी टीम की सूचना पर सरहद लूणवा चारणान में पप्पू उर्फ नरेश कुमार विश्नोई निवासी लूणवा चारणान के मकान से 15 किलो 782 ग्राम अवैध अफीम दूध, एक पिस्टल, दो मैग्जीन एवं चार कारतूस बरामद कर 5000 रूपये के ईनामी पप्पू उर्फ नरेश विश्नोई को गिरफ्तार किया। अवैध मादक पदार्थ व हथियार की अनुमानित कीमत करीब 80 लाख रूपये आंकी गई है।

पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि डीएसटी टीम को मुखबीर से सूचना मिली कि पप्पू उर्फ नरेश कुमार पुत्र गंगाराम विश्नोई निवासी लूणवा

- 15 किलो 782 ग्राम अवैध अफीम दूध, एक पिस्टल, दो मैग्जीन एवं चार कारतूस बरामद किये
- पुलिस ने डीएसटी की सूचना पर लूणवा चारणान में रहवासी मकान पर दबिश देकर कार्रवाई की

चारणान पुलिस थाना गुडामालानी जो अवैध अफीम का बड़ा तस्कर है तथा आज उसके रहवासी मकान में भारी मात्रा में अफीम का दूध की खेप बरामद हो सकती है। उक्त पप्पू उर्फ नरेश कुमार पुलिस थाना धोरीमन्ना के प्रकरण में 5000 रूपये का ईनामी अपराधी भी है। उक्त सूचना पर प्रभारी डीएसटी टीम व थानाधिकारी पुलिस थाना गुड़ामालानी टीम को कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये। जिस पर पुलिस टीम द्वारा मुलजिम पप्पू उर्फ नरेश कुमार के रहवासी मकान पर दबिश दी गई जहां मुलजिम पुलिस टीम को देखकर भागने व छुपने की कोशिश करने लगा, मगर टीम द्वारा घेरकर दस्तयाब किया गया। मुलजिम के मकान की तलाशी ली गई तो मकान में बने कमरे के अन्दर लकड़ी के पलंग में बने बॉक्स में 11 प्लास्टिक की थैलियों में भरा 15 किलो 782 ग्राम अफिम दूध व एक देशी पिस्टल मय 2 मैगजीन व चार कारतूस बरामद की गई। इस सम्बन्ध मे पुलिस थाना गुडामालानी पर एनडीपीएस एक्ट व 3/25 आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया व मुलजिम से अवैध मादक पदार्थ खरीद फरोख्त के सम्बन्ध में पूछताछ की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया की उक्त कार्यवाही में डीएसटी टीम के कांस्टेबल रमेश कुमार की विशेष भूमिका रही। मुलजिम के विरुद्ध पूर्व में एनडीपीएस एक्ट पुलिस थाना धोरीमना, पुलिस थाना हैदराबाद के सिण्डीकेट थाने में एक किलो अफीम का दूध बरामदगी व एनडीपीएस एक्ट पुलिस थाना कोतवाली जालौर में प्रकरण दर्ज है।

# पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

## काश्तकारी खाते में नाम के शुद्धिकरण की एवज में रिश्वत मांगी थी

**रावतभाटा, (निसं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की स्पेशल यूनिट, कोटा इकाई द्वारा रविवार को रावतभाटा में कार्यवाही करते हुये रविन्द्र कुमार पटवारी पटवार हल्का श्रीपुरा, भैंसरोडगढ़ तहसील रावतभाटा, जिला चित्तौड़गढ़ को परिवादी से 5 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी (अतिरिक्त चार्ज महानिदेशक) ने बताया कि एसीबी की स्पेशल यूनिट कोटा, इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि काश्तकारी खाते में उसके नाम के शुद्धिकरण की एवज में आरोपी रविन्द्र कुमार पटवारी द्वारा 5 हजार रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर एसीबी कोटा के उप महानिरीक्षक पुलिस कल्याणमल मीणा के सुपरविजन में एसीबी स्पेशल यूनिट, कोटा इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकुल शर्मा के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर


एसीबी की टीम ने रिश्वत के आरोपी पटवारी को गिरफ्तार किया।

रविवार को उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी रविन्द्र कुमार पटवारी पटवार हल्का श्रीपुराको परिवादी से 5 हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

# सचिन पायलट की मोलाहेड़ा में जनसभा आज

**कोटपूतली, (निसं)।** लोकसभा चुनाव को लेकर पहले चरण के मतदान के चुनाव प्रचार के अन्तिम दौर में सोमवार 15 अप्रैल को एआईसीसी महासचिव व पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट जयपुर ग्रामीण से कांग्रेस प्रत्याशी अनिल चौपड़ा के समर्थन में विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

पायलट ग्राम मोलाहेड़ा स्टैण्ड पर राजमार्ग के निकट बनाये जा रहे सभा स्थल पर दोपहर तीन बजे विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे। जनसभा को लेकर तैयारियां जोरों पर है। इसको लेकर पुलिस प्रशासन के द्वारा भी माकुल प्रबंधन किये गये है। वहीं सभा स्थल पर 400 फीट लम्बा व 200 फीट चौड़ा वॉटर प्रुफ डोम टैण्ट लगाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि आयोजन स्थल पर करीब 25 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है।

आयोजकों के अनुसार पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट सड़क मार्ग द्वारा कोटपूतली पहुंचेंगे। पायलट सोमवार दोपहर बांदीकुई में आयोजित एक चुनावी सभा में भाग लेने के बाद कोटपूतली आयेंगे। उनके साथ जनसभा को पूर्व सांसद दीपेन्द्र हुड्डा, जिलाध्यक्ष गोपाल मीणा, शाहपुरा विधायक मनीष यादव, आमेर विधायक प्रशांत शर्मा, फुलेरा विधायक विद्याधर चौधरी, पूर्व विधायक इन्द्राज गुर्जर अन्य भी सम्बोधित करेंगे।

# आकाशीय बिजली गिरने से नौ जने झुलसे, तीन की हालत गंभीर

## चांडासर गजनेर लिंक सड़क पर एक पेड़ पर बिजली गिरी थी

**बीकानेर, (निसं)।** जिले के गजनेर थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर में बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से नौ जने झुलस गए। इनमें से तीन जने गंभीर रूप झुलसे, जिन्हें पीबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि छह जनों को गजनेर सीएचसी में ही प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। गजनेर थाना एसएचओ राकेश स्वामी ने बताया कि चांडासर गजनेर लिंक सड़क पर स्थित ईंट-भट्टे के पास एक पेड़ पर बिजली गिरी। इस दौरान भट्टे पर कार्य कर रहे लोग भी उसकी चपेट में आ गए। तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली गिरने के साथ ही उनकी चपेट में आए महिला और बच्चों के चिल्लाने की आवाज सुनकर आस-पास के मजदूर भाग कर आए और सभी घायलों को तत्काल निजी वाहन से सीएचसी गजनेर लाया गया। इनमें से छह जनों को गजनेर में ही उपचार के बाद घर भेज दिया गया। वहीं, गंभीर रूप से झुलसे तीन जनों को पीबीएम अस्पताल रैफर किया गया।

**रोही में युवक पर गिरी आकाशीय बिजली, मौत :-**बीकानेर जिले में बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई। इस आशय की मर्ग रिपोर्ट बीकानेर के सीमावर्ती रणजीतपुरा पुलिस थाने में दर्ज की गई है। मृतक के पिता मलकीत सिंह ने इस आशय की मर्ग रिपोर्ट पुलिस को दी है। रिपोर्ट में बताया कि 13 अप्रैल की दोपहर को चारणवाला गांव की रोही स्थित 80 आरडी पर बरसात के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से उसके पुत्र गुरप्रीत सिंह की मौत हो गई।

# बरसात होने से किसान चिंतित, गर्मी से मिली राहत

**बीकानेर, (निसं)।** मौसम में आए बदलाव के चलते जहां दूसरे दिन रविवार को भी बरसात का सिलसिला जारी रहा। वहीं मौसम ने बीकाणा की फिजां में ठंडक घोल दी है। जिससे गर्मी के दौरान मौसम सुहावना हो गया। हाल फिलहाल अभी भी आसमां में बादलवाही जारी है। बीकानेर में बूंदाबांदी के बाद एकबारगी हुई झमाझम बारिश ने बीकानेर के निचले स्थानों पर पानी भर दिया है।

बरसात का सिलसिला दूसरे दिन रविवार को भी जारी रहा। हालांकि कल जितनी तेज बरसात नहीं थी, किंतु इतनी बारिश हुई कि एकबारगी परनाले बहे। सड़कों पर पानी बह गया तथा नालियां उफान पर रही। यह सवेरे-सवेरे हुआ। उसके बाद कुछ देर के लिए सूर्यदेव के दर्शन जरूर हुए, किंतु देखते ही देखते एक बार फिर बादलों ने आसमां को ढक दिया। उधर लगातार बीकानेर में हो रही बरसात के चलते ठंडक बढ़ गई है। जिसके चलते पिछले दिनों से गर्मी सहन कर रहे लोगों को काफी राहत मिली है। उधर इस मौसम में हो रही बरसात ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

- झमाझम बारिश से बीकानेर के निचले स्थानों पर पानी भरा

बीकानेर के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। रविवार को बीकानेर में अधिकतम तापमान 31 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहा। वातावरण में 45 फीसदी नमी रही तथा रूक-रूककर 16 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चल रही हवा राहत दे रही थी। उधर मौसम के आए बदलाव के चलते अचानक बाहर निकले कूलर व एसी लोगों ने बंद कर दिए है तथा फिलहाल फंखों से ही काम चला रहे हैं। दूसरी ओर मौसम विभाग व मौसम के जानकारों की मानें तो इस पूरे हफ्ते मौसम कमोबेश इसी प्रकार का रहने वाला है।

# कोई भी कार्य उत्तेजना में नहीं, योजना के अनुरूप होना चाहिए : स्वामी गोविन्द देव

## ''छत्रपति शिवाजी महाराज कथा'' से पूरे राष्ट्र में नवचेतना का संचार हो रहा है : स्वामी रामदेव

**हरिद्वार,** (निसं)। पतंजलि विश्वविद्यालय में आयोजित ''छत्रपति शिवाजी महाराज कथा'' के छठवें दिन पूज्य स्वामी गोविन्द देव गिरि महाराज ने कहा कि अनुशासन का पालन करने वाले थोड़े से लोग भी योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें तो बड़े कार्य को सिद्ध कर सकते हैं। समय की प्रतीक्षा करना आना चाहिए, कोई भी कार्य उत्तेजना में नहीं, योजना के अनुरूप होना चाहिए। मुट्ठी भर अंग्रेजों ने भारत आकर 150 वर्षों तक राज किया, इसका मुख्य कारण योजना और अनुशासन था।

उन्होंने कहा कि इस कथा में सारा इतिहास विश्वासघात का इतिहास है। ऐसे कई प्रसंग हैं जिनमें पराक्रम, वीरता, साहस के साथ-साथ छल, धोखा व विश्वासघात दिखाई पड़ता है। जीजा माता के पिता व दो भाइयों को धोखे से मारा गया। शिवाजी महाराज के बड़े भाई सम्भाजी को भी अफजल खान ने विश्वासघात से मारा। जीजा माता की वेदना कैसे शांत हो सकती थी जिसने अपने पिता, भाइयों व पुत्र को खोया हो। जगदम्बा माता के मंदिर को अफजलखान ने तोड़ा था, वह घाव शिवाजी महाराज के अंत:करण में था। जीजा माता के साथ-साथ सम्पूर्ण भारत की यह आकांक्षा थी कि इन पापियों को कुचलने का सत्र आरम्भ होना चाहिए। माता जीजा के संकल्प को शिवाजी महाराज ने अफजलखान को मारकर पूरा किया। जो कार्य भगवान राम ने रावण को मारकर किया, भगवान कृष्ण ने कंस का निंकदन करके किया, वही कार्य शिवाजी महाराज ने अफजलखान का संहार करके किया।



''छत्रपति शिवाजी महाराज कथा'' के छठवें दिन गोविन्द देव गिरि महाराज ने कथा का वाचन किया।

कार्यक्रम में स्वामी रामदेव महाराज ने कहा कि जब हम सनातन धर्म के संरक्षक, उद्गाता, उसके प्रणेता, और राष्ट्र जागरण के पुरोधा छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन को देखते हैं तो एक महान व्यक्तित्व हमारे आँखों के सामने आ जाता है। महाराजश्री के श्रीमुख से उनके जन्म, हिन्दु साम्राज्य के उनके दृढ निश्चय और यवनों, मुगलों व क्रूर अत्याचारियों के संहार की कथा सबके हृदय को बहुत प्रकार से प्रेरित करने वाली है। इस कथा के विभिन्न संदर्भ हैं जिसके वैचारिक, सामाजिक, आध्यात्मिक, राजनैतिक, राष्ट्रीय और आने वाले दीर्घकालिक उनके पूरे पक्ष व पहलुओं को पूज्य महाराजश्री बहुत तार्किक और व्यवहारिक रूप से बता रहे हैं।

उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज ने सनातन धर्म, राष्ट्र धर्म के साथ एक विराट लक्ष्य लेकर जो इतना बड़ा प्रचंड पुरुषार्थ और पराक्रम किया आज उस रूप में युद्ध की आवश्यकता नहीं है लेकिन हमारी सांस्कृतिक विरासत के विरूद्ध आज भी वैचारिक संग्राम, सांस्कृतिक संग्राम, आर्थिक युद्ध, राजनैतिक युद्ध, सामाजिक युद्ध चारों ओर अभी भी चल रहा है। हमारी शिक्षा, चिकित्सा, खान-पान, वेश-भूषा, तथा हमारी भाषा आदि सभी तरह से हमारे गौरव को धूमिल करने के लिए जो कुत्सित प्रयास करते हैं और चारों तरफ जो राजसिक, तामसिक, आसुरी

■ हमारी सांस्कृतिक विरासत के विरूद्ध आज भी वैचारिक संग्राम, सांस्कृतिक संग्राम, आर्थिक युद्ध, राजनैतिक युद्ध, सामाजिक युद्ध चल रहा है : स्वामी रामदेव

शक्तियां संगठित होकर छद्म रूप से जो प्रहार करती हैं, इन सबके विरूद्ध हम सबको संगठित होकर अपने-अपने उत्तरदायित्वों का निर्धारण करना है।

यहाँ पर पतंजलि बाल गुरुकुलम् के तीन-चार वर्ष के बच्चे भी कथा का श्रवण कर रहे हैं। यहाँ उनके भीतर संस्कारों के बीज बोये जा रहे हैं क्योंकि बच्चों का अवचेतन मन बड़ों से लाखों गुणा ज्यादा सक्रिय होता है। यह कथा मात्र पतंजलि योगपीठ के परिसर में नहीं हो रही है, आस्था चैनल के माध्यम से इस कथा का विचार व संस्कार विश्वव्यापी हो रहा है और पूरे राष्ट्र में नवचेतना का संचार हो रहा है।

उन्होंने कहा कि एक परिवार को अखण्ड रखना बहुत बड़ी चुनौती होती है, 99 प्रतिशत परिवार खण्डित हो जाते हैं, बिखर जाते हैं। पूरे राष्ट्र को अखण्ड करने का एक बड़ा संकल्प और उसको मूर्त रूप देने का कितना बडा अप्रतिम पुरुषार्थ छत्रपति शिवाजी महाराज ने किया। ऐसा एक संकल्प हम बचपन से ही ले लें, जैसे आज पतंजलि के योग, आयुर्वेद, स्वदेशी, भारतीय शिक्षा, चिकित्सा व्यवस्था और सनातन धर्म मूलक ज्ञान-विज्ञान, अनुसंधान, अविष्कार से करोड़ों लोगों का उपचार और उपकार का ये जो बहुत बड़ा महायज्ञ चल रहा है, इसके मूल में भी योग का बीज है। इस अवसर पर ओसवाल पम्प के डायरेक्टर व पतंजलि परिवार के वरिष्ठ पद्मसेन आर्य ने सपत्नीक आरती में भाग लिया। कार्यक्रम में भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी अधिकारी एन.पी. सिंह, पतंजलि विश्वविद्यालय की मानविकी संकायाध्यक्षा साध्वी आचार्या देवप्रिया, भारत स्वाभिमान के मुख्य केन्द्रीय प्रभारी भाई राकेश 'भारत' व स्वामी परमार्थदेव, पतंजलि विश्वविद्यालय के आई.क्यू.ए.सी. सैल के अध्यक्ष प्रो. के.एन.एस. यादव, कुलानुशासक स्वामी आर्षदेव सहित सभी शिक्षण संस्थान यथा- पतंजलि गुरुकुलम्, आचार्यकुलम्, पतंजलि विश्वविद्यालय एवं पतंजलि आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्यगण व विद्यार्थीगण, पतंजलि संन्यासाश्रम के संन्यासी भाई व साध्वी बहनें तथा पतंजलि योगपीठ से सम्बद्ध समस्त इकाइयों के इकाई प्रमुख, अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### बाबा साहेब को दी विनम्र श्रद्धांजलि




**अलवर,** (निसं)। दलित शोषण मुक्ति मंच (डीएसएमएम) अलवर के कार्यकर्ताओं ने रविवार को अंबेडकर सर्किल स्थित भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सादर नमन किया तथा बाबा साहेब की वैचारिक विरासत को आगे ले जाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब अमर रहे, दलितों पर अत्याचार नहीं सहेंगे, महिला उत्पीडन पर रोक लगाओ, निजीकरण पर रोक लगाओ, महंगाई पर रोक लगाओ, बेरोजगारी पर लगाओ, जातिवाद का नाश हो, सांप्रदायिकता मुर्दाबाद, भाईचारा जिंदाबाद के नारे लगाए। लोगों से एकजुट होकर बाबा साहब के सपनों के सामाजिक एवं आर्थिक शोषण से मुक्त,एक समतामूलक भारत के निर्माण के लिए संघर्ष का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला संयोजक बीएल वर्मा, जिला सह संयोजक फतेहसिंह एवं एडवोकेट श्याम सुंदर जाटव, जीतसिंह, माकपा जिला सचिव रईसा, लेखराज पांचाल, एडवोकेट पंकज सांवरिया, सुनीता फतेहसिंह, एडवोकेट शन्नो, ताराचंद, दीनदयाल, बंटी, बबली,उमेश कुमार, खेमचंद जाटव, गिर्राज प्रसाद, अशोक वर्मा, भीमसिंह, रिंकू वर्मा, विजय सिंह सहित बडी संख्या में मंच कार्यकर्ता शामिल रहे।

### भयमुक्त होकर मतदान की अपील

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। आगामी लोकसभा चुनाव के मध्य नजर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। इसी को लेकर रविवार को श्रीमाधोपुर शहर में रेलवे स्टेशन रोड से सम्पूर्ण शहर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया। जानकारी के अनुसार एएसआई जयप्रकाश सिंह के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस तथा बीएसएफ की फोर्स हथियारों के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया वही ग्राम जाजोद में जाजोद थानाधिकारी रामसिंह के नेतृत्व में पुलिस तथा बीएसएफ के जवानों ने फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च श्रीमाधोपुर शहर, कल्याणपुरा, कंचनपुर, जोरावरनगर तथा जाजोद थाना इलाके के पुजारीकाबास, जाजोद, गोविंदपुरा, उदयपुरा में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च को लेकर जवानों ने व्यापारियों और आम जनता को सुरक्षा व शांति का भरोसा दिया। चुनाव में प्रसासन की जिम्मेदारी है कि कैसे चुनाव को भयमुक्त और शांति पूर्वक कराया जाये। शांति पूर्वक व निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव कराने को लेकर शहर के मुख्य गलियों बाजारों तथा ग्रामीण क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। जवानों ने मतदाताओं को भय मुक्त होकर शांतिपूर्ण सौहार्द के साथ अधिक से अधिक निष्पक्ष मतदान करने का आह्वान किया।

### प्रतिभाओं का सम्मान

**सांभरझील,** (निसं)। अंबेडकर चेतना समिति की तरफ से बाबा साहब की जयंती पर आयोजित अनेक कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में नाम रोशन करने वाली 100 से अधिक प्रतिभाओं का मंच पर सार्वजनिक अभिनंदन किया गया। खास बात यह रही की वाल्मीकि समाज के राजेश उर्फ राजू गोयर की पुत्री द्वारा खेल प्रतिभा में हुनर दिखाने पर रानू गोयर, तमन्ना गोयर, त्रिवेणी गोयर व शानू गोयर को चेतना समिति के पदाधिकारियों ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तो पंडाल तालियों की गडगडाहट से गूंज उठा। बाबा साहब की जयंती पर महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ज्ञान प्रकाश दायमा ने उनकी जीवनी पर विस्तृत रोशनी डाली। समिति के विनोद दुलारिया सहित अनेक ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रमुख मार्गों पर लोगों ने पुष्प वर्षा से स्वागत किय। इस मौके पर सैकडों लोगों ने भाग लिया।

## संक्षिप्त

### स्मैक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**टोंक/निवाई,** (निसं)। वृत्ताधिकारी निवाई मृत्युन्जय मिश्रा एवं निवाई थानाधिकारी हरिराम वर्मा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये निवाई क्षेत्र के भैरुजी मन्दिर के पास, पहाड की तलहटी दौरानें गश्त अवैध मादक पदार्थ स्मैक के साथ आरोपी गोलू सैनी उर्फ लुडकी पुत्र लीलाराम सैनी जाति माली उम्र 23 साल निवासी लक्ष्मीनाथ के मन्दिर के पास मालियों का मोहल्ला कस्बा निवाई जिला टोंक को 3.15 ग्राम स्मैक के साथ अवैध मादक पदार्थ स्मैक को एनडीपीएस एक्ट में जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

### बच्छराज बने ट्रस्ट के अध्यक्ष

**मालपुरा,** (निसं)। देवनारायण गुर्जर विकास परिषद ट्रस्ट डिग्गी की बैठक रविवार को ट्रस्ट अध्यक्ष छोगालाल गुर्जर की अध्यक्षता मे आयोजित की गई। बैठक में मौजूद सदस्यों ने ट्रस्ट की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमे बच्छराज गुर्जर मालपुरा को ट्रस्ट अध्यक्ष नानूलाल भडाणा को उपाध्यक्ष,उद्दाराम झिंझर को महामंत्री,जगदीश हरसल को कोषाध्यक्ष व कमलेश भालोट को संगठन मंत्री के पद पर मनोनीत किया गया। साथ ही कार्यकारिणी सदस्यो के रूप मे बद्रीलाल डोई,शिवराज कोली, विष्णु कसाणा, बालूराम बोर्ड, हनुमान छापडी को सदस्य मनोनीत किया गया।

### रामलाल शर्मा ने किया जनसंपर्क

**चौमूं/कालाडेरा,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी सीकर लोकसभा प्रत्याशी सुमेधानंद सरस्वती के समर्थन में रविवार को भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने ग्रामों और ढाणियों में जाकर कार्यकर्ताओं और आमजन से जनसंपर्क किया।

## मंत्री विजय चौधरी ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**सांभरझील,** (निसं)। गुढा में शनिवार को राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी ने औचक दौरा किया। राष्ट्रीय आध्यात्मिक ज्ञान सेवा केंद्र पहुंचने पर दादू द्वारा के मंहत धर्मेंद्र दास व कार्यकर्ताओं ने दुपट्टा ओढाकर स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा समस्याओं का निराकरण नहीं होने की शिकायत पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही बुला आवश्यक निर्देश दिए। ग्रामीणों ने मंत्री विजय चौधरी से बावडी की ढाणी में नंगे विधुत तारों पर केबल लगाने, ग्यारह हजार विधुत लाईन को शिफ्ट कराने, बंद पडे टंकी निर्माण को चालू कराने, बीसलपुर पेयजल आपूर्ति को सुचारू करवाने, रेलवे स्टेशन, बस स्टेंड व मुख्य सडक मार्गों के बीच आ रहे विधुत पोलों को हटवाने, सरकारी स्कूल के पास बने बुचडखाने व शराब की दुकान को हटवाने की पुरजोर मांग की। इस दौरान मारोठ पूर्व सरंपच चुनीलाल, बीजेपी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पवन शर्मा, गौशाला अध्यक्ष गजानंद भार्गव, प्रधान प्रतिनिधि राजेश गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

## देवगंज के लोगों ने मतदान का किया बहिष्कार

**निवाई,** (निसं)। मंडावर ग्राम पंचायत नटवाडा की ढाणी देवगंज के लोगों ने पक्की सडक की मांग को लेकर लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार कर वोट नहीं डालने का फैसला किया है। ग्रामीण इस रास्ते को लेकर लगातार कई सालों से जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को अवगत करवा रहे है लेकिन कोई रास्ता नहीं निकल पाया है।

वही आगामी 26 अप्रेल को होने वाले लोकसभा चुनाव में किसी को भी वोट नही देंगे। ग्रामीणों का कहना है कि हमारे वोट की कोई कीमत नहीं, तो फिर वोट देने ही क्यों जाए। 7 सौ आबादी वाली ढाणी में लगभग 4 सौ मतदाता है जिन्होने मतदान के बहिष्कार की बात की हैं। ग्रामीणों द्वारा बैनर टांगकर मतदान का बहिष्कार करने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुचे तहसीलदार रामधन गुर्जर एवं विकास अधिकारी सविता राठौड ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीणों ने किसी की एक नहीं सुनी एवं अपनी मांग पर अडे रहे। मंडावर ग्राम पंचायत के ढाणी देवगंज के निवासी सडक ना बनने से नाराज है। यही कारण है कि उन्होंने आगामी 26 अप्रैल को होने वाले मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय किया है। एक तरफ जिला प्रशासन मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए बैठकों का दौर चला रही है। वहीं दूसरी तरफ ग्रामीण क्षेत्र में सडक नहीं तो वोट नहीं की मांग उठ रही है।

## भाजपा के पक्ष में मांगे वोट

**कोटपूतली,** (निसं)। श्री देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष व भाजपा प्रदेश महामंत्री ओमप्रकाश भडाना शनिवार शाम कोटपूतली के दौरे पर रहे। भडाना ने ग्राम नांगल पण्डितपुरा व मोरदा में जनसम्पर्क कर जयपुर ग्रामीण से भाजपा प्रत्याशी राव राजेन्द्र सिंह के समर्थन में मतदान की अपील की। उनका ग्रामीणों ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया।

स्वागत समारोह को सम्बोधित करते हुये भडाना ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने विगत दस वर्षो में लोक कल्याण के लिये अभूतपूर्व कार्य किये है। पीएम मोदी ने गांव, गरीब, किसान, मजदूर व पिछडों के कल्याण के लिये अनेकों योजनायें बनाई है। उन्होंने गुर्जर समाज के पंच पटेलों की बैठक लेकर भाजपा उम्मीदवार को समर्थन देने का आह्वान किया। भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री एड. हीरालाल रावत ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में कोटपूतली का सर्वांगीण विकास होगा। इस दौरान उप प्रधान प्रतिनिधि एड. राजेन्द्र रहीसा, जिला प्रवक्ता एड. मुकेश चनेजा, नाहरसिंह सरपंच, रोहिताश सिंधु, देवनारायण लताला, सांवतराम रावत, चेतराम रावत, राजाराम कसाना, राकेश कसाना समेत अन्य मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने मतदान केंद्र पर आधारभूत सुविधाएं जांची

**टोंक,** (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) के निर्देश एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एसडीएम) टोंक के निर्देशन में लोकसभा चुनाव-2024 के सफल आयोजन के लिए मतदान अधिकारियों का द्वितीय प्रशिक्षण 14 व 15 अप्रैल (पीआरओ, पीओ-1) एवं 16 व 18 अप्रैल तक (पीओ-2, पीओ-3) महिला मतदान अधिकारी का कृषि प्रशिक्षण केंद्र टोंक में आयोजित किया जा रहा है।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा ने रविवार को चल रहे प्रशिक्षण प्रक्रिया का निरीक्षण कर मतदान अधिकारियों के दायित्व और कर्तव्यों के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा किए गए नवीन परिवर्तनों से अवगत करवाया। इस दौरान निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एसडीएम टोंक राहुल सैनी ने प्रशिक्षणार्थियों को राज्य निर्वाचन विभाग के निर्देशों की पालना करते हुए प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने के लिए प्रेरित किया ताकि मतदान दिवस पर आने वाली समस्याओं से बचा जा सके।

प्रशिक्षण के दौरान एसएलएमटी विमल कुमार जैन, कृष्ण गोपाल शर्मा व विधानसभा स्तर के सभी मास्टर ट्रेनर्स भंवर लाल, महेश चंद, बाबूलाल, तुलसीदास, अशोक कुमार, जितेंद्र जैन, राजू लाल यादव ने मॉक पोल प्रक्रिया से संबंधित मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय के कार्यो व नवीन निर्देशों के बारे में विस्तार से समझाते हुए ईवीएम मशीन के सफल संचालन का प्रशिक्षण दिया। प्रकोष्ठ प्रभारी अधिकारी व सहायक प्रभारी अधिकारी ने बताया कि प्रथम दिवस प्रशिक्षण के दौरान 246 पीआरओ व 108 पीओ-1 एवं एसडीएम कार्यालय से रामेश्वर प्रसाद चौधरी, तहसीलदार रामधन चौधरी, नायब तहसीलदार निर्भय शर्मा, सहायक विकास अधिकारी छोटेलाल, सीबीओ सीताराम गुप्ता व प्रवीण चौधरी मौजूद रहे। लोकसभा चुनाव के मध्यनजर जिले के मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित कर शत-प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से जिले के सभी मतदान केंद्रों पर आओ बूथ चलो अभियान के तहत रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एसडीएम) से मतदाता मार्गदर्शिका (वोटर गाइड) एवं मतदाता पर्ची (वोटरस्लिप) वितरण की जानकारी ली। साथ ही, मतदान केंद्र पर आधारभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया।

# जल जीवन मिशन का पानी घर-घर पहुंचाना पहली जिम्मेदारी : भूपेंद्र यादव

**अलवर,** (निसं)। भाजपा लोकसभा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव ने रविवार को राजगढ लक्ष्मणगढ विधानसभा क्षेत्र के करीब तीन दर्जन गांवों का तूफानी दौरा कर जनसंपर्क किया और नुक्कड सभाएं कर मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट की अपील की। भूपेंद्र यादव ने जनसंपर्क की शुरुआत अलवर में बाबा भीमराव अंबेडकर सर्किल पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माला अर्पण कर की।


जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव ने संबोधन में कहा 36 बिरादरियों को साथ लेकर बिना किसी जातिवाद एवं भेदभाव के आपका भाई आपका बेटा बनकर अलवर की सेवा करने का संकल्प लेकर आशीर्वाद लेने के लिए आप लोगों के बीच आया हूं। अलवर की धरती पानी से सूख रही है और मोदी की जल जीवन मिशन योजना के तहत जो घर-घर पीने का पानी पहुंचना था वह भी कांग्रेस सरकार के रहते भ्रष्टाचार की भेंट चढ गया। बिन पानी सब सूना है इसलिए संकल्प के साथ अलवर की सूखती धरती पर नहर का पानी लाना और प्रधानमंत्री मोदी की जल जीवन मिशन का पानी घर-घर नल से पहुंचाना मेरी पहली जिम्मेदारी रहेगी। उन्होंने कहा कांग्रेस डूबता जहाज है। इसलिए ज्यादा चिंता मत करो। कांग्रेस के लोग भी जानते हैं की तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

■ 'हर वर्ग के विकास की गारंटी है भाजपा का संकल्प पत्र'

अलवर लोकसभा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि हर वर्ग के विकास की गारंटी है भाजपा का संकल्प पत्र। उन्होंने कहा की भाजपा कभी भी ऐसा वादा नहीं करती जिसे पूरा नहीं किया जा सके। उन्होंने बताया की संकल्प पत्र में भाजपा ने वादा किया है कि वो जल्द देश में यूसीसी लागू करेंगे। भाजपा ने वरिष्ठ नागरिकों से भी एक खास वादा किया है। अब आयुष्मान योजना के दायरे में 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को लाया जाएगा। उन्होंने कहा की आयुष्मान योजना के दायरे में अब ट्रांसजेंडर भी आएंगे। संकल्प पत्र में वादा किया गया है कि दिव्यांगों को पीएम आवास योजना में प्राथमिकता दी जाएगी।भूपेंद्र यादव ने कहा कि हम देश में वन नेशन वन इलेक्शन को लागू करने पर कदम बढाएंगे और आगे भी भ्रष्टाचारियों पर सख्त कार्रवाई जारी रखेंगे। भूपेंद्र यादव ने बताया की महिलाओ के लिए बहुत कुछ किया है।

उन्होंने बताया की सरकार महिलाओं के लिए स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करते हुए एनीमिया, स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर और ऑस्टियोपोरोसिस की रोकथाम और कमी पर केंद्रित मौजूदा स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। भूपेंद्र यादव ने युवाओं के लिए भी इस संकल्प पत्र में बहुत कुछ होने की बात कही। उन्होंने कहा की राजस्थान में हुए पेपर लीक का दर्द मोदी को भी था इसलिए अब पेपर लीक रोकने के लिए कानून लागू लाया जाएगा। पार्टी ने कहा कि देश भर में भर्ती परीक्षाओं में भ्रष्टाचार रोकने के लिए एक सख्त कानून बनाया गया है। अब युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड करने वालों को कडी सजा सुनिश्चित करने के लिए इस कानून को देश भर में सख्ती से लागू किया जाएगा। यात्रा के दौरान बडी संख्या में भाजपा नेता मौजूद रहे।





गायकवाड़ काफी प्रभावशाली हैं और उसे पता है कि उन्हें क्या करना है। मुझे लगता है कि गायकवाड़ की बल्लेबाजी को धीमा कहना सही नहीं है। गायकवाड़ अच्छा खेल रहे हैं। - स्टीफन फ्लेमिंग

चैन्नई सुपरकिंग्स के हैड कोच, ऋतुराज गायकवाड़ के बारे में बोलते हुए।




**आज का खिलाड़ी**



**दीपेन्द्र सिंह**

दीपेंद्र सिंह टी20 में 6 गेंद में 6 सिक्स जड़े:नेपाली बैटर ऐसा करने वाले तीसरे बल्लेबाज; कतर के खिलाफ बनाए नाबाद 64 रन नेपाल के बैटर दीपेंद्र सिंह एरी ने कतर के खिलाफ एसीसी प्रीमियर कप के 7वें मैच में 6 गेंद में 6 सिक्स लगाया। वह इंटरनेशनल क्रिकेट में ऐसा करने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए। उनसे पहले साल 2007 में युवराज सिंह ने टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में यह कारनामा किया था। वहीं कायरन पोलार्ड ने 2021 में श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज में 6 गेंद पर 6 छक्के लगाए थे।

**क्या आप जानते हैं ?...** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का विश्व रिकॉर्ड ब्रायन लारा के नाम है। लारा ने 1994 में वारविकशायर की तरफ से डरबन के खिलाफ 501 रन की नाबाद पारी खेली।

# चेन्नई ने मुंबई को 20 रनों से हराया

## रोहित का शतक बेकार, पथिराना ने 4 विकेट लेकर पलटा मैच

### धोनी ने लगातार तीन छक्के जड़े




मुम्बई, 14 अप्रैल। इंडियन प्रीमियर लीग के एल-क्लासिको को चेन्नई सुपर किंग्स ने 20 रन से जीत लिया। टीम ने मुंबई इंडियंस को उन्हीं के होमग्राउंड पर हराया। टीम से पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने शतक लगाया लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके। रोहित ने 63 बॉल पर नॉटआउट 105 रन बनाए।

से मथीश पथिराना ने 4 विकेट लिए, उन्होंने ही अहम मौकों पर 4 बड़े विकेट लेकर टीम की वापसी कराई और मैच भी जिताया। टीम से एमएस धोनी ने भी आखिरी 4 गेंदों पर 3 छक्के लगाकर नॉटआउट 20 रन बनाए। में और के बीच मैच को एल-क्लासिको कहते हैं। दोनों टीमों के बीच ऐतिहासिक राइवलरी है, दोनों ने ही 5-5 खिताब जीते हैं। खास बात ये है कि 2010 में ने अपना टाइटल को फाइनल में हराकर ही जीता था। वहीं ने अपने 5 में से 3 खिताब को हराकर ही जीते हैं।

इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान ऋतुराज गायकवाड (69), शिवम दुबे नाबाद (66) रन और आखिरी ओवर में महेन्द्र सिंह धोनी के चार गेंदों में (20) रनों की छक्कों वाली पारियों की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 29वें मुकाबले में मुम्बई इंडियंस को जीत के लिए 207 रनों का लक्ष्य दिया है।

आज यहां वानखेड़े स्टेडियम मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने सलामी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे (5) रन का विकेट दूसरे ही ओवर में गवां दिया। इसके बाद आठवें ओवर में रचिन रविंद्र 16 गेंदों में (21) रन बनाकर पवेलिय लौट गये। ऋतुराज और शिवम ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिये 90 रन जोड़े। ऋतुराज गायकवाड़ ने 40 गेंदों में पांच चौके और पांच छक्के लगाते हुए (69)रन बनाये। शिवम दुबे 38 गेंदों में 10 चौके और दो छक्के लगाते हुए (66) रन पर नाबाद रहे। डैरिल मिचेल 14 गेंदों में 17 रन बनाकर आउट हुये। महेन्द्र सिंह धोनी ने आखिरी चार गेंदों में नाबाद 20 रन ठोकर टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचाया। चेन्नई की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 206 का स्कोर खड़ा किया।

मुम्बई की ओर से हार्दिक पंड्या ने दो विकेट लिये। गेराल्ड कोएत्जी, श्रेयस गोपाल एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# कोलकाता नाइट राइडर्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को आठ विकेट से हराया

कोलकाता, 14 अप्रेल। फिल सॉल्ट नाबाद(89) और कप्तान श्रेयस अय्यर की नाबाद(38) रनों की आतिशी पारियों की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने रविवार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 28वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को आठ विकेट से हरा दिया है।

162 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता की शुरुआत अच्छी नहीं रही और वह सलामी बल्लेबाज सुनील नारायण (6) और उसके बाद अंगकृष रघुवंशी (7) के विकेट गवां कर संकट में फंस गई थी। ऐसे समय में श्रेयस अय्यर ने फिल सॉल्ट के तीसरे विकेट लिये अविजित 120 रनों की साझेदारी करते हुए टीम को आठ विकेट से जीत दिला दी। फिल सॉल्ट ने 47 गेंदों में 14 चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद 89 रन बनाये। वहीं श्रेयस अय्यर ने 38 गेंदों में छह चौकों की मदद से नाबाद 38 रन बनाते हुए धैर्यपूर्ण पारी खेली। कोलकाता ने 15.4 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 162 रन बनाकर आठ विकेट से मुकाबला जीता।लखनऊ की ओर से केवल मोहसिन खान एकमात्र कामयाब गेंदबाज रहे उन्होंने दो बल्लेबाजों को आउट किया। कोलकाता की पांच मैचों में यह चौथी जीत है और वह अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

इससे पहले निकोलस पूरन (45) और कप्तान के एल राहुल (39) रनों की शानदार बल्लेबाजी के दम पर लखनऊ सुपर जायंट्स ने नाइट राइडर्स को जीत के लिए 162रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां ईडन गार्डंस में कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की शुरुआत खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (10) का विकेट गवां दिया। उसके बाद पांचवें ओवर में दीपक हुड्डा (4) भी पवेलियन लौट गये।

**फिल सॉल्ट और कप्तान श्रेयस अय्यर की आतिशी पारी**




उन्हें स्टार्क ने रमनदीप के हाथों कैच आउट कराया। संभल कर बल्लेबाजी कर रहे राहुल भी 11वें ओवर में सुनील नारायण का शिकार बन गये। राहुल ने 27 गेंदों में तीन चौके और दो छक्को की मदद से (39) रनों की पारी खेली। आयुष बदोनी ने दो चौके और एक छक्का लगाते हुए (29) बनाये। मार्कस स्टॉयनिस (10) रन बनाकर आउट हुये। निकोलस पूरन ने टीम के लिए 32 गेंदों में दो चौकों और चार छक्कों की मदद से सर्वाधिक 45 रन बनाये। उन्हें मिचेल स्टार्क ने आउट किया। अरशद खान पांच रन बनाकर आउट हुये। क्रुणाल पंड्या सात रन बनाकर नाबाद रहे। लखनऊ की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 161 रन का स्कोर खड़ा किया है।

कोलकाता की ओर से मिचेल स्टार्क ने तीन विकेट लिये। वैभव अरोड़ा ,सुनील निारायण, वरुण चक्रवर्ती और आंद्रे रसल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# 'यह सिर्फ कड़े अभ्यास का नजीता है'

### हेटमायर ने दबाव में छक्के लगाने के बारे में कहा




मुल्लांपुर, 14 अप्रेल। पंजाब किंग्स के खिलाफ 10 गेंद में नाबाद 27 रन की आक्रामक पारी खेल कर राजस्थान रॉयल्स को जीत दिलाने वाले बल्लेबाज शिमरोन हेटमायर ने कहा कि वह कड़े अभ्यास के कारण गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाने में सफल रहते हैं।

राजस्थान को आखिरी 14 गेंद में 30 रन की जरूरत थी तब हेटमायर और रोवमैन पोवेल (पांच गेंद में 11 रन) की वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों की जोड़ी ने आक्रामक बल्लेबाजी कर टीम को छह मैच में पांचवीं जीत दिलायी।

प्लेयर ऑफ द मैच' हेटमायर ने अपनी नाबाद पारी में एक चौका और तीन छक्के लगाये। पंजाब को आठ विकेट पर 147 रन पर रोकने के बाद राजस्थान ने 19.5 ओवर में सात विकेट पर 152 रन बनाकर अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। हेटमायर ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, " यह सिर्फ अभ्यास के कारण संभव है, मैं नेट सत्र पर यथासंभव (बड़े शॉट खेलने का) प्रयास करता हूं। मैं छक्के मारने की पूरी कोशिश करता हूं। मुझे खुशी है कि मैंने आज अपनी टीम की मदद की।"

राजस्थान को आखिरी ओवर में जीत के लिए 10 रन की जरूरत थी लेकिन अर्शदीप सिंह ने शुरुआती दो गेंद में एक भी रन नहीं दिया जिससे हेटमायर पर दबाव बढ़ गया था। उन्होंने कहा, "शुरुआती दो गेंद के बाद दबाव बन गया था लेकिन फिर मैंने गेंद को यथासंभव दूर मारने की कोशिश की।"

# आरसीबी को हराने के लिए असाधारण प्रदर्शन की जरूरत है : डेनियल विटोरी

बेंगलुरू, 14 अप्रेल। सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की आईपीएल में खराब शुरुआत को अधिक तवज्जो नहीं देते हुए कहा कि सोमवार को मेजबान को हराने के लिए उनकी टीम को 'असाधारण' प्रयास की जरूरत होगी। आरसीबी की टीम मौजूदा सत्र में छह मैचों में से सिर्फ एक जीतकर दो अंकों के साथ आईपीएल तालिका में 10वें स्थान पर है।

विटोरी ने रविवार को मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, "मुझे नहीं लगता कि कोई भी टीम आरसीबी के स्तर को कम आंकती है। वे एक बहुत अच्छी टीम हैं इसलिए उन्हें हराने के लिए हमें असाधारण प्रदर्शन की जरूरत होगी। प्रत्येक (आईपीएल) मैच कठिन है और विशेष रूप से जब आप घर से दूर खेल रहे हों।" विटोरी ने कहा कि आरसीबी ने अपनी पिछली हार से सबक सीखा होगा और घरेलू टीम सनराइजर्स को दबाव में डाल सकती है। उन्होंने कहा, "आरसीबी स्पष्ट रूप से पिछले मैचों में जो हुआ उससे सीखता रहेगा



और वे काफी आक्रामक होने जा रहे हैं। हम एक गेंदबाजी इकाई के रूप में काफी दबाव में होंगे क्योंकि वह काफी आक्रमक हैं।"

विटोरी ने कहा, "इसलिए हमें इसका मुकाबला करने के तरीके ढूंढने होंगे और फिर अपनी बल्लेबाजी फॉर्म को बरकरार रखना होगा जो वास्तव में अच्छा रहा है।" न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने कहा कि चिन्नास्वामी स्टेडियम में बड़े स्कोर को हल्के में लेना मूर्खता होगी। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि ज्यादातर टीमें यह सोचकर यहां आती हैं कि यह एक बड़े स्कोर वाला मैच होगा। मैंने शायद इस साल कुछ ऐसी सतहें देखी हैं जो थोड़ी धीमी हैं।" खिलाड़ी और कोच के रूप में लंबे समय तक आरसीबी से जुड़े रहे विटोरी ने कहा कि टीमें चिन्नास्वामी में स्कोर का पीछा करना पसंद करती हैं।

उन्होंने कहा, "हम समझते हैं कि गेंद शॉट खेलने के बाद यहां तेजी से जाती है और बाउंड्री छोटी हैं। इसलिए मुझे लगता है कि आपको विकेट लेने की कोशिश करने के लिए खुद को चुनौती देते रहना होगा क्योंकि कोई भी टीम अंतिम ओवरों में 60-70 रन बना सकती हैं।" विटोरी ने कहा, "मुझे पता है कि (यहां) कोई भी स्कोर सुरक्षित नहीं है और मुझे हमेशा ऐसा लगता है कि आप मैच में हैं, खासकर जब आप लक्ष्य का पीछा कर रहे हों। ज्यादातर टीमें यहां आएंगी और लक्ष्य का पीछा करने की कोशिश करेंगी क्योंकि उन्हें लगता है कि अंतिम ओवरों में खेलना आसान होता है।


## मोहन बागान की जर्सी में उतरी लखनऊ

कोलकाता, 14 अप्रेल। लखनऊ सुपर जाइंट्स की टीम इस मैच में अपनी रेगुलर जर्सी पहनकर नहीं उतरी। केएल राहुल की अगुवाई वाली टीम ने मरून-ठीन कॉम्बिनेशन की जर्सी पहनी। जर्सी का रंग लिजेंडरी फुटबॉल क्लब मोहन बागान की मरून और हरे रंग की जर्सी से प्रेरित है।

## इलाज के लिए मिचेल मार्श ऑस्ट्रेलिया लौटे

नयी दिल्ली, 14 अप्रेल। दिल्ली कैपिटल्स को हरफनमौला खिलाड़ी मिचेल मार्श के दाहिनी हैमस्ट्रिंग में चोट का इलाज कराने के लिए ऑस्ट्रेलिया लौटने से बड़ा झटका लगा है। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार मार्श को जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया का कप्तान बनाया जाना तय है। उन्हें दिल्ली टीम प्रबंधन के साथ परामर्श के बाद वापस बुला लिया गया। मौजूदा सत्र में हालांकि उनकी उपलब्धता पर अंतिम निर्णय लिया जाना बाकी है। मार्श ने दिल्ली की टीम के लिए पिछला मैच कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेला था। वह इसके बाद मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ टीम के पिछले दो मुकाबलों में नहीं खेल पाए थे। इस सत्र में मार्श का सर्वोच्च स्कोर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 23 रन रहा है। दिल्ली ने इस मैच को 12 रन से जीता था।

# चोटिल शिखर धवन आईपीएल से सात दिनों के लिए बाहर




मुल्लांपुर, 14 अप्रेल। पंजाब किंग्स के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन के कंधे में लगी चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से कम से कम सात दिनों के लिए बाहर हो गये है।

मुल्लांपुर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ रोमांचक मैच में पंजाब को मिली हार के बाद संवाददाता सम्मेलन में पंजाब किंग्स के कोच संजय बांगर ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा, उनके कंधे में चोट है। इसी कारण से वह कम से कम दो दिनों के लिए बाहर हो सकते हैं। शिखर एक अनुभवी सलामी बल्लेबाज हैं। साथ ही उनके पास ऐसी विकेटों पर खेलने का अच्छा अनुभव है। उनका टीम में होना हमारे लिए बहुत ही ज़्यादा महत्वपूर्ण है। अब हमें इंतेज़ार करना होगा और देखना होगा कि इलाज के बाद उन्हें ठीक होने में कितना समय लगता है। फिलहाल ऐसा लग रहा है कि वह कम से कम सात से दस दिनों के लिए मैदान से बाहर हो सकते हैं।

धवन की अनुपस्थिति में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पंजाब किंग्स टीम की कमान सैम करन के पास थी। जब करन टॉस करने आए तो यह थोड़ा सा चौंकाने वाला फैसला लगा था, क्योंकि जितेश शर्मा ने सत्र की शुरुआत से पहले चेन्नई में कप्तानों के सम्मेलन में भाग लिया था। एक सवाल के जवाब संजय ने कहा, नहीं.. नहीं..वह (जितेश) उप-कप्तान नहीं हैं। उन्होंने आईपीएल की शुरुआत में कप्तानों के सम्मेलन में भाग लिया था। इसी कारण से लोग उन्हें टीम का उपकप्तान मानने लगे थे। सैम ने पिछले वर्ष भी टीम का नेतृत्व किया था। लेकिन इस सत्र उन्हें भारत आने में देरी हो गई थी। इसी वजह से हम उन्हें चेन्नई नहीं भेज सके और उनकी जगह पर जितेश को भेजा गया। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं था कि जितेश कार्यवाहक कप्तान थे। हम बहुत स्पष्ट थे कि अगर आवश्यकता हुई तो सैम करन कप्तानी करेंगे

उल्लेखनीय है कि धवन ने आईपीएल 2024 में प्रदर्शन कुछ खास नहीं है। उन्होंने पांच पारियों में 30.40 की औसत और 125.61 की स्ट्राइक रेट के साथ 152 रन बनाए हैं। हालांकि एक बात यह भी है कि वह पंजाब किंग्स के लिए सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

# सर्वेश कुशारे ने कैलिफोर्निया में जीता ऊंची कूद का खिताब




कैलिफोर्निया, 14 अप्रेल। भारत के सर्वेश कुशारे ने ब्रायन क्ले इनविटेशनल 2024 में पुरुषों की ऊंची कूद का खिताब जीतकर अपने सीज़न की शानदार शुरुआत की है।

दक्षिणी कैलिफोर्निया के अजुसा पैसिफिक यूनिवर्सिटी में शनिवार को आयोजित ऊंची कूद प्रतियोगिता में सर्वेश कुशारे ने ग्रुप ए में 2.19 मीटर छलांग लगातार पहला स्थान हासिल किया। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2.27 मीटर है, जो उन्होंने 2022 के अंत में दर्ज किया था। वह हांगझोऊ में एशियन गेम्स में 2.26 मीटर के प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहे थे।

इस प्रतियोगिता में अमेरिका के एजे मैक्लोफ्लिन 2.08 मीटर की छलांग के साथ दूसरे स्थान पर रहे। तीसरा स्थान अमेरिकी कैस डोब्रोवोल्स्की, व्याट थिएल और कनाडा के एडेन ग्राउट के बीच साझा किया गया, जिन्होंने 2.03 मीटर की ऊंची कूद दर्ज की। टोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता निशाद कुमार ने भी इस स्पर्धा में 1.98 मीटर की छलांग के साथ कॉम कॉटन, स्काई सिसकारेली और ओवेन पेनिंगटन के साथ संयुक्त छठे स्थान पर रहे। वहीं पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा के ग्रुप बी में किसी भी एथलीट ने दो मीटर से ऊंची कूद नहीं लगाई। ऊंची कूद के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक तेजस्विन शंकर को भी इसमें शामिल किया गया था, लेकिन उन्होंने इस इवेंट में हिस्सा नहीं लिया।

पुरुषों की 1500 मीटर में, परवेज खान 3:38.76 के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ 12वें स्थान पर रहे, जिससे वह इस स्पर्धा के इतिहास में चौथे सबसे तेज भारतीय बन गए। उनका पिछला सर्वश्रेष्ठ 3:40.89 था।

1500 मीटर रेस को अमेरिका के कॉलिन साहलमैन ने 3:33.96 के समय के साथ जीती। नाथन ग्रीन 3:34.79 समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि क्रेग एंगेल्स ने 3:35.46 समय लेकर तीसरा स्थान हासिल किया।

## अंजू और हर्षिता ने रजत, मनीषा और अंतिम कुंडू ने जीता कांस्य पदक

बिश्केक 14 अप्रैल। भारत की महिला पहलवान अंजू और हर्षिता ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2024 के चौथे दिन क्रमशः महिलाओं के 53 किग्रा और 72 किग्रा में रजत पदक जीते वहीं मनीषा (महिलाओं के 62 किग्रा) और अंतिम कुंडू (महिलाओं के 65 किग्रा) ने भी प्रतियोगिता के चौथे दिन कांस्य पदक जीतकर पदकों की संख्या चार कर दी।

किर्गिस्तान के बिश्केक में रविवार को मिले इस पदकों के साथ ही भारत ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2024 में अब तक नौ पदक जीत लिये हैं। इससे पहले उदित और राधिका ने रजत पदक और अभिमन्यु, विक्की और शिवानी पवार ने कांस्य पदक हासिल किए हैं। महिलाओं के फ्रीस्टाइल वर्ग में आज पांच भारतीय पहलवानों ने प्रतिस्पर्धा में महिलाओं के 57 किग्रा में सरिता मोर पदक जीतने में असफल रहीं। अंडर-23 वर्ल्ड चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली अंजू ने महिलाओं के 53 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक मुकाबले में जी ह्यांग किम को 10-0 से हार का सामना करना पड़ा।

# मुक्केबाजी ओलंपिक क्वालीफायर के लिए अमित पंघाल की भारतीय टीम में वापसी

नई दिल्ली, 14 अप्रेल। वर्ल्ड चैंपियशिप के सिल्वर मेडलिस्ट अमित पंघाल की 25 मई से 2 जून तक बैंकॉक में होने वाली आखिरी ओलंपिक क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम में वापसी हुई है। भारतीय मुक्केबाज महासंघ ने पिछले क्वालीफायर में भाग लेने वाली भारतीय टीम में 6 बदलाव किए हैं।

भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने पिछले क्वालीफायर में भाग लेने वाली भारतीय टीम में छह बदलाव किये है। भारतीय मुक्केबाजों ने पिछले ओलंपिक क्वालीफाइंग प्रतियोगिता में निराशाजनक प्रदर्शन किया था, जिसमें सभी मुक्केबाज कोटा स्थान हासिल करने में असफल रहे थे। इसके बाद हाई परफार्मेंस निदेशक बर्नार्ड डन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

विदेशी कोच दिमित्री दिमित्रुक, सी.ए. कुट्टप्पा और धर्मेंद्र यादव की देखरेख में किये गये नवीनतम मूल्यांकन में 2023 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया (51 किग्रा) और मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) के साथ ही अनुभवी शिव थापा (63.5 किग्रा) और मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन लक्ष्य चाहर (80 किग्रा) टीम में जगह बनाने से चूक गए हैं। पंघाल ने 2022 राष्ट्रमंडल खेलों और 2024 स्ट्रैंड्जा मेमोरियल में स्वर्ण पदक जीता था। वह हालांकि मूल्यांकन में बार-बार भोरिया से पीछे रहे, इसलिए एशियाई खेलों और



पहले विश्व ओलंपिक क्वालीफायर में जगह नहीं बना पाये थे। भारत ने 2024 ओलंपिक के लिए अब तक चार कोटा स्थान हासिल कर लिए हैं, जिसमें निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा), परवीन हुड्डा (57 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) ने पिछले साल एशियाई खेलों में पेरिस का टिकट कटाया था।

# 'कांग्रेस ने ई.आर.सी.पी. का जिक्र किया, फिक्र नहीं'

## हमने तीन महीने में ही ई.आर.सी.पी. को लागू किया : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

■ "राजस्थान शक्ति-भक्ति की धरती, अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं।"

■ मु.मंत्री भजनलाल ने कहा कि, पिछली सरकार के दौरान पेपरलीक की घटनाओं से युवाओं के भविष्य पर बड़ा कुठाराघात हुआ।

डीग-कुम्हेर, 14 अप्रेल (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि. पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों ने भ्रष्टाचार और घोटाले करके जनता को छलने का काम किया है। जब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की कमान संभाली, विकास की रफ्तार दोगुनी हुई है और उनकी जनहितैषी योजनाओं से सभी वर्गों को अप्रत्याशित लाभ मिला है। गत 10 वर्षों में मोदी सरकार ने गरीब के कल्याण और उनकी सेवा के लिए पूर्ण समर्पण के साथ काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, प्रधानमंत्री ने हर घर में बिजली पहुंचाने और नल से जल देने का काम किया है। कांग्रेस ने ई.आर.सी.पी. पर केवल राजनीति की, जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने इस परियोजना का क्रियान्वयन करवाया। इस परियोजना से पूर्वी राजस्थान के 21 जिलों में पेयजल तथा 2 लाख 80 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई के लिए जल उपलब्ध हो पाएगा। इसके लिए जमीन अवाप्ति का कार्य भी शुरू कर दिया गया है।

भजनलाल शर्मा रविवार को डीग जिले के सीकरी में भाजपा प्रत्याशी रामस्वरूप कोली के समर्थन में आयोजित जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि, वर्ष 2014 से पहले देश को भ्रष्टाचार और आतंकवादी घटनाओं का आए दिन सामना करना पड़ता था। आतंकवादी बम फोड़ कर चले जाते थे, तो भी सरकार सोई रहती थी। मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद एक बार ही ऐसा दुस्साहस हुआ था, लेकिन हमारी सरकार ने दुश्मनों को घर में घुस कर ऐसा मारा कि वो दोबारा हिम्मत नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस सिर्फ गरीबी हटाओ का नारा देती थी, जबकि कांग्रेस का गरीब से कोई सरोकार नहीं है। कांग्रेस के एक प्रधानमंत्री तो कहा करते थे कि, सरकार एक रुपया भेजती थी, उसमें से गरीब तक केवल 15 पैसे ही पहुंचता था। तब गरीब के पैसे पर कटमनी लगती थी। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में परिस्थितियां पूरी तरह से बदल गई हैं। आज गरीब का पैसा गरीब के पास पूरी ईमानदारी से पहुंच रहा है। मोदी 100 रुपये भेजते हैं तो वो पूरे 100 रूपये ही गरीब के खाते में ही जाते हैं।

उन्होंने कहा कि, हमारी सरकार के गठन के 90 दिनों में ही संकल्प पत्र में किए गए 45 प्रतिशत वादे हमने पूरे किए हैं। संकल्प पत्र में किए गए प्रत्येक वादे को हमारी सरकार पूरा करेगी। हमारी सरकार ने किसान सम्मान निधि की राशि 6 हजार से बढ़ाकर 8 हजार करने का महत्वपूर्ण निर्णय भी किया हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, पेपरलीक होने से युवाओं के सपनों पर कुठाराघात हुआ है। हमारी सरकार के गठन के तुरंत बाद ही इन प्रकरणों की रोकथाम के लिए एस.आई.टी. का गठन किया गया। एस.आई.टी. द्वारा अब तक 85 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने आश्वस्त किया कि, जिन्होंने युवाओं के सपने तोड़े हैं और उनकी आंखों में आंसू लाए हैं, वे सभी जेल की सलाखों के पीछे होंगे। उन्होंने कहा कि, राजस्थान शक्ति-भक्ति की धरती है। यहां अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। गैंगवार को रोकने तथा राज्य के प्रत्येक नागरिक को सुरक्षा प्रदान करने की दृष्टि से गठित एंटी गैंगस्टर टॉस्क फोर्स के डर का यह आलम है कि, आज अपराधी राजस्थान आने से डरते हैं।

कुम्हेर में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्रीभजनलाल शर्मा ने कहा कि, लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी दलों का गठबंधन नहीं ये ठगबंधन है। ये सभी दल भ्रष्टाचार के गढ़ रहे हैं और भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए ये सब एक हो गए हैं। लेकिन कानून भ्रष्टाचारियों को सजा जरूर देगा। उन्होंने कहा कि, हमारी सरकार ने भरतपुर सहित पूर्वी राजस्थान के लिए ई.आर.सी.पी., शेखावाटी के लिए यमुना जल समझौता एवं उदयपुर में देवास परियोजना के माध्यम से प्रदेश की पानी की समस्या का समाधान किया है। उन्होंने कहा कि, भरतपुर व धौलपुर के जाट आरक्षण मामले में सरकार सकारात्मक प्रयास कर रही है और मंत्री स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि, इस क्षेत्र गिरिराज जी महाराज स्थल, महाराजा सूरजमल स्मारक, महाराजा खेमकरण स्मारक, डीग के गोवर्धन, बयाना का किला और रूपवास के महल को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को उनकी जयंती पर नमन करते कहा कि, बाबा साहब के अंत्योदय के विजन पर भारतीय जनता पार्टी समर्पण के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि, बाबा साहब ने देश को संविधान दिया, उनके इस अतुलनीय योगदान को सदैव याद रखा जाएगा। कुछ लोग आरक्षण पर भ्रम फैला रहे हैं। आरक्षण जारी रहेगा, इसे दुनिया की कोई भी ताकत नहीं हटा सकती। शर्मा ने भाजपा के संकल्प पत्र को मोदी की गांरटी बताया और कहा कि ये सभी पूरी होगी। इसमें गरीब कल्याण के लिए 3 करोड़ घर देने का संकल्प और 80 करोड़ से अधिक लोगों को फ्री राशन जारी रखने की घोषणा की गई है। साथ ही, 70 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों को आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख तक का निःशुल्क उपचार करने का संकल्प भी लिया गया है।

उन्होंने कहा कि, भाजपा राजस्थान में 2014 और 2019 की तरह ही इस बार भी 25 की 25 सीटें जीतेंगी। शर्मा ने प्रत्येक बूथ पर कमल का फूल खिलाने तथा हर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी को अधिक मतों से विजयी बनाने का आव्हान किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं आमजन मौजूद रहे।

## ईरान-इज़राइल युद्ध से क्रूड ऑयल महंगा होने की आशंका

नई दिल्ली, 14 अप्रेल। दुनिया में दो युद्ध पहले से ही चल रहे हैं और तीसरे युद्ध की आहट है। शनिवार और रविवार की दरम्यानी रात ईरान ने अचानक इज़राइल पर 350 मिसाइलें और ड्रोन दाग दिए। इस युद्ध के माहौल के बीच और सीरिया में एयर स्ट्राइक के बाद ही ब्रेंट की कीमत 90 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई।

इस मामले में जानकारों का कहना है कि, अगर इज़राइल और ईरान में आमने-सामने का युद्ध हो गया तो क्रूड ऑयल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से भी ऊपर पहुंच जाएंगी। वहीं इजरायल की मुद्रा भी टूटकर इस साल के निचले स्तर पर पहुंच गई है।

युद्ध के माहौल में बाजार की इस हलचल को लेकर चिंता होना हर देश के लिए लाजमी है। ईरान और इज़राइल के बीच तनाव बढ़ने का असर भारत में भी पड़ सकता है। भारत अपनी जरूरत का 80 फीसदी तेल बाहर से ही आयात करता है। इसमें अरब देशों की बड़ी हिस्सेदारी है। अगर तेल की कीमतें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती हैं तो निश्चित तौर पर भारत पर भी इसका असर पड़ेगा। वहीं तेल की कीमतें बढ़ने पर देश की विकास दर पर असर पड़ सकता है। इसके अलावा राजकोषीय घाटा बढ़ सकता है।

■ क्रूड ऑयल की कीमतें बहुत जल्द 90 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 100 डॉलर के पार पहुँचने की संभावना जताई जा रही है।

भारत का कहना है कि, इज़राइल और ईरान के बीच बढ़ रही दुश्मनी की वजह से आंचलिक शांति और सुरक्षा को खतरा है। भारत ने कहा कि, बातचीत के जरिए इस विवाद का हल निकालकर शांति बहाल करने की जरूरत है।

# हॉस्टल में भीषण आग लगी, सात स्टूडेंट घायल

## बिना फायर एन.ओ.सी. के चल रहा था, प्रशासन ने हॉस्टल का सीज़ किया

■ शुरुआती जाँच में सामने आया है कि, शॉर्ट सर्किट के कारण हॉस्टल में आग लगी।

कोटा, 14 अप्रेल (निसं)। कोटा में बिना फायर सेफ्टी के चल रहे एक हॉस्टल में आग लग गई। हादसे के समय अधिकांश स्टूडेंट्स सो रहे थे। कोलाहल के बाद सब जाग गए। डर के माहौल होने से कुछ स्टूडेंट ने ऊपर से कूद कर जान बचाई। इसके चलते एक स्टूडेंट चोटिल हो गया। अन्य कई कारणों से सात स्टूडेंट्स घायल हो गए। जिनका अस्पताल में इलाज जारी है।

शहर के कुन्हाड़ी थाना इलाके के लक्ष्मण विहार में स्थित एक हॉस्टल में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिसके चलते पूरे हॉस्टल में धुंआ फैल गया। इसके चलते हॉस्टल में रह रहे स्टूडेंट्स का दम घुटने लगा। ऐसे में ऊपर छत से कूदने, दम घुटने और झुलसने से सात स्टूडेंट्स घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर जिला कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी, पुलिस उपाधीक्षक राजेश सोनी, कुन्हाड़ी थानाधिकारी अरविंद भारद्वाज समेत भारी पुलिस जाप्ता भी मौके पर पहुंच गया था। नगर निगम की अग्निशमन अनुभाग के मुख्य अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास ने बताया कि, नरेश धाकड़ का लक्ष्मण विहार में आदर्श रेजिडेंसी जी प्लस हॉस्टल है। इसमें सुबह करीब 6.15 बजे ग्राउंड फ्लोर में रखे ट्रांसफार्मर और इलेक्ट्रिक पैनल्स में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। ग्राउंड फ्लोर में ही इलेक्ट्रिक पैनल और ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। इसकी जानकारी अग्निशमन अनुभाग को 6.30 बजे मिली। वे खुद 6.45 बजे मौके पर पहुंच गए।

इस बीच 4 दमकल भी आ गई थी लेकिन पूरे हॉस्टल में धुआं भरा हुआ था। नीचे के फ्लोर पर आग थी। ऐसे में ऊपर के कमरों में रहने वाले स्टूडेंट्स को निकालना मुश्किल था। पहले हॉस्टल के सामने की तरफ से दमकल की लैडर का उपयोग करते हुए बच्चों को निकाला गया। बाद में दमकल ने करीब 7.45 बजे पूरी आग पर काबू पा लिया। राकेश व्यास ने कहा कि, 7 बच्चों को अस्पताल भेजा गया है। सभी सात विद्यार्थी ऊपर से कूदने, झुलसने और धुंए से दम घुटने से जख्मी हुए हैं। शेष बच्चों को नजदीक के पार्क में एकत्रित करते हुए उनकी गणना की गई। राकेश व्यास का कहना है कि हॉस्टल के पास किसी तरह की कोई फायर एन.ओ.सी. नहीं है। हॉस्टल को पहले दो नोटिस भी दे दिए गए थे। इस संबंध में रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भी दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि, घटना के समय अधिकांश बच्चे सो रहे थे। लेकिन एक-दूसरे का कोलाहल सुनकर जाग गए। हॉस्टल में 60 बच्चे रह रहे थे। जिनमें डर का माहौल पैदा हो गया। कुछ बच्चों ने आग को बढ़ता देख ऊपर से ही कूद कर जान बचाना उचित समझा। इसके चलते एक बच्चा चोटिल हो गया। हालांकि गनीमत रही की कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि, बाद में दमकल मौके पर पहुंची और पहले इन बच्चों को सीढ़ियों के सहारे से नीचे उतारा गया। बाद में आग बुझाने का काम शुरू किया गया। घटनास्थल के आसपास रहने वाले प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग काफी दूर से ही नजर आ रही थी। घटना के दौरान बाहर मौजूद प्रत्यक्षदर्शी देवेंद्र वैष्णव का कहना है कि, हॉस्टल में ऊपर रहने वाले बच्चे भी काफी परेशान हो रहे थे। अंदर से लगातार वह कूदने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान तीसरी और चौथे फ्लोर से कुछ बच्चे नीचे कूदे। जो चोटिल हुए थे।

हॉस्टल में रह रहे छात्र आयुष का कहना है कि, पहले शॉर्ट सर्किट हुआ और फिर बाद में ट्रांसफॉर्मर में आग लग गई। हॉस्टल में रखे हुए इस ट्रांसफार्मर में विस्फोट भी हुआ। यह आग लगातार बढ़ रही थी। हॉस्टल में रुके हुए बिहार निवासी पेरेंट्स अजीत कुमार का कहना है कि, घटना सुबह जब हुई थी तब अधिकांश लोग हॉस्टल में सो रहे थे। जब एकाएक शोरगुल हुआ तब सब जागे व अफरातफरी मच गई। नीचे कूद रहे बच्चों को हमने काफी समझा कर रोका लेकिन वह नहीं माने। स्थानीय लोगों ने उनकी काफी मदद इस दौरान की। बाद में जब दमकल की टीम मौके पर पहुंची तब उन्होंने राहत की सांस ली। हॉस्टल में आग लगने के मामले में नगर निगम ने एक्शन लेते हुए हॉस्टल को सीज़ कर दिया है। साथ ही पुलिस ने हॉस्टल मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस मामले में कोटा सिटी एस.पी. डॉ. अमृता दुहन ने सख्त एक्शन लेकर एफ.एस.एल. टीम को मौके पर बुलाया और हॉस्टल से जांच पड़ताल के तथ्य एकत्रित करवाए गए हैं। दूसरी तरफ, नगर निगम की अग्निशमन अनुभाग ने भी इस हॉस्टल पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

संचालक को नोटिस देकर हॉस्टल खाली करवाया गया और उसके बाद उसे सीज़ कर दिया गया है। एसपी डॉ. दुहन का कहना है कि, हादसे में जनहानि भी हो सकती थी।

# 'प्र.मंत्री मोदी ने पूनिया से कहा था, आप चुनाव लड़ोंगे तो फिर राजस्थान में चुनाव कौन लड़वायेगा'

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सतीश पूनिया ने तब कहा कि, मैं आपके नेतृत्व में पूरे राजस्थान में पार्टी की अलख जगाऊंगा : राठौड़

■ राजेन्द्र राठौड़ ने पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सतीश पूनिया के पार्टी के प्रति समर्पण की जमकर तारीफ की।

जयपुर, 14 अप्रेल (का.सं.)। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने चूरू के राजगढ़ में भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में जनसभा को संबोधित करत हुये पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सतीश पूनिया के गुणों की जमकर तारीफ की।

चूरू के राजगढ़ में विधानसभा पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया की मौजूदगी में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा टिकटों को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संसदीय बोर्ड की बैठक चल रही थी तो उसमें सतीश पूनिया, राजेंद्र राठौड़ हम दोनों मौजूद थे, तो लोकसभा टिकट चर्चा को लेकर सतीश पूनिया और मेरा नाम आया तो प्रधानमंत्री ने बैठक में सतीश पूनिया की तरफ इशारा करते हुए कहा कि सतीश आप भी चुनाव लड़ोगे, राजेंद्र भी चुनाव लड़ेगा, तो फिर चुनाव लड़वायेगा कौन, सतीश पूनिया खड़े होते हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह कर कहते हैं कि मेरा नाम आप उम्मीदवारी से काटें, आपके नेतृत्व एवं निर्देश पर मैं राजस्थान में पार्टी के लिये अलख जगाऊंगा, पूरे राजस्थान में जाऊंगा, सतीश पूनिया बनने के लिए त्याग करना पड़ता है, इसलिए सतीश पूनिया को सतीश पूनिया कहते हैं, यही होता है समर्पण।

## 'घोषणा पत्र ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मुद्दा ही बदल दे रहे हैं। खरगे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने अपने कार्यकाल के दौरान कोई ऐसा बड़ा काम नहीं किया, जिससे देश की जनता, युवाओं और किसानों को फायदा हो।

गौरतलब है कि, प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को लोकसभा चुनाव के लिए गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं के सशक्तीकरण पर केंद्रित भाजपा का घोषणापत्र जारी किया। साथ ही इस बात पर बल दिया कि, जब दुनिया अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है तो भारत में पूर्ण बहुमत वाली स्थिर सरकार की आवश्यकता है।

खड़गे ने कहा कि युवा नौकरियों के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं, महंगाई के कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें आसमान छू रही हैं। लोग इससे परेशान हैं, लेकिन घोषणापत्र में इस पर कोई बात नहीं कर गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी ने पिछले 10 वर्षों में केवल बेरोजगारी और महंगाई बढ़ाई है। उन्होंने हिंदी में एक पोस्ट में प्रधानमंत्री से 14 सवाल भी पूछे।

# कन्हैया कुमार को पूर्वी दिल्ली तथा पूर्व मु.मंत्री चन्नी को जालंधर से टिकट

## लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने 10 उम्मीदवारों की 13वीं सूची जारी की

■ दिल्ली के अलावा पंजाब की 6 सीटों पर भी कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों का ऐलान किया है। अमृतसर सीट पर गुरजीत सिंह औजला, फतेहगढ़ साहिब से अमर सिंह, भटिंडा से जीत मोहिंदर सिंह सिद्धू, संगरूर से सुखपाल सिंह खैरा और पटियाला से डॉ. धर्मवीर गांधी को टिकट दिया गया है।

नई दिल्ली, 14 अप्रेल। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने 10 उम्मीदवारों की 13वीं सूची जारी की है। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने उत्तर पूर्वी दिल्ली से इस बार मनोज तिवारी के खिलाफ कन्हैया कुमार को उतार दिया है। कांग्रेस ने 13वीं लिस्ट में कुल 10 प्रत्याशियों का ऐलान किया है।

दिल्ली की चांदनी चौक सीट से जेपी अग्रवाल, उत्तर पूर्वी दिल्ली से कन्हैया कुमार, उत्तर पश्चिम दिल्ली से उदित राज को टिकट दिया गया है। इसके अलावा पंजाब की 6 सीटों पर भी कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों का ऐलान किया है। पंजाब की अमृतसर सीट पर गुरजीत सिंह औजला, जालंधर से पूर्व मु.मंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, फतेहगढ़ साहिब से अमर सिंह, भटिंडा से जीत मोहिंदर सिंह सिद्धू, संगरूर से सुखपाल सिंह खैरा और पटियाला से डॉ. धर्मवीर गांधी को टिकट दिया गया है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश की इलाहाबाद सीट पर उज्ज्वल रेवती रमन सिंह पर भरोसा जताया गया है।

बता दें कि बेगूसराय की सीट वामदलों के खाते में जाने के बाद से ही चर्चा थी कि कन्हैया कुमार को दिल्ली की किसी सीट से उतारा जा सकता है। वहीं बात करें उत्तर पूर्वी दिल्ली की तो मनोज तिवारी यहां पहले से भी सांसद हैं। वहीं दिल्ली की सात सीटों में से इस बार केवल इसी सीट पर भाजपा ने उम्मीदवार रिपीट किया है। ऐसे में यह सीट इंडिया गठबंधन के लिए भी अहम है। आपको बता दें कि कन्हैया कुमार 2019 में बेगूसराय की सीट पर भाकपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे लेकिन उन्हें हार नसीब हुई थी।

## सलमान खान ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

नहीं है। मीडिया में जो तस्वीरें सामने आई हैं, उनमें देखा जा सकता है कि सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर पुलिसकर्मी तैनात हैं।

मालूम हो कि सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग ऐसे समय हुई है जब उन्हें जान से मारने की धमकियां कई बार मिल चुकी हैं। इसी वजह से वह हमेशा कड़ी सिक्योरिटी में रहते हैं। पिछले साल मार्च में एक्टर के दफ्तर को एक ई-मेल भेजकर सलमान खान को धमकी दी गई थी। इसके बाद मुंबई पुलिस ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। बिश्नोई से धमकी मिलने के बाद सलमान की सुरक्षा बढ़ा दी गई। उन्हें महाराष्ट्र सरकार की तरफ से ...कैटेगरी की सुरक्षा मुहैया कराई गई। इससे पहले जून 2022 में सलमान और उनके पिता सलीम खान को धमकी भरा खत मिला था। इसमें लिखा गया था कि जो हाल सिद्धू मूसेवाला का हुआ वही हाल हम सलमान का करने वाले हैं।

## लॉरेंस विश्नोई ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

'गैलेक्सी अपार्टमेंट्स' के बाहर सुबह करीब पांच बजे दो व्यक्तियों ने चार गोलियां चलाई और भाग गए। सलमान का घर इसी अपार्टमेंट में है। पुलिस फिलहाल घर के आसपास लगे सी.सी.टी.वी. फुटेज खंगाल रही है।

अनमोल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है, "ॐ जय श्री राम, जय गुरुजी जम्भेश्वर, जय गुरु दयानंद सरस्वती, जय भारत। हम अमन चाहते हैं। जुल्म के खिलाफ फैसला अगर जंग से हो तो जंग ही सही। सलमान खान हमने ये तुम्हें सिर्फ ट्रेलर दिखाने के लिए किया है, ताकि तुम समझ जाओ हमारी ताकत को और मत परखो। यह पहली और आखरी वार्निंग है। इसके बाद गोलियां खाली घर पर नहीं चलेगी।"

## 'मोदीजी ने लॉटरी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

गारंटियां खोखली बाते हैं, झूठे वादे हैं।

प्रियंका ने कहा कि, भाजपा द्वारा जनता को धर्म के नाम पर, झूठे वादे करके, ध्यान बंटाने वाली बातें बोलकर बरगलाया जाएगा, लेकिन चुनना उसे है जो जनता के लिए काम कर सके और जालोर-सिरोही की तरक्की कर सके। उन्होंने आमजन से अपील की कि, 26 अप्रेल को सोच समझकर और जागरूक होकर जनता के कल्याण में काम करने वाली कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार वैभव गहलोत को वोट करना है।

प्रियंका ने कहा कि, राजस्थान में कांग्रेस सरकार चिरंजीवी योजना लाई थी, लाखों परिवारों ने इसका लाभ उठाया, लेकिन अब 25 लाख का मुफ्त इलाज कराने वाली योजना भाजपा सरकार ने बंद कर दी है और इसके कारण आमजन जनता इलाज से वंचित हो रही है। किसी को इलाज के लिए जमीन बेचनी पड़ रही है तो कोई कर्ज ले रहा है। उन्होंने कहा कि, भाजपा के शासन में महंगाई आसमान छू रही है, पेट्रोल डीजल, सिलेंडर के दाम बहुत ज्यादा हैं। जी.एस.टी. लगाकर खेती में काम आने वाली वस्तुएं महंगी कर दी हैं। उन्होंने कहा कि, लोकसभा चुनाव आते हैं तो मोदी जी को जनता परेशान नजर आती है, तब सिलेंडर की राशि कम कर राहत का झुनझुना पकड़ा दिया जाता है। अब सेना में रोजगार के नाम पर अग्निवीर योजना लाए हैं, जो देश के प्रति समर्पित नौजवानों के साथ खिलवाड़ कर रही है।

कांग्रेस महासचिव ने महिलाओं व युवाओं को लुभाने का भी प्रयास किया।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि, केन्द्र में हमारी सरकार बनी तो गरीब महिलाओं को सालाना एक लाख रुपये तथा सरकार भर्ती में 50 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण देंगे। आरक्षण पर लगी 50 प्रतिशत दीवार को तोड़ेंगे। जातिगत गिनती, आर्थिक सर्वे करवाने की बात कही। साथ ही गांधी ने दैनिक मजदूरी 400 रुपये व शहरी क्षेत्र में रोजगार गारंटी का वादा किया। साथ ही युवाओं को भर्ती का भरोसा देते हुए 30 लाख जॉब की गारंटी देती है। एम.एस.पी. की कानूनी गारंटी के साथ कृषि कर्ज मुक्ति के लिए आयोग के गठन किया जायेंगा।

इससे पूर्व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविद सिंह डोटासरा, पुर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत, राज्यसभा सांसद नीरज डांगी, भीनमाल विधायक डॉ समरजीतसिंह सहित कई वक्ताओं ने सम्बोधित कर कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत को विजयी बनाने का आव्हान किया।

कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत के समर्थन में आयोजित जनसभा में राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, राज्यसभा सांसद नीरज डांगी, विधायक समरजीत सिंह, रतन देवासी, मोतीराम कोली शामिल हुए। इनके अलावा संयम लोढ़ा, सुखराम बिश्नोई, हीरालाल बिश्नोई, लीलाराम गरासिया, सरोज चौधरी, रमीला मेघवाल, पुखराज पाराशर, भंवरलाल मेघवाल, आनंद जोशी, उम सिंह चांदराई, गंगाबेन गरासिया, लाल सिंह राठौड़, सवाराम पटेल, हेमसिंह शेखावत, लोकेंद्र सिंह कुम्पावत सहित वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सालासर दर्शन...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के नजदीक हादसे के शिकार हो गये।

पुलिस के अनुसार मृतक नीलम पत्नी मुकेश गोयल व आशुतोष पुत्र मुकेश गोयल मां बेटे हैं तथा मंजू पत्नी महेश बिंदल, हार्दिक पुत्र महेश बिंदल, स्वाति पत्नी हार्दिक बिंदल, दीक्षा और एक छोटी बच्ची जो कि हार्दिक की बेटियां हैं।

पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी है तथा परिजनों के पहुंचने के बाद सोमवार को मृतकों का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# वन नेशन वन इलैक्शन, 70 साल के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के महज 10 वर्षों के कार्यकाल के दौरान भारत ने पहली बार विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का गौरव प्राप्त किया। मोदी की अगली गारंटी यह है कि आगामी वर्षों में भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था तक लाया जाएगा।

पारदर्शी परीक्षाओं से लाखों को रोजगार मिला है। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी लागू होगी। हर नागरिक को अच्छी शिक्षा लागू होगी। युवाओं के लिए मोदी की गारंटी में वादा किया है कि इनवेस्टमेंट, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्टार्टअप, खेल, हाई वेल्यू सर्विस और पर्यटन के लिए नए मार्ग खुलेंगे।

भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र में वादा किया गया है कि बीज से बाजार तक किसानों की आय पर फोकस किया जाएगा। श्री अन्न को सुपर फूड में बदला जाएगा। नैनो यूरिया और प्राकृतिक खेती से जमीन की सुरक्षा की जाएगी। मछुआओं के लिए नाव का हीमा, सैटेलाइट द्वारा समय पर जानकारी को मजबूत किया जाएगा। सी वीड और मोदी की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

भाजपा ने मोदी की गारंटी में वादा किया है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की मुहिम को और सख्ती से लागू किया जाएगा। परफोर्म, रिफोर्म और ट्रांसफोर्स का मंत्र शासन के हर क्षेत्र में लागू किया जाएगा। वादा किया कि भारतीय न्याय संहिता भी लागू होगी। वन नेशन वन इलेक्शन और कॉमन इलेक्टोरल रोल की भी व्यवस्था आएगी।

## ईरान ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इजरायली रक्षा बलों और वायु रक्षा मुख्यालय को निशाना बनाते हुए दर्जनों रॉकेट दागे। स्थानीय समय के मुताबिक रविवार को 12:35 "ए.एम." पर 25 रॉकेट से हमला किया। ईरानी हमले के बाद से पूरे इज़राइल में सायरन की आवाज सुनी गई।

# अमेरिका और ब्रिटेन इजराइल के समर्थन में उतरे

## अमेरिका ने दावा किया है कि, अमेरिका ने इज़राइल के साथ मिलकर सभी हमलों को पूरी तरह नाकाम कर दिया है

■ इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के हमले के बाद कहा है कि, इज़रायल बहुत जल्द ईरान पर सीधे हमले की तैयारी कर रहा है। हमारी रक्षात्मक प्रणालियां तैनात हैं। हम रक्षात्मक और आक्रामक दोनों तरह से किसी भी स्थिति के लिए तैयार हैं।

■ अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन सारे काम छोड़कर इज़राइल के साथ होने की घोषणा कर दी है।

■ प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा है कि, हम इज़राइल के साथ खड़े अमेरिका के साथ-साथ ब्रिटेन, फ्रांस और कई अन्य देशों के समर्थन की सराहना करते हैं।

तेल अवीव/नई दिल्ली, 14 अप्रेल। इज़राइल पर हमले को बाद अमेरिका और ब्रिटेन जैसे ताकतवर मुल्कों ने नेतन्याहू को अपना समर्थन दिया है। आधी दुनिया ईरान पर भड़की हुई है। हालांकि ईरान ने इस अटैक को कुछ दिन पहले सीरिया पर उसके दूतावास पर हुए हमले का जवाब बताया है।

ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स ने कहा कि उसने रविवार इज़राइल पर दर्जनों ड्रोन और मिसाइलें लॉन्च कीं। ईरान के इस कदम की पहले से ही आशंका जताई जा रही थी और अब ईरान के अटैक के बाद दुनिया के सामने दुश्मनी का नया चैप्टर खुल गया है। फिलिस्तीनी आतंकियों के साथ ईरान संग नई दुश्मनी से इज़राइल बड़ी तैयारी कर रहा है।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के हमले पर कहा, "हाल के वर्षों में, और विशेष रूप से हाल के हफ्तों में, इज़रायल ईरान द्वारा सीधे हमले की तैयारी कर रहा है। हमारी रक्षात्मक प्रणालियां तैनात हैं। हम रक्षात्मक और आक्रामक दोनों तरह से किसी भी स्थिति के लिए तैयार हैं। इज़राइल काफी मजबूत राष्ट्र है और हमारे पास दुनिया की सर्वश्रेष्ठ आर्मी है।

उधर, हमले के बाद इज़राइल को अमेरिका और ब्रिटेन का समर्थन मिला है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन सारे काम छोड़कर इज़राइल के साथ होने की घोषणा कर चुके हैं। नेतन्याहू ने कहा हम इज़राइल के साथ खड़े अमेरिका के साथ-साथ ब्रिटेन, फ्रांस और कई अन्य देशों के समर्थन की सराहना करते हैं। हमने एक स्पष्ट सिद्धांत निर्धारित किया है। जो कोई भी हमें नुकसान पहुंचाएगा, हम उन्हें नुकसान पहुंचाएंगे। हम किसी भी खतरे से अपनी रक्षा करेंगे।

एक तरफ जो बाइडन की तरफ से बयान आया है कि अमेरिका और इज़राइल दोनों ने मिलकर ईरानी हमले को नाकाम कर दिया है। बाइडन ने कहा कि ईरान के सभी छोड़े गए ड्रोन नष्ट किए जा चुके हैं।

हालांकि इज़राइल को लगता है कि ईरान चुप नहीं रहने वाला है। इज़राइल के रक्षा मंत्री योआव गैलांट ने कहा कि उन्हें अभी भी ईज़ान की तरफ से हमले की आशंका है। इसलिए हम अलर्ट पर हैं। हमने अपनी सीमाएं और मजबूत कर ली हैं और आर्मी, एयरफोर्स को अलर्ट रखा है।

इज़राइल पर हमले के बाद ब्रिटेन समेत दुनिया के कई देशों ने ईरान की निंदा की है। ब्रिटिश प्रधान मंत्री ऋषि सुनक ने कहा, "मैं इज़राइल के खिलाफ ईरानी शासन के लापरवाह हमले की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। इन हमलों से तनाव बढ़ने और क्षेत्र को अस्थिर करने का खतरा है। ईरान ने एक बार फिर दिखाया है कि वह खुद ही अराजकता बोने का इरादा रखता है। कनाडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा, "कनाडा स्पष्ट रूप से इज़राइल के खिलाफ ईरान के हवाई हमलों की निंदा करता है। हम इज़राइल के साथ खड़े हैं। हमास के क्रूर 7 अक्टूबर के हमले का समर्थन करने के बाद, ईरान की ओर से यह अगला निंदकीय कार्य है। इसी तरह जर्मनी, फ्रांस, यूरोपीय काउंसिल, स्पेन, नीदरलैंड, डेनमार्क, नार्वे, चिली और मैक्सिको समेत कई देशों ने ईरान के इज़राइल पर हमले की कड़ी निंदा की है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः2386031, 2386032, फैक्सः0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्सः01562-256908